राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 114, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कूटरचित दस्तावेजों से 2.50 लाख में फर्जी FSSAI लाइसेंस! भैंसे के मांस की अवैध बिक्री का भंडाफोड़ ..02

स्वास्थ्य समीक्षा में ढिलाई पड़ी भारी, डीएम ने काटा वेतन..11

अरावली परिभाषाः सुप्रीम कोर्ट की रोक बरक़रार, एमिकस क्यूरी चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करेंगे

बेंगलुरु- अरावली पहाड़ियों की विवादास्पद नई परिभाषा से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (21 जनवरी) को सुनवाई करते हुए अपने 20 नवंबर के उस पुराने फैसले पर लगी रोक को जारी रखा है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश की गई थी. मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ कर रही है. इस मामले को लेकर अदालत ने कहा कि नई परिभाषा के संबंध में अभी भी कुछ स्पष्टीकरण आवश्यक हैं, तभी वह इस पर कोई निर्णय ले पाएगी. मुख्य न्यायाधीश ने कोर्ट के एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर को अरावली की परिभाषा के मुद्दे पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा है. बार एंड बेंच ने मुख्य न्यायाधीश के हवाले से कहा, 'हमने प्रख्यात पर्यावरणविदों, वन विशेषज्ञों आदि के नाम भी सुझाने को कहा है, ताकि एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके, जो सभी पहलुओं पर विचार करे और अदालत की सहायता करे. ऐसी समिति इस अदालत के सीधे नियंत्रण और पर्यवेक्षण में काम करेगी.' अदालत ने एमिकस क्यूरी को अरावली पहाड़ियों की परिभाषा पर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है. हालांकि, पीठ ने यह भी कहा कि वह अरावली पहाड़ियों से संबंधित इस मामले पर कोई नई याचिका स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि इससे कार्यवाही में बाधा उत्पन्न होती है. मुख्य न्यायाधीश ने अरावली पहाड़ियों में हो रहे अवैध खनन के ख़िलाफ़ सख्त कार्रवाई करने के अपने पूर्व रुख को दोहराते हुए इसे 'अपराध' करार दिया. उन्होंने इस संबंध में साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि इसके 'अपूर्णीय और दूरगामी' परिणाम होते हैं, जिन्हें बाद में सुधारना संभव नहीं होता।

वन बनाम अरावली?

पीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि वन और अरावली की परिभाषा के प्रश्न पर अलग-अलग विचार किया जाएगा. न्यायालय ने कहा कि ये दोनों मुद्दे अलग-अलग चिंताएं पैदा करते हैं और इन पर स्वतंत्र रूप से विचार करने की आवश्यकता होगी. हालांकि, यह कोर्ट के खुद के 1996 के उस आदेश के विपरीत है, जिसे अक्सर गोदावर्मन आदेश के नाम से जाना जाता है. इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि वनों को - केवल शब्दकोशीय अर्थ में नहीं बल्कि कार्यप्रणाली के आधार पर - संरक्षित किया जाना चाहिए, भले ही उन्हें आधिकारिक तौर पर वन के रूप में वर्गीकृत न किया गया हो. केरल की पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रकृति श्रीवास्तव के अनुसार, '1996 के गोदावर्मन आदेश में स्वामित्व की परवाह किए बिना, सरकारी अभिलेखों और शब्दकोशों के अर्थ के अनुसार वन भूमि की पहचान करने का निर्देश दिया गया था. इन वनों में अधिसूचित वन; अवर्गीकृत वन; माने गए वन; पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए), 1900 की धारा 4 और 5 के तहत अधिसूचित हरियाणा और राजस्थान की भूमि; और अरावली पहाड़ियों में स्थित

हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के 'गैर मुमकिन पहाड़' शामिल थे.' यहां 'गैर मुमकिन पहाड़' का मतलब भारतीय राजस्व अभिलेखों में, विशेष रूप से हरियाणा और राजस्थान में पथरीले और खड़ी ढलान वाले भूभाग के कारण कृषि के लिए अनुपयुक्त पहाड़ियों या पर्वतों के रूप में वर्गीकृत भूमि से है, जिन्हें वन के रूप में पहचाना जाता है. उल्लेखनीय है कि गोदावर्मन आदेश में अरावली पहाड़ियों में प्रचुर मात्रा में मौजूद सभी निम्नीकृत वनों की पहचान भी शामिल थी. भारतीय वन सेवा की पूर्व अधिकारी ने 16 जनवरी को 'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में लिखा था कि न्यायालय 'अपने ही आदेशों के साथ-साथ वन कानूनों के उल्लंघन को बढ़ावा दे रहा है.' उन्होंने इस संबंध में कहा है, 'यह अस्वीकार्य है कि अरावली पहाड़ियों को ऊंचाई के आधार पर परिभाषित किया जाए. यह भूलकर कि इसके वनों, धारा 4 और 5 के अंतर्गत अधिसूचित पीएलपीए भूमि और 'गैर मुमकिन पहाड़ों' की पहचान और संरक्षण पहले किया जाना चाहिए. यदि अरावली पहाड़ियों को 100 मीटर से अधिक की ऊंचाई के आधार पर परिभाषित करने का प्रयास किया जाता है, तो अरावली में स्थित हमारे वन इस परिभाषा के अंतर्गत आ जाएंगे और उनकी पहचान, सीमांकन, संरक्षण और अवस्था में सुधार करने के बजाय खनन के लिए उन्हें बेच दिया जाएगा।'

सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेश में क्या कहा गया था?

इससे पहले 29 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने पिछले आदेश (20 नवंबर का) पर रोक लगा दी थी, जिसमें अरावली पहाड़ियों की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था. यह परिभाषा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अदालत को सुझाई गई थी. हालांकि, पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों ने बताया था कि यह नई परिभाषा - जिसमें यह निर्दिष्ट किया गया था कि केवल 100 मीटर से अधिक ऊंची पहाड़ियां ही अरावली पहाड़ियों की श्रेणी में आएंगी - इस क्षेत्र के विशाल भूभाग को खनन के लिए खोल सकती है. इसके बाद बड़े पैमाने पर नागरिक विरोध प्रदर्शन हुए, खासकर राजस्थान में, जो अरावली पहाड़ियों का अधिकांश हिस्सा वाला राज्य है. विरोध प्रदर्शनों का स्वतः संज्ञान लेते हुए, न्यायालय ने 29 दिसंबर को अपने उस आदेश (जिसमें नई परिभाषा को स्वीकार किया गया था और जिसकी तिथि 20 नवंबर थी) को स्थगित कर दिया था. इस आदेश में न्यायालय ने निर्देश दिया था कि अरावली पर्वत श्रृंखला का अध्ययन और सर्वेक्षण करने के लिए एक नई समिति गठित की जाए. न्यायालय ने चिंता व्यक्त की थी कि उसके पिछले आदेश में स्वीकृत नई परिभाषा का 'गलत अर्थ' निकाला जा सकता है, जिससे उन क्षेत्रों में खनन को बढ़ावा मिल सकता है जिन्हें अरावली के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किया गया है. न्यायालय ने यह भी कहा था कि 21 जनवरी को मामले की पुनः सुनवाई होने तक अरावली के संबंध में कोई कार्रवाई न की जाए।

ख़बरों के अनुसार, न्यायालय ने कहा था कि कार्यान्वयन से पहले, निष्पक्ष, तटस्थ और स्वतंत्र विशेषज्ञ राय पर विचार किया जाना चाहिए ताकि निश्चित मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सके. कोर्ट का कहना था कि यह जांच करना आवश्यक है कि क्या अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की परिभाषा ने एक 'संरचनात्मक विरोधाभास' उत्पन्न किया है, और क्या इसने गैर-अरावली क्षेत्रों के दायरे को विपरीत रूप से विस्तारित किया है, जिससे अनियमित खनन जारी रखने में सुविधा हो रही है. पीठ ने यह भी कहा था कि कुछ अन्य पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है- जैसे कि क्या पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के गैप में विनियमित खनन की अनुमति दी जाएगी, और यदि हां, तो पारिस्थितिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए किन सटीक संरचनात्मक मापदंडों का उपयोग किया जाएगा. अदालत ने कहा था कि यह निर्धारित किया जाना चाहिए कि क्या यह चिंता तथ्यात्मक और वैज्ञानिक रूप से सही है कि 12,081 पहाड़ियों में से केवल 1,048 पहाड़ियां ही 100 मीटर की ऊंचाई की सीमा को पूरा करती हैं, और क्या भूवैज्ञानिक जांच आवश्यक है. इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि 'गैर-अरावली' पहाड़ियों में आने वाले क्षेत्रों की विस्तृत पहचान करनी होगी. सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर पहले बनी सभी समितियों की सिफारिशों का आकलन करने के लिए एक नई उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी दिया था।

किसी के बाप का है, जो बनने नहीं देंगे... राज ठाकरे को मंत्री अशोक चौधरी का जवाब, महाराष्ट्र में बिहार भवन पर रार

महाराष्ट्र में बिहार भवन बनाने के प्रस्ताव और राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के विरोध से देश की सियासत गरमा गई है. इस मुद्दे पर आरोप और प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. एमएनएस के विरोध के बाद अब बिहार के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी ने एमएनएस पर तीखा हमला बोला है. मीडिया से बात करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ये फालतू की बात है. घटिया लोग हैं. किसी के बाप का है, जो बनने नहीं देंगे. उन्होंने सवाल किया कि कैसे नहीं बनने देंगे? देश में किसी की जबरदस्ती नहीं चलेगी, नहीं बनने देंगे. क्या राजतंत्र है? राज ठाकरे महाराष्ट्र के राजा हैं? उन्होंने विरोध पर कहा कि यह फालतू का बात है. बिहार के लोग जो इलाज के लिए जाते हैं, उनके लिए यह बन रहा है. सभी स्टेट में भी बनेगा. किसी की ताकत नहीं की रोक दे।

एमएनएस ने 'बिहार भवन' बनने का किया विरोध

एमएनएस के नेता यशवंत किलेदार ने मंगलवार को कहा था कि उनकी पार्टी मुंबई में प्रस्तावित बिहार भवन के कंस्ट्रक्शन की इजाजत नहीं देगी. बिहार सरकार की खर्च की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए किलेदार ने कहा कि महाराष्ट्र इस समय खेती की तंगी, बढ़ती पढ़ाई की लागत, महंगाई और बेरोज़गारी जैसी कई चुनौतियों से जूझ रहा है. उन्होंने बिहार भवन प्रोजेक्ट पर 314 करोड़ रुपये खर्च करने के प्रस्ताव की आलोचना करते हुए कहा कि इस फंड का बेहतर इस्तेमाल बिहार में ही किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अगर बिहार से आने वाले कैंसर मरीजों के लिए पैसा खर्च किया जा रहा है, तो वह पैसा बिहार में खर्च किया जाना चाहिए. मुंबई में ऐसे प्रोजेक्ट का कोई मतलब नहीं है. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना उत्तर भारत के राज्यों से लोगों के बेवजह आने का कड़ा विरोध करने के लिए जानी जाती है. किलेदार ने दोहराया कि पार्टी इस प्रोजेक्ट का विरोध करती रहेगी. उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक एमएनएस यहां है, बिहार भवन नहीं बनेगा।

MNS के बयान की जदयू और भाजपा की आलोचना

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मनसे के विरोध पर तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि मनसे उपद्रवी एवं हुल्लड़बाजों की राजनीति करती है और अपने राजनीतिक फायदे के लिए संवेदनशील और सतही मुद्दों को उछालती रही है. बिहार भवन के निर्माण का फैसला महाराष्ट्र एवं बिहार सरकार की सहमति से हुआ है. किसी की गीदड़ भभकी से यह प्रोजेक्ट नहीं रूकेगा वहीं, भाजपा ने भी मनसे के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि यह संकीर्ण सोच एवं स्थानीय राजनीति का उदाहरण है. प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र का कहना है कि मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता है और यहां बिहार भवन का निर्माण होता है तो बिहार के श्रमिकों, छात्रों एवं कारोबारियों के लिए बहुत ही उपयोगी होगा।

314.20 करोड़ की लागत से बनेगा 'बिहार भवन'

दक्षिण मुंबई के एलफिंस्टन एस्टेट में बिहार भवन बनाने का प्रस्ताव है. इसे मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की जमीन पर बनाया जाएगा. बिहार भवन बनाने के लिए बिहार सरकार की ओर से 314.20 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है. यह 30 मंजिला भवन होगा. इसमें बिहार से इलाज कराने गए कैंसर मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए 240 बेड की डॉरमेट्री बनाने की बात कही गई है. बिहार फाउंडेशन (मुंबई) के अध्यक्ष कैसर खालिद का कहना है कि यह भवन बिहार में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने की योजनाओं के तहत बनाया जाएगा।

संक्षिप्त ख़बरें

धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ FIR की मांग, अंधविश्वास-भड़काऊ बयानों को लेकर DGP व कमिश्नर से शिकायत

दलित पिछड़ा समाज संगठन ने कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। संगठन का आरोप है कि धीरेन्द्र शास्त्री अंधविश्वास फैलाकर लोगों को मेडिकल साइंस से दूर कर रहे हैं और झूठे इलाज के प्रचार के कारण कई लोगों की जान खतरे में आ रही है। दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर यादव ने भोपाल में प्रेसवार्ता में बताया कि संगठन ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक और भोपाल पुलिस कमिश्नर को वीडियो सबूत के साथ लिखित शिकायत सौंपी है। उन्होंने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री सांप्रदायिकता और छुआछूत को बढ़ावा दे रहे हैं और समाज में भय और हिंसा फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। यादव ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस दो दिन के भीतर कार्रवाई नहीं करती है, तो संगठन हाईकोर्ट, जबलपुर के माध्यम से धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई कराने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मांग है कि धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ तुरंत FIR दर्ज की जाए और मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच हो, ताकि समाज में फैल रहे अंधविश्वास, हिंसा और भय पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

पुरानी रंजिश में दंपति से मारपीट

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर तीन महिलाओं ने दंपति के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीनों महिलाओं पर केस दर्ज कर कार्रवाई की। गांव निवासिनी पुष्पा पत्नी पूती सोनकर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव की ही तीन महिलाएं नेहा, काजल और पुष्पा पत्नी गुड्डू उसके घर में घुस आईं। गाली गलौज करते हुए तीनों ने उसके साथ मारपीट की। बचाव में पहुंचे पति पूती को भी मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पॉजिटिव सिग्नल, ट्रंप के बयान पर भारत की पहली प्रतिक्रिया, PM मोदी को बताया था खास दोस्त

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते रिश्तों पर बड़ी बात कही है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की थी. ट्रंप ने हमारे सहयोगी मनीकंट्रोल से खास बातचीत में कहा था कि वह पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं. इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ एक बेहतरीन ट्रेड डील होने की पूरी उम्मीद भी जताई थी. अश्विनी वैष्णव ने ट्रंप के इस बयान को बाजार और उद्योग जगत के लिए एक बेहद सकारात्मक संकेत बताया है. उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत बहुत स्थिर और सुसंगत चल रही है. विश्व आर्थिक मंच (WEF) की बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और विदेश मंत्री के नेतृत्व में व्यापारिक मुद्दों पर लगातार चर्चा हो रही है।

ट्रंप ने पीएम मोदी और भारत के बारे में आखिर क्या कहा?

डोनाल्ड ट्रंप ने मनीकंट्रोल की चंद्रा श्रीकांत से एक्सक्लूसिव बातचीत में पीएम मोदी के प्रति अपने गहरे सम्मान को स्पष्ट रूप से साझा

किया था. उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देश भविष्य में एक बहुत ही अच्छी व्यापारिक डील पर पहुंचेंगे. ट्रंप का यह रुख वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती ताकत और रणनीतिक महत्व का सीधा प्रमाण है. उनके इस सकारात्मक रुख को भविष्य के व्यापारिक रिश्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है. यह बयान दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रही व्यापारिक अनिश्चितता को कम करने में सहायक होगा।

दावोस में अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर क्या बड़ा अपडेट दिया है?

अश्विनी वैष्णव ने दावोस में कहा कि अमेरिका के साथ भारत का जुड़ाव हमेशा से बहुत सुसंगत बना हुआ है. पीयूष गोयल और विदेश मंत्री हर छोटे-बड़े जरूरी बिंदु पर अमेरिकी अधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं. भारत अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर ही किसी भी व्यापारिक समझौते को अंतिम रूप देना चाहता है. दावोस में भारतीय डेलिगेशन की बातों ने दुनिया भर के बड़े निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है. द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को लेकर भारत का पक्ष अब पहले से कहीं अधिक मजबूत और स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

ट्रंप की पीएम मोदी के प्रति यह सकारात्मक सोच भारतीय बाजार को कैसे प्रभावित करेगी?

अश्विनी वैष्णव के अनुसार ट्रंप के बयान से वैश्विक उद्योग जगत को एक बहुत ही स्पष्ट संदेश मिला है. इससे भारतीय शेयर बाजार और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों में भारत की नीतियों के प्रति भरोसा और ज्यादा बढ़ेगा. एक स्थायी ट्रेड डील होने से दोनों देशों के बीच नई तकनीक और निवेश का आदान-प्रदान काफी आसान होगा. आने वाले समय में भारत और अमेरिका की यह रणनीतिक दोस्ती आर्थिक मोर्चे पर नई ऊंचाइयों को छू सकती है. निवेशकों को उम्मीद है कि इस साझेदारी से भारत में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को बड़ी गति मिलेगी।

भाजपा पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही, यह समाजवादी आंदोलन के लिए खतराः अखिलेश यादव

लखनऊ- समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पूंजीवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पूंजीपतियों का बढ़ता प्रभाव समाजवादी आदर्शों के लिए एक ''गंभीर चुनौती'' है। उन्होंने कहा कि पूंजीवाद ने मीडिया पर नियंत्रण जमा लिया है और पत्रकारों से अपील की कि वे किसी का भी 'एजेंडा' न चलाएं। यादव, समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

जनेश्वर मिश्र को 'समाजवाद का विचारक' कहा जाता है - अखिलेश

यादव ने कहा, 'जब पूंजीपति हावी होते हैं, तो हम समाजवादियों के लिए यह चिंता

का विषय बन जाता कि समाजवादी आंदोलन कैसे आगे बढ़ेगा और हम जनेश्वर मिश्र जी, नेताजी (मुलायम सिंह यादव), बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और राम मनोहर लोहिया के आदर्शों को कैसे कायम रखेंगे।' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी लोग मिश्र को इसलिए याद करते हैं क्योंकि उन्होंने आंदोलन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी थी। उन्होंने कहा, 'हम उस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं जो जनेश्वर मिश्र जी ने हम सभी को सौंपा था।' जनेश्वर मिश्र को 'समाजवाद का विचारक' कहा जाता है और उन्हें उत्तर प्रदेश में समाजवादी राजनीति तथा जमीनी आंदोलनों के प्रति आजीवन समर्पण के लिए याद किया जाता है।

'नोएडा में इंजीनियर की मौत सरकार की लापरवाही से हुई'

नोएडा में हाल में हुई सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत से जुड़े सवाल पर यादव ने कहा, 'मुद्दा यह नहीं है कि इंजीनियर पहले किसी पार्टी में गया था, बल्कि यह है कि घटना के बाद सरकार और उसके विभाग उसकी जान बचाने में क्यों नाकाम रहे।'' एक संवाददाता के इस दावे कि मेहता गुरुग्राम में कथित तौर पर एक पार्टी में गए थे और दुर्घटना से पहले शराब के नशे में थे, इस पर यादव ने कहा कि असली सवाल यह है कि दुर्घटना के बाद क्या हुआ और अधिकारी मौके पर पहुंचने के बावजूद उन्हें क्यों नहीं बचा पाए। यादव ने कहा, ''ऐसा सुनने में आ रहा है कि पानी बहुत ठंडा होने के कारण कोई भी उनकी जान बचाने के लिए आगे नहीं आया। अगर उनकी जान गई, तो यह सरकार की लापरवाही की वजह से हुआ।''

किस नेता या मंत्री के बेटे को बचा रही पुलिस? पटना NEET छात्रा मौत पर अब सियासी भूचाल, पप्पू यादव ने उठाया सवाल

पटना- NEET छात्रा के मामले में संवैधानिक पद पर आसीन किस नेता का पुत्र,मंत्री पुत्र संलिप्त है? किसे बचाने के लिए बिहार पुलिस सारी सीमा का अतिक्रमण कर रही है,पीड़िता बेटी के परिजनों को कलंकित कर रही है? पटना में सेक्स रैकेट में शामिल माफियाओं को कौन संरक्षण दे रहा है? हम नहीं छोड़ेंगे... पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट छात्रा की संदिग्ध मौत पर इन्हीं शब्दो के साथ पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आक्रामक रुख अपनाया है. उन्होंने खुलकर आरोप लगाया है कि नीट छात्रा मौत मामले में किसी प्रभावशाली नेता या मंत्री का पुत्र शामिल हो सकता है. सांसद का कहना है कि उसी को बचाने के लिए बिहार पुलिस अपनी सारी सीमाएं लांघ रही है और पीड़िता के परिजनों को बदनाम किया जा रहा है।

सांसद के ट्वीट से बढ़ी हलचल

गुरुवार को पप्पू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक तीखा ट्वीट किया. उन्होंने सवाल उठाया कि संवैधानिक पद पर बैठे किस नेता या मंत्री का पुत्र इस मामले में संलिप्त है. उन्होंने यह भी पूछा कि पटना में चल रहे कथित सेक्स रैकेट से जुड़े माफियाओं को आखिर कौन संरक्षण दे रहा है. ट्वीट में साफ कहा गया कि वे इस मामले को छोड़ने वाले नहीं हैं।

शंभू हॉस्टल के मालिक पर सवाल

सांसद ने हॉस्टल मालिक मनीष रंजन को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं. उनका आरोप है कि पुलिस ने जल्दबाजी में हॉस्टल मालिक को जेल भेज दिया ताकि असली गुनहगार तक बात न पहुंचे. पप्पू यादव ने मांग की है कि मनीष रंजन को पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

अस्पताल की भूमिका पर भी संदेह

मामले में प्रभात मेमोरियल अस्पताल की भूमिका भी सवालों के घेरे में है. पप्पू यादव छात्रा को वहां ले जाया गया था. सांसद का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों ने इलाज के दौरान छात्रा की वास्तविक स्थिति की सही जानकारी पुलिस को नहीं दी. उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कई अहम बातें सामने आई, जिससे शुरुआती जांच पर संदेह और गहरा गया।

घटना का विवरण

पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके में शंभू गर्ल्स हॉस्टल में 9 जनवरी को छात्रा बेहोश मिली. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया. वह कई दिनों तक कोमा में रही और 11 जनवरी को एक प्राइवेट अस्पताल में उसकी मौत हो गई. शुरुआत में पुलिस ने इसे सुसाइड बताया. कहा गया कि छात्रा ने ज्यादा स्लीपिंग पिल्स ली थीं और टाइफाइड से पीड़ित थी. लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सेक्सुअल वायलेंस की संभावना नहीं खारिज की गई. परिवार ने रेप और मर्डर का आरोप लगाया. उनका कहना है कि पुलिस ने मामले को दबाने की कोशिश की।

परिवार के आरोप

मृतक छात्रा के परिवार ने पुलिस पर कवर-अप का इल्जाम लगाया है. उन्होंने कहा कि छात्रा को सेक्सुअल असॉल्ट किया गया और सबूत मिटाने की साजिश हुई. हॉस्टल ओनर मनीष रंजन को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है. लेकिन परिवार सीबीआई जांच की मांग कर रहा है. उनका कहना है कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं है. पोस्टमॉर्टम में सेक्सुअल वायलेंस के संकेत मिले हैं जो पुलिस की शुरुआती थ्योरी पर सवाल उठाते हैं।

पुलिस का पक्ष और जांच की स्थिति

पटना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है. पुलिस के अनुसार अब तक किसी मंत्री या नेता पुत्र की संलिप्तता के ठोस सबूत सामने नहीं आए हैं. पुलिस यह भी स्पष्ट कर चुकी है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. हालांकि विपक्ष इन दावों से संतुष्ट नहीं दिख रहा।

गर्ल्स हॉस्टलों के लिए हेल्पलाइन

इस पूरे विवाद के बीच पप्पू यादव ने एक नई पहल भी की है. उन्होंने बिहार के गर्ल्स हॉस्टलों में रहने वाली छात्राओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. सांसद ने छात्राओं से अपील की है कि किसी भी तरह की परेशानी या दबाव की स्थिति में वे बिना डरे संपर्क करें. उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे खुद सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

सियासत बनाम इंसाफ की मांग

नीट छात्रा की मौत अब कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और राजनीतिक संरक्षण जैसे बड़े सवाल खड़े कर रही है. एक ओर पुलिस निष्पक्ष जांच का दावा कर रही है, तो दूसरी ओर विपक्ष इसे सत्ता संरक्षित अपराध बता रहा है. आने वाले दिनों में जांच की दिशा और रिपोर्ट ही तय करेगी कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रहेगा या किसी बड़े खुलासे तक पहुंचेगा।

इंजीनियर युवराज मौत मामले में बड़ा एक्शन, पुलिस ने दो और बिल्डर को किया गिरफ्तार

नोएडा- उत्तर प्रदेश में नोएडा पुलिस ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मृत्यु की जांच के संबंध में बृहस्पतिवार को और दो बिल्डर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार सेक्टर 150 में पानी से भरी एक खाई में गिर गई थी और पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हुई थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने 5 बिल्डर के खिलाफ कल केस दर्ज किया था। एक पुलिस अधिकारी ने

बताया, 'गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान रवि बंसल और सचिन कर्नवाल के रूप में हुई है।' गुरुग्राम में कार्यरत 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता 16 जनवरी की रात सेक्टर 150 में अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार एक निर्माण स्थल के पास पानी से भरी खाई में गिर गई थी और उनकी मृत्यु हो गई थी।

युवराज मेहता के पिता की तहरीर पर नॉलेज पार्क थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं-- 105, 106 और 125 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इससे पूर्व पुलिस ने इस मामले में एमजेड विजटाउन प्लानर्स के निदेशक अभय कुमार को गिरफ्तार किया था।

संक्षिप्त खबरें

बस्ती मे कार, थार की टक्कर, बाल बाल बंचे लोग

बस्ती। बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के अनदेउरा चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ब्रेजा कार और थार वाहन P51B M8384 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लेनो कार रुधौली से बस्ती की ओर जा रही थी, जिसमें उत्कर्ष,अभय सोनी पुत्र महेश सोनी तथा दुर्गेश यादव सहित अन्य लोग सवार थे। इसी दौरान बस्ती की ओर से आ रही थार गाड़ी, जिसे निर्मल वर्मा पुत्र करमचंद वर्मा चला रहे थे, अनदेउरा चौराहे पर ब्लेनो से टकरा गई। हादसे में जहां ब्रेजा कार सवारों को चोटें आने की आशंका जताई जा रही है, वहीं थार चालक निर्मल वर्मा बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारु कराया। पुलिस द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

नोटिस सुनवाई प्रक्रिया का डीएम ने किया निरीक्षण

बलरामपुर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत दावे एवं आपत्तियां तथा नोटिस सुनवाई चरण की प्रक्रिया का जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को निरीक्षण किया। यह निरीक्षण तहसील सदर सभागार में विधानसभा बलरामपुर से संबंधित नोटिसों की सुनवाई के दौरान किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रकरण में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरशः पालन किया जाना आवश्यक है, जिससे मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके। जिलाधिकारी ने सुनवाई से जुड़े अभिलेखों की भी जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी दावे एवं आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

उधार सामान देने से मना करने पर दुकानदार से मारपीट

ललितपुर। पिसनारी बाग निवासी रामेश्वर कुशवाहा पुत्र स्व.खज्जू प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 19 जनवरी को रात करीब 9 बजे वह सिद्दंन रोड स्थित रामराजा गार्डन के पास अपनी किराने की दुकान पर बैठा था। तभी नेहरू नगर निवासी साहिल यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आया और किराने का सामान मांगने लगा। जब दुकानदार ने उससे पुराने पैसे पहले देने और फिर सामान लेने की बात कही तो साहिल ने आग बबूला होकर अपने साथियों के साथ एक राय होकर गालियां देते हुए मारपीट कर दी, जब वह बचकर भागने लगा तो साहिल ने हाथ में लिये लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे व सीने में चोटें आयीं और उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

ससुरालियों पर गर्भावस्था में घर से निकालने का आरोप

ललितपुर। चौका बाग निवासी लक्ष्मी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी विशाल से हुयी थी। शादी के बाद से पति समेत अन्य ससुरालियों द्वारा उसे किसी न किसी बात को लेकर प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि दो-तीन वर्ष पहले ससुरालियों ने उसे गालियां देते हुए घर से निकाल दिया था, जिसके पहले वह गर्भवती भी थी। मामले को लेकर कोतवाली समेत कई आलाधिकारियों को शिकायती पत्र दिया, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पीड़िता ने मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

कप्तानगंज नगर पंचायत में 7 ओपन जिम स्थापित, पार्क निर्माणाधीन, युवाओं के लिए शीघ्र बनेगा मिनी स्टेडियम- अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चौधरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। आदर्श नगर पंचायत कप्तानगंज के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चौधरी ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर नगर पंचायत वासियों एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत में कराए गए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत कप्तानगंज को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधायुक्त नगरीय क्षेत्र के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता है और इसी दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अब तक 7 ओपन जिम स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिल रहा है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत में पार्क का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो शीघ्र ही पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। पार्क के निर्माण से नगरवासियों को सुबह-शाम टहलने, बच्चों के खेलने और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे स्वच्छता अभियान को मजबूती मिली है। नियमित रूप से कूड़ा उठान, सफाई कर्मियों की तैनाती और जन-जागरूकता के माध्यम से स्वच्छ नगर की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है, जिससे रात के समय प्रकाश की समस्या दूर हुई है और सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। अध्यक्ष ने बताया कि नगर पंचायत में आवास योजना, सामुदायिक शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में युवाओं के लिए एक मिनी स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही है। मिनी स्टेडियम के निर्माण से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलेगी।

चन्द्र प्रकाश चौधरी ने यह भी कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में यदि किसी भी परिवार पर कोई आपदा आती है तो नगर पंचायत की ओर से समुचित आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुख में नगर पंचायत सदैव साथ खड़ी रहेगी। उनका प्रयास है कि नगर पंचायत की जनता खुशहाल रहे और उन्हें सभी आवश्यक नगरीय सुविधाएं समय पर मिलें। इस अवसर पर अध्यक्ष ने नगर पंचायत के सभी सदस्यों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी आवास योजना के आवेदक से किसी प्रकार का सुविधा शुल्क न लिया जाए। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है और पारदर्शी व्यवस्था ही उनकी पहचान है

अध्यक्ष ने नगर पंचायत वासियों से अपील की कि यदि किसी भी व्यक्ति को नगर पंचायत से संबंधित कोई समस्या हो तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उसका त्वरित समाधान कराया जाएगा। अंत में उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से कप्तानगंज नगर पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को कोशाम 06.00 बजे कंपनी बाग चौराहा से लेकर तिरंगा झंडा चौराहा ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेंगा

● जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि एक वृहद हवाई हमले से बचाव हेतु इस मॉकड्रिल का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, ''उत्तर प्रदेश दिवस-2026'' और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को सायंकाल 06.00 बजे शहर में कंपनी बाग चौराहा से लेकर तिरंगा झंडा चौराहा ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि एक वृहद हवाई हमले से बचाव हेतु इस मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) की तैयारियों को परखना है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास में सहयोग प्रदान करें। यह अभ्यास जनसुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी के लिए है। उन्होने बताया कि उक्त मॉकड्रिल दिनांक 23.01.2026 को सायंकाल 06.00 बजे से 06.30 तक प्रभावी रहेगी। उन्होने नागरिको से अपेक्षा किया है कि निर्धारित समय में अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों की सभी बाहरी एवं भीतरी लाइटें पूर्णतः बंद रखें। बालकनी, छत एवं खिड़कियों से किसी भी प्रकार का प्रकाश बाहर न जाने दें। अनावश्यक वाहन आवागमन से बचें केवल अत्यंत आपातकाल में ही यात्रा करें। वाहन चलाते समय हेडलाइट या तेज प्रकाश का प्रयोग न करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यह केवल एक मॉकड्रिल है, अतः घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रभारी उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ने बताया कि चेतावनी सायरन शाम 6.00 बजे हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक उतार-चढ़ाव वाली तेज आवाज में सायरन बजाया जाएगा, ब्लैकआउट सायरन बजते ही निर्धारित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद कर पूर्णतः ब्लैकआउट किया जाएगा, नागरिक सुरक्षा अभ्यास सायरन सुनकर नागरिकों से सुरक्षित स्थानों या शेल्टरों में शरण लेने का अभ्यास कराया जाएगा एवं राहत कार्य हमले के काल्पनिक परिदृश्य के बाद स्वयंसेवकों और फायर सर्विस द्वारा आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने और मलबे से लोगों को निकालने का अभ्यास किया जाएगा तथा ऑल क्लियर सायरन खतरा समाप्त होने पर 2 मिनट तक एक समान ऊंची आवाज में सायरन बजाया जाएगा, जिसके बाद जनजीवन सामान्य होगा।

जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर बलिया में सपा का श्रद्धांजलि कार्यक्रम, विधायक बोले— मौजूदा सरकार में समाजवाद का सपना टूटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया। समाजवादी आंदोलन के प्रमुख स्तंभ और 'छोटे लोहिया' के नाम से विख्यात स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को बलिया में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वन बिहार स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फेफना विधायक एवं सपा जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन की आत्मा थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में सादगी, ईमानदारी और सरलता को आत्मसात किए रखा। उनका सपना एक ऐसे समाज का था, जहां हर व्यक्ति को सम्मान और रोजगार मिले। संग्राम सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र देश में खुशहाली और समाजवाद की स्थापना चाहते थे, लेकिन मौजूदा सरकार में आम जनता का यह सपना टूट गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, जिससे बच्चे, युवा और हर वर्ग परेशान है। विधायक ने चिंता जताते हुए कहा कि देश की स्थिति पहले कभी इतनी खराब नहीं रही। कई मामलों में हम बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे चले गए हैं। उन्होंने कहा कि लोहिया जी और जनेश्वर मिश्र ने जिस समतामूलक और खुशहाल देश का सपना देखा था, वह वर्तमान सरकार में चकनाचूर हो गया है। कार्यक्रम में मौजूद अन्य समाजवादी नेताओं ने भी स्व. जनेश्वर मिश्र के विचारों को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा कहते थे कि गरीबों के आंसू पोंछना ही सच्चा समाजवाद है। उन्होंने अन्याय, शोषण, अत्याचार, भेदभाव, छुआछूत और पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। श्रद्धांजलि सभा में अनिल राय, जमाल आलम, राज कुमार पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में समाजवादी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंडूलघाट स्थिति मनोरमा तट पर मनोरमा सफाई हेतु आहूत बैठक उपरान्त लोगों ने लिया संकल्प

●नदियां रहेंगी दूषित तो समाज रहेगा कुपोषित - चन्द्रमणि पाण्डेय

मनोरमा सफाई की रणनीति तय करने हेतु कप्तानगंज विधानसभा के पंडूलघाट में बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा व विनोद चौधरी के नेतृत्व में आज कप्तानगंज विधानसभा के पंडूलघाट में मनोरमा सफाई हेतु रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, किसान, मजदूर सभी ने सहभाग किया मनोरमा सफाई हेतु समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी ने एक स्वर में तन मन धन से सहयोग का आश्वासन दिया कार्यक्रम के संयोजक जिलापंचायत सदस्य कप्तानगंज विनोद चौधरी ने कहा कि सुदामा जी ने बीते तीन दशकों में जनहित के अनेक ऐसी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया है जो कि असंभव प्रतीत होता था ऐसे में आपके द्वारा मनोरमा सफाई का बीडा उठायें जाने से हम सबको विश्वास है कि अब मनोरमा अविरल निर्मल निश्चित होगी, शिक्षाविद डा.अरविन्द मिश्र ने कहा कि सुदामा जी ने आज के दो दशक पूर्व बेसिक शिक्षा सचिव से मिलकर पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों के मान्यता रिनिवल को समाप्त कराते हुए शिक्षा क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है शिक्षाविद अशोक मिश्र ने कहा कि 2020 में की गुना बढ़ायें गये प्राथमिक व जूनियर स्कूलों के मान्यता प्रत्यावेदन शुल्क को बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी से मिलकर अपने वापस कराया ही 550% प्रस्तावित स्टाम्प ड्यूटी शुल्क को भी वापस कराया निश्चित रूप से जनसेवा आप कर रहे हैं आपके मुहिम में जन जन को सहभाग सुनिश्चित करना चाहिए स्वास्थ्य सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रेम त्रिपाठी ने कहा कि सेवा का कोई ऐसा क्षेत्र है ही नहीं जहां सुदामा जी का योगदान न हो टूटे अमहट पुल निर्माण के शुरू होने तक लगातार अपने 23 दिनों तक आमरण अनशन किया, इलाहाबाद बैंक में जमाकर्ताओं के फंसे करोड़ों रूपए को वापस दिलाया, विक्रमजोत के तटबंध विहीन गांवों में अपूर्ण तटबंध का निर्माण पूर्ण कराया राम-जानकी तिराहा छावनी पर अण्डरपास निर्माण सुनिश्चित कराया निश्चित बिना पद आपकी उपलब्धियों की श्रंखला इतना लम्बी है कि गिनाया नहीं जा सकता पूर्व सैनिक डीएम

त्रिपाठी ने कहा कि सुदामा जैसे सौ लोग जिले में हों तो जिले की तस्वीर बदल जाये कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि मनोरमा की सफाई की प्रेरणा हमें पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी से मिली उन्होंने नदियों को आपस में जोड़कर सूखा व बाढ पर नियंत्रण की रूपरेखा रखी थी ऐसे में 2014-15 से मैं घाघरा को मनोरमा से जोड़ने व मनोरमा की सफाई हेतु पत्राचार व ज्ञापन सौंप रहा हूं 2018 में हमने मखभूमि मखौड़ा में आमरण अनशन किया फलतः मखौड़ा में सूबे के मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्यनाथ जी ने आकर मनोरमा सफाई का ऐलान किया व तत्कालीन जिलाधिकारी राजशेखर व प्रियंका निरंजन द्वारा नदी सफाई अभियान शुरू करने के बाद जनपद में कुछ स्थानों पर वीडीयो,सीडीयो, प्रधान, प्रमुख व स्वंयसेवी संगठनों ने आंशिक रूप से मनोरमा साफ तो किया किन्तु जहां पूरी नदी साफ नहीं हुई वहीं जहां कुछ हुई भी वहां भी बीते दो वर्षों से मलिनता व्याप्त है कारण कही कूड़ा-करकट का निस्तारण हो रहा है तो कहीं दूषित जल छोड़ा जा रहा है यहां तक कि तमाम स्थानों पर नदी की सीमा में अतिक्रमण कर लिया गया है नदी तट पर दर्जनों स्थानों पर मांस मछली की दुकान लग रही है मनोरमा की इस दुर्दशा का जिम्मेदार कोई एक नहीं अपितु अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता सम्लित रूप से है जबकि जब तक हमारी नदियां दूषित रहेंगी समाज कुपोषित रहेगा समाज को स्वस्थ बनाने हेतु हमें राम रेखा हो या मनोरमा सभी नदियों को स्वच्छ बनाना होगा हमने इसके लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दाखिल किया किन्तु कोर्ट ने मनोरमा को गंदगी युक्त नहीं माना ऐसे में हम जनता के मध्य आयें है आप तय करें मनोरमा गंदी हो चुकी है या नहीं ध्यान रहे मनोरमा व राम रेखा की सफाई से क्षेत्र का विकास व पहचान सुनिश्चित होगा ऐसे में हम सबको सम्लित रूप से आवाज बुलंद करते हुए जिम्मेदारों को जगाना होगा सभी ने एक स्वर में नदी तट पर खड़े होकर संकल्प लिया कि हम मनोरमा सफाई हेतु जिम्मेदारों को जगाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे इस मौके पर नितेश शर्मा,शुभम, शर्मा, गिरजेश पटेल,राहुल पटेल, सत्यनारायण शुक्ल, धर्मेंद्र चौधरी, नीलेश गौतम,ओम प्रकाश मौर्या, चन्द्रप्रकाश चौधरी सहित हजारों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

25 जनवरी 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जायेंगा, 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जायेंगा। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'My India, My Vote' जिसकी तैयारी बैठक कलेक्टेऊट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होने कहा कि जनपद एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाय। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं द्वारा शपथ ली जानी है। उन्होने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिको, दिव्यांगजन, ट्रांसजेण्डर तथा अन्य वर्गो के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाये। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस आयोजन में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल-कालेजो में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, आनलाइन प्रतियोगिता गतिविधियों आदि का आयोजन किया जाय तथा विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाय। उन्होने यह भी कहा कि मतदाता दिवस समारोह में नये मतदाताओ को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाय। प्रत्येक कालेज में एक कक्ष को वोटर रजिस्टेऊशन कक्ष के रूप में स्थापित किया जाय। उन्होने यह भी कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने वाले बीएलओ को जनपद स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाय। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, एसडीएम राजेश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, बीएसए अनूप तिवारी सहित विद्यालय के प्राचार्य व प्राचार्या उपस्थित रहें।

बलरामपुर में 40 वाहनों का चालान, 78,500 रुपए जुर्माना:एनएच-730 पर ब्लैक स्पॉट और स्कूल वाहनों की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर – बलरामपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत प्रशासन ने गुरुवार को सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक कार्रवाई की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बृजेश के नेतृत्व में बलरामपुर से तिर्लोकपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर दुर्घटना संभावित स्थलों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 40 वाहनों का चालान किया गया और 78,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।निरीक्षण के दौरान उन स्थानों को विशेष रूप से चिह्नित किया गया जहां पूर्व में गंभीर दुर्घटनाएं हुई हैं या एक ही स्थान पर बार-बार सड़क हादसे हुए हैं। ऐसे स्थलों को 'ब्लैक स्पॉट' और 'दुर्घटना संभावित स्थल' के रूप में चिह्नित कर आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई।अभियान के तहत अधिकारियों की टीम ने विभिन्न विद्यालयों का भी दौरा किया। यहां छात्र-छात्राओं को लाने-ले जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों की फिटनेस, वैध कागजात, चालक की योग्यता, ओवरलोडिंग और सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित वाहन चालकों को चेतावनी दी गई और आवश्यक कार्रवाई की गई।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की।

बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

ललितपुर। महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत ग्राम सरवां निवासी अर्जुन सिंह पुत्र कल्यान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 18 जनवरी को उसका भाई शिशपाल सिंह अपनी मोटर साइकिल नम्बर एम.पी.32 जेड.सी. 1380 से ललितपुर से वापस गांव लौट रहा था। शाम करीब 4 बजे तेरई फाटक के पास ग्राम बनीकोडर के पास पीछे से आ रही बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 1835 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई घायल हो गया। उसके भाई को एंबुलेंस के जरिए तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अब उसके भाई का उपचार झांसी में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

कूटरचित दस्तावेजों से 2.50 लाख में फर्जी FSSAI लाइसेंस! भैंसे के मांस की अवैध बिक्री का भंडाफोड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर – यूपी बलरामपुर जिले के थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी स्नस्ढ्ढ लाइसेंस के जरिए भैंसे के मांस की अवैध बिक्री किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है. पुलिस ने इस संगठित धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. इससे पहले इस प्रकरण में नामजद अभियुक्त हफीज फूड्स के प्रोपराइटर मोहम्मद हफीज को जेल भेजा जा चुका है.ऐसे खुला मामलामामले की शुरुआत खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) उत्तरी क्षेत्र गाजियाबाद द्वारा की गई जांच से हुई. अभिहित अधिकारी रत्ना श्रीवास्तव द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट में हफीज फूड्स के नाम से जारी लाइसेंस को कूटरचित पाया गया. इसके बाद कोतवाली उतरौला पुलिस को तहरीर दी गई. पुलिस ने दर्ज किया मुकदमापुलिस ने 21 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली उतरौला में मुकदमा दर्ज किया. मुकदमा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा के तहत पंजीकृत किया गया. विवेचना के दौरान बयान, निरीक्षण आख्या और लाइसेंस से संबंधित अभिलेखों की जांच में स्पष्ट हुआ कि लाइसेंस पूरी तरह फर्जी और कूटरचित था.

जांच में सामने आया फर्जीवाड़ाजांच में सामने आया कि इस फर्जीवाड़े के पीछे गोंडा जिले के रहने वाले दो युवक सक्रिय थे. पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मोहम्मद सैफ पुत्र अब्दुल समीम निवासी महरानीगंज थाना कोतवाली नगर गोंडा को रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक दुकान से तथा अशफाक पुत्र चांद मोहम्मद निवासी महरानीगंज थाना कोतवाली नगर गोंडा को होंडा एजेंसी के सामने से गिरफ्तार किया. दोनों को 22 जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा गया.

आरोपियों ने किए चौंकाने वाले खुलासेपूछताछ में अभियुक्तों ने चौंकाने वाले खुलासे किए. उन्होंने बताया कि बेरोजगारी के चलते आसान कमाई के लालच में उन्होंने उतरौला कस्बे में मुस्लिम आबादी अधिक होने का फायदा उठाने की योजना बनाई. इसी क्रम में उन्होंने मोहल्ला रफीनगर निवासी मोहम्मद हफीज से संपर्क किया और उसे लाइसेंस बनवाने का झांसा दिया. हफीज ने लाइसेंस के नाम पर उन्हें ढाई लाख रुपये दे दिए. अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने फर्जी और कूटरचित FSSAI लाइसेंस तैयार कराया और उसी के आधार पर 'हफीज फूड्स मीट शॉप' के नाम से भैंसे के मांस की बिक्री शुरू कर दी. मांस बिक्री से होने वाली कमाई को तीनों आपस में बांटते थे और लंबे समय से यह अवैध कारोबार चल रहा था. बता दें कि इस मामले में मुख्य दुकानदार मोहम्मद हफीज (45 वर्ष) को पुलिस पहले ही 25 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी जांच जारी है और यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अंकुर वर्मा का बड़ा ऐलान

●पकौड़ी चौराहे पर लगेगी स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने नगरवासियों सहित समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता व अखंडता का संदेश देता है। मीडिया से बातचीत करते हुए अंकुर वर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर में सड़क, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में शहर को और अधिक सुंदर व सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में कई नई योजनाओं पर काम किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को प्रेरणा देने और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के उद्देश्य से पकौड़ी चौराहे पर युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापना के साथ ही पकौड़ी चौराहे का नाम बदलकर स्वामी विवेकानंद चौराहा रखा जाएगा। इससे न केवल चौराहे की पहचान बदलेगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा मिलेगी। अंकुर वर्मा ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता के सहयोग से विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए गणतंत्र दिवस 2026 अंकुरवर्मा नगरपालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नगर विकास के लिए स्वामी विवेकानंद पकौड़ी चौराहा रहेगा।

संक्षिप्त खबरें

जिला कांग्रेस प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी ने सांसद राहुल गांधी से की मुलाकात, जनसमस्याओं और सुझावों के साथ सौंपा ज्ञापन

रायबरेली- भुएमऊ गेस्ट हाउस, रायबरेली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी से जिला कांग्रेस प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी ने मुलाकात कर सरेनी विधानसभा सहित जनपद की विभिन्न ज्वलंत जनसमस्याओं को उनके समक्ष रखा। मुलाकात के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, रोजगार तथा किसानों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए संगठनात्मक ढांचे, बूथ सशक्तिकरण तथा जनसंपर्क अभियान से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी राहुल गांधी के समक्ष प्रस्तुत किए। राहुल गांधी ने जनपद की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि रायबरेली उनका संसदीय क्षेत्र है और यहां की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने प्रस्तुत सुझावों पर अप्रैल से अगस्त माह के बीच चरणबद्ध एवं ठोस कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और उम्मीद जताई गई कि आने वाले समय में जनपद की समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बेटे को घर लाने पर युवक से मारपीट, आरोपी फरार

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के जबर सिंह का पुरवा मजरे धनाभाद गांव में बुधवार को चार लोगों ने युवक से मारपीट की। गांव निवासिनी गंगा दुलारी ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा संतलाल अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल गया था। पत्नी के न आने पर वह अपने पांच वर्षीय बेटे आर्यन को घर ले आया। इसी बात को लेकर बुधवार को संतलाल के साढ़ू अमरजीत निवासी सोमवंशी खेड़ा थाना सरेनी अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर पहुंचे। आरोप है कि घर में घुसकर संतलाल और उसके परिजनों से मारपीट की। सूचना से पहले ही आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया।

जिले की पहली 'हाईटेक' ग्राम पंचायत बनी गोड़वा बरौकी ग्रामीणों को मिली 'सद्भाव लॉन' की सौगात

मलिहाबाद। ग्रामीण विकास की एक नई इबारत लिखते हुए माल विकास खंड की ग्राम पंचायत गोड़वा बरौकी ने जनपद में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला के प्रयासों से यहाँ जिले का पहला ऐसा पंचायत लॉन तैयार किया गया है, जहाँ ग्रामीण अब शादी-ब्याह और अन्य मांगलिक कार्यक्रम शहर जैसी सुविधाओं के साथ कर सकेंगे। गुरुवार को आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान ने फीता काटकर 'सद्भाव लॉन' का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने परिसर में पौधरोपण किया और नवनिर्मित भवन व लॉन का बारीकी से निरीक्षण किया। संबोधन के दौरान एमएलसी ने कहा ग्राम प्रधान की यह पहल जिले के लिए मिसाल है। सरकारी संसाधनों और दृढ़ इच्छाशक्ति से कैसे ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है, यह गोड़वा बरौकी ने कर दिखाया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर राजनीतिक हस्तियों तक का जमावड़ा रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईएएस रमेश चंद्र वर्मा, बीडीओ सुनील कुमार सिंह, एडीओ पंचायत,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद एडवोकेट अनुराग पाण्डेय, युवा भाजपा नेता बीनू शुक्ला।प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह, संतोष सिंह तिलन, रमेश सिंह चौहान।लॉन के उद्घाटन के साथ-साथ ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला द्वारा समाज सेवा का संकल्प भी दिखाई दिया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए इस अवसर पर 150 जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। साथ ही, पूरे गांव और आगंतुकों के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ।ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य ग्रामीणों को वह हर सुविधा उपलब्ध कराना है जिसके लिए उन्हें शहर की ओर भागना पड़ता था। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि वह भविष्य में भी इसी तरह पंचायत की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

10 मिनट के लिए अंधेरे में डूबेगा सीतापुर बजेंगे सायरन, ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी, हवाई हमले में राहत पहुंचाने का होगा अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर- जनपद सीतापुर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिवस पर जिले में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। एडीएम नीतीश कुमार सिंह ने हिंदी दैनिक राष्ट्रीय को जानकारी देते हुए बताया कि 23 जनवरी 2026 को प्रदेश के समस्त जनपदों में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने के आदेश दिए गए हैं एडीएम ने बताया कि ब्लैक आउट का आशय हवाई हमले या किसी आपात स्थिति के दौरान क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, आवासों, सड़कों तथा आम जनता को सुरक्षित रखने के लिए विद्युत आपूर्ति बंद कर प्रकाश प्रतिबंध लागू करना होता है। इसी क्रम में 23 जनवरी 2026 को सायं 6:00 बजे से 6:10 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज परिसर, एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में ब्लैक आउट एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इस दौरान आपातकालीन बचाव से संबंधित विधियों का अभ्यास और प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने आसपास के समस्त प्रतिष्ठानों, चेंबरों, कार्यालयों और क्षेत्र की जनता से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें बंद रखें, ताकि बाहर किसी प्रकार का प्रकाश दिखाई न दे। साथ ही लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घरों में ही रहें, बाहर माचिस, लाइट या टार्च का प्रयोग न करें और सावधानीपूर्वक चलें, भागदौड़ न करें। इस दौरान धूम्रपान करने से भी मना किया गया है। एडीएम ने स्पष्ट किया कि यह ब्लैक आउट पूरी तरह एक मॉक ड्रिल है, जिसे सिविल डिफेंस के वार्डनों की सहायता से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनमानस को भविष्य में हवाई हमले, युद्ध या अन्य विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभ्यास में सहयोग करें और इसे गंभीरता से लें!!

बेटे को घर लाने पर युवक से मारपीट, आरोपी फरार

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के जबर सिंह का पुरवा मजरे धनाभाद गांव में बुधवार को चार लोगों ने युवक से मारपीट की। गांव निवासिनी गंगा दुलारी ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा संतलाल अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल गया था। पत्नी के न आने पर वह अपने पांच वर्षीय बेटे आर्यन को घर ले आया। इसी बात को लेकर बुधवार को संतलाल के साढ़ू अमरजीत निवासी सोमवंशी खेड़ा थाना सरेनी अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर पहुंचे। आरोप है कि घर में घुसकर संतलाल और उसके परिजनों से मारपीट की। सूचना से पहले ही आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया।

स्नेह और सम्मान का संगम: निगोहाँ प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

● .....पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों के प्रेरणास्रोत बने मुकेश द्विवेदी, गणमान्य व्यक्तियों ने दी दीर्घायु की शुभकामनाएँ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के निगोहाँ क्षेत्र में गुरुवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ निगोहाँ प्रेस क्लब के संरक्षक और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी का जन्मदिन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। स्थानीय एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में न केवल पत्रकारिता जगत के दिग्गजों का जमावड़ा रहा, बल्कि क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्तियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत मुकेश द्विवेदी के माल्यार्पण और स्वागत से हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति अपना आदर व्यक्त किया। जैसे ही मुकेश द्विवेदी ने केक काटकर अपना जन्मदिन साझा किया, पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और शुभकामनाओं से गूँज उठा। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह ने मुकेश द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें पत्रकारिता जगत का एक 'मजबूत स्तंभ' बताया। उन्होंने कहा कि मुकेश द्विवेदी का मार्गदर्शन न केवल नए पत्रकारों के लिए संजीवनी की तरह है, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर उनकी पकड़ और संवेदनशीलता समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है। उपस्थित वक्ताओं ने एक सुर में उनके दीर्घायु होने, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस दौरान पूरे समारोह में आपसी सौहार्द और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली, जहाँ सभी ने पत्रकारिता के मूल्यों को और अधिक सशक्त करने का संकल्प लिया।

पुरहिया गांव में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर भव्य समारोह: जरूरतमंदों को मिले कंबल, सेवादारों का हुआ सम्मान

● .....मुख्य अतिथि एसीपी विकास पांडे ने सराहा सेवा भाव; बोले– 'जनसहभागिता और संवाद से ही संभव है संवेदनशील पुलिसिंग'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निगोहां थाना क्षेत्र के पुरहिया और नटौली गांव में सेवा और सामाजिक समरसता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। बुधवार को इस ऐतिहासिक अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह और कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल कड़ाके की ठंड को देखते हुए असहाय व जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई गई, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी मोहनलालगंज, विकास पांडे रहे। समारोह की शुरुआत आयोजक पूर्व सैनिक नीरज दीक्षित और पंकज दीक्षित (अरविंद) द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर और प्रभु श्रीराम लला की मनमोहक प्रतिमा भेंट कर उनके भव्य स्वागत के साथ हुई। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय और सेवा भाव से सराबोर रहा। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एसीपी विकास पांडे ने पुलिस और जनता के बीच मजबूत संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य केवल अपराधियों पर लगाम लगाना ही नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ जुड़ाव महसूस करना और उनकी समस्याओं में सहभागी बनना भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब आम नागरिक पुलिस के साथ सहयोग और संवाद बढ़ाता है, तभी एक सुरक्षित और संवेदनशील पुलिसिंग का ढांचा तैयार होता है। इस गरिमामयी अवसर पर समाज के प्रति योगदान देने के लिए निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी सहित प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजक नीरज दीक्षित ने भावुक होते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ मनाना केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। वहीं, पंकज दीक्षित ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित कार्य जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता और श्रीराम के आदर्शों पर चलने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी, विकास दीक्षित, निगोहा प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, पूर्व प्रधान लल्लन शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी, आशीष तिवारी, प्रीति बाजपेई, प्रगति शुक्ला , मनोज यादव, मोइन खान, जय शुक्ला, प्रशांत त्रिवेदी, विजय जायसवाल, योगेंद्र तिवारी, अरुण सिंह, हिमांशु रावत, शैलेंद्र शुक्ला, अरुण सिंह,सुनील त्रिवेदी, दिलीप कुमार मिश्रा, विनीत मिश्रा, रामू जायसवाल, श्यामू जायसवाल, आरिफ मंसूरी, रमाकांत मिश्रा, नितिन कनौजिया, आदित्य दीक्षित एवं राघव सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।

दंगल के चौथे दिन बाबा रमदास पहलवान व सुरेंद्र पहलवान के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां सीतापुर: हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के चौथे दिन देश के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल के चौथे दिन की पहली कुश्ती में अयोध्या के बाबा रामदास पहलवान और मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें बाबा रामदास ने सुरेन्द्र पहलवान को चित कर जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती मेरठ के प्रमोद पहलवान और पंजाब के शेरा पहलवान के बीच हुई, जिसमें प्रमोद पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती मेरठ के आदेश पहलवान और वाराणसी के चन्दन पहलवान के बीच हुई, जिसमें आदेश ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चौथी कुश्ती राजस्थान के शैतान सिंह पहलवान और मेरठ के राहुल पहलवान के बीच हुई, जिसमें शैतान सिंह ने विजयी हासिल की 7 पांचवीं कुश्ती कश्मीर के रिजवान गनी पहलवान और राजस्थान के मेंटल पहलवान के बीच हुई, जिसमें रिजवान गनी विजयी रहे। छठी कुश्ती मध्य प्रदेश के सुरेन्द्र पहलवान और नेपाल के हरिहर पहलवान के मध्य हुई, जिसमें सुरेन्द्र पहलवान ने जीत दर्ज की। दंगल में रेफरी की भूमिका शौकत पहलवान और सुल्तान पहलवान ने निभाई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, नफीस अहमद, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, बदर हयात खान, अन्नू, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जल भराव की समस्या से राहगीरी परेशान जिम्मेदार मौन

डलमऊ रायबरेली। ब्लॉक के दरिगापुर गांव में बने रेलवे क्रॉसिंग अंडरग्राउंड पुल में निरंतर जल भराव की समस्या बनी रहती है इससे सैकड़ो ग्रामीण परेशान रहते हैं स्कूली आने जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं पर अगर बाइक से कोई आता जाता है उसको भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है किसानों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है लोगों का कहना है कि इस जल भराव से हम लोग सालों से जूझ रहे इसकी सूचना हमने हर कर्मचारी को दे दिया है लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देता है।

रंजिश में युवक पर धारदार हथियार से हमला

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के चिक मंडी मोहल्ला निवासी रिजवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अलीनगर मोहल्ला के रहने वाले दो युवक नशे की हालत में उसके पास पहुंचे और विवाद करने लगे। देखते ही देखते आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसके गले में गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मजरा गजनीपुर में विकास ठप, खडंजा बना कीचड़ का नाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां/सीतापुर ग्राम पंचायत महाराज नगर के मजरा गजनीपुर गांव में राम सागर के घर से खेलावन व रमेश पाल के घर तक 5 महीने पहले बना खडंजा बदहाल पड़ा है। हालत इतनी खराब है कि रास्ता अब खडंजा नहीं, कीचड़ और गंदे पानी का नाला बन चुका है। इस रास्ते पर ग्रामीण सत्यराम पुत्र प्रताप व कुलदीप पुत्र श्रवण, प्रेम पुत्र रमेश पाल खेत से आ रहे थे इसी रास्ते पर गिर कर चोटिल हो गये हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के बाद से रास्ते में पानी भराव, फिसलन और गंदगी ने चलना दूभर कर दिया है। बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं, बुजुर्गों का निकलना मुश्किल है और मरीजों को ले जाना खतरे से खाली नहीं। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन आज तक न मरम्मत हुई, न निकासी। यह साफ दिखाता है कि जमीनी स्तर पर विकास के दावे खोखले हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल खडंजा मरम्मत व जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर राम खेलावन, रामचन्द्र, रमेश पाल, प्रेम, कुलदीप, रामसागर, सुरेश, रामू , देश राज, सुनील,राजेश्वरी, सुनीता आदि लोग उपस्थित रहे।

बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना 2026 : आर्थिक रूप से वंचित मेधावी विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का सशक्त सेतु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिधौली (सीतापुर)। आर्थिक रूप से कमजोर परंतु प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की उच्च शिक्षा हेतु सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना 2026 का विधिवत विमोचन श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, सिधौली में सम्पन्न हुआ। छात्रवृत्ति का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.के. शुक्ल द्वारा कर-कमलों से किया गया। यह छात्रवृत्ति योजना लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डीन डॉ. सुधाकर वर्मा के अकादमिक मार्गदर्शन एवं परामर्श में संचालित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि डॉ. वर्मा पिछले दो दशकों से सीतापुर जनपद के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करने तथा उनके लिए अवसर उपलब्ध कराने हेतु उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। यह योजना उनके पिता स्वर्गीय ब्रजमोहन लाल वर्मा की पावन स्मृति में प्रारम्भ की गई है। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जनपद सीतापुर के 2026 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने वाले इच्छुक एवं योग्य विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की पढ़ाई हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। योजना के समन्वयक राहुल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया हेतु मेरिट टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को वार्षिक आधार पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे बिना आर्थिक दवाब के अपनी स्नातक शिक्षा पूर्ण कर सकें। योजना की विशेषता यह है कि चयनित विद्यार्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी भी महाविद्यालय में किसी भी संकाय (Arts/Science/Commerce आदि) के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम को निःशुल्क अथवा पूर्णतः वित्तीय सहयोग के साथ पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। इस व्यवस्था का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक प्रतिकूलता किसी भी योग्य विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति में व्यवधान न बनने पाए।

समन्वयक राहुल वर्मा ने स्पष्ट किया कि —'हमारा संकल्प है कि आर्थिक संकट के कारण जनपद सीतापुर का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न हो। यह छात्रवृत्ति ऐसे विद्यार्थियों के लिए सेतु का कार्य करेगी जो संसाधनों के अभाव के बावजूद अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की इच्छाशक्ति रखते हैं।

'बी.एल. वर्मा छात्रवृत्ति योजना निस्संदेह जनपद के मेधावी विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करते हुए सामाजिक-सांस्कृतिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह पहल उन परिवारों में नए विश्वास का संचार करेगी जहाँ आर्थिक कठिनाइयों के कारण शिक्षा प्रायः बाधित हो जाती है। इस योजना के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक सपनों को गति मिलेगी, बल्कि भविष्य में जनपद की बौद्धिक पूँजी भी सुदृढ़ होगी।

युवाओं ने कारों से की स्टंटबाजी इंस्टाग्राम रील बनाने को खिड़कियों से लटके, पुलिस ने वाहन नंबर से शुरू की छानबीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर- जनपद सीतापुर के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में मुख्य सड़क पर कार सवार युवकों द्वारा की गई खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि तीन कारों को सड़क पर तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए युवक कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं। इतना ही नहीं, कारों की खिड़कियों से बाहर लटककर स्टंट करते हुए युवकों ने इसका वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर रील के रूप में अपलोड किया है। बताया जा रहा है कि यह रील साहिल खान और कलीम खान नामक दो युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई है। वायरल वीडियो में एक स्विफ्ट कार की स्पष्ट पहचान हुई है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर क्क 32 छ्क्त 9652 बताया जा रहा है वीडियो रात के अंधेरे में बनाया गया है, जिससे सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो सकता था स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की स्टंटबाजी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मुख्य सड़क पर इस प्रकार लापरवाही से वाहन चलाना न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि यह सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती है। वहीं वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। लहरपुर कोतवाली पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि वाहन नंबर के आधार पर कार मालिक और स्टंट करने वाले युवकों की पहचान की जा रही है जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

सब्जी विक्रेता से मारपीट, केस दर्ज

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के नई बाजार स्थित अस्पताल मोड़ के पास एक युवक ने सब्जी विक्रेता से मारपीट की। पीड़ित अमन कुमार निवासी रंणगांव ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अस्पताल मोड़ के पास सब्जी की दुकान लगाए हुए था। बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे सूदन खेड़ा मोहल्ला निवासी बबलू ड्राइवर वहां पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

भाजपा नेता की पत्नी व ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम का मुकदमा दर्ज

● जांच में खुलेंगी घोटाले की कई अहम परते

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। एक समय समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और सपा प्रमुख के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले विधायक रामपाल यादव के दाहिना हाथ कहे जाने वाले और वर्तमान में भाजपा के पूर्व सांसद राजेश वर्मा के बगलगीर समझे जाने वाले वर्तमान मे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर वैसे तो खाद्य विभाग के पुराने खिलाड़ी माने जाते रहे है जिन्होंने सपा और भाजपा दोनों ही सरकारों में पैसे और राजनीति के दम पर अपना रसूक बनाए रखा है लेकिन बीती 19 जनवरी को शहर के मोहल्ला शेख सराय के कोटेदार द्वारा कम गल्ला दिए जाने की शिकायत पर आखिरकार जिला अधिकारी राजा गणपति आर0 के अनुमोदन पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-03, धारा-07, और बी0 एन0 एस0 की धारा-62 और धारा-303(2) के तहत मुकदमा अपराध संख्या-024/2026 पंजीकृत हो ही गया। उल्लेखनीय है कि कल्पना वर्मा वर्तमान में बेहटा ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख है और इन्ही की फर्म मेसर्स किसान इंटर प्राइजेज के पास सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी का परिवहन ठेका था जिसके वाहन संख्या-यू0 पी0 34 टी0 9505 के द्वारा जारी चालान संख्या-4052(क0 न0 डी0 जे0-1541125260110) दिनांक-19-01-2026 के द्वारा श्रीमती सहरिश फातिमा उचित दर विक्रेता के यहां फरवरी 2026 में वितरण हेतु कुल 120 बोरी चावल की उतारी जानी थी किंतु ड्राइवर नौशाद एवं पल्लेदार द्वारा महज 99 बोरी ही पहुंचाई गई और शेष 21 चावल की बोरी वाहन में ही छुपा ली गई। उचित दर विक्रेता द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जारी अंत्योदय अन्न योजना एवं पात्र गृहस्थी योजना के चावल की चोरी के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके बाद विपणन अधिकारी शांतनु कुमार की अगुवाई में जिलाधिकारी अनुमोदन पर परिवहन ठेकेदार श्री मती कल्पना वर्मा ड्राइवर नौशाद व लेबर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में शहर कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में अटकलो व चर्चाओं का बाजार गर्म है लेकिन सूत्रों की माने तो मामले की विवेचना में घोटाले की कई और परते सामने आ सकती हैं।

अविमुक्तेश्वरानंद के शंकराचार्य पद की दावेदारी पर संकट गहराया

प्रयाग राज में मौनी अमावस्या के दिन पालकी पर सवार होकर संगम तट तक जाने की प्रशासन से तकरार अविमुक्तेश्वरानंद को महंगी पड़ रही है? प्रशासन ने तो उन्हें शंकराचार्य मानने से ही इंकार कर दिया है और इस के आधार में सुप्रीम कोर्ट में लम्बित मामले का हवाला भी दिया है। प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। 48 घंटे के अंदर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस भेजा है। इसमें मौनी अमावस्या के दिन बैरियर तोड़ने और जबरन भीड़ में बग्घी घुसाने को लेकर सवाल किए हैं। नोटिस में पूछा है कि क्यों न आपको हमेशा के लिए माघ मेले से बैन कर दिया जाए। अगर 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संस्था को दी गई जमीन और सुविधाएं वापस ले लेंगे।लगता है कि अब ज्योतिष पीठ पर अविमुक्तेश्वरानंद की शंकराचार्य पदवी की दावेदारी का विवाद अब और मुखर हो गया है । आपको बता दें कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर ज्योतिष पीठ बद्रीनाथ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन आमने सामने आ गए थे. मेला प्रशासन ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पालकी पर सवार होकर स्नान के लिए जाने से रोक दिया था. इसके बाद शंकराचार्य समर्थकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई थी. इससे नाराज होकर शंकराचार्य ने धरना शुरू कर दिया. उनका धरना अभी भी जारी है. शंकराचार्य इस बात पर अड़े हैं कि प्रशासन माफी मांगे. उनका कहना है कि माफी के बिना वो अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे. इस बीच एक कड़ा कदम उठाते हुए मेला प्रशासन ने सोमवार को उन्हें एक नोटिस जारी किया. इसमें उनसे 24 घंटे में यह साबित करने को कहा गया है कि वो ही शंकराचार्य हैं. इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले का जिक्र है.माघ मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजे नोटिस में पूछा है कि उन्होंने अपने नाम के आगे 'शंकराचार्य' क्यों लगाया है? मेला प्राधिकरण के नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन एक मामले का उल्लेख है.मेला प्रशासन का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं हुआ है, ऐसे में कोई भी धर्माचार्य ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेकित नहीं हो सकता. बावजूद इसके स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला क्षेत्र में लगे शिविर के बोर्ड पर अपने नाम के आगे 'शंकराचार्य' अंकित किया है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर 2022 को शंकराचार्य के रूप में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पट्टाभिषेक अभिनंदन समारोह पर रोक लगा दी थी. यह समारोह 17 सितंबर 2022 को होना था. अदालत में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना के पीठ को बताया था कि गोवर्धन मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने एक हलफनामा दायर कर ज्योतिष्पीठ पीठ के नए शंकराचार्य के रूप में अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति का समर्थन नहीं किया है. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उक?त आदेश पार?त किया. सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दिवंगत शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती द्वारा ज्योतिष पीठ के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किए जाने का झूठा दावा किया था. यह मामला 2020 से शीर्ष कोर्ट में चल रहा है. इसी मामले में एक नई याचिका दायर कर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पट्टाभिषेक को रोकने की मांग की गई थी. इस याचिका में मीडिया में आई खबरों के हवाले से बताया गया था कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का पट्टाभिषेक 17 अक्तूबर 2022 को होने वाला है.इस याचिका में पट्टाभिषेक समारोह को रोकने की मांग की गई थी।प्रशासन का कहना है कि चूंकि मुख्य अपील अभी भी विचाराधीन है और कोई नया आदेश नहीं आया है, इसलिए वर्तमान में ज्योतिष्पीठ का कोई भी नया शंकराचार्य कानूनी रूप से मान्य नहीं है.

दूसरी ओर माघ मेला प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से सोशल मीडिया पर कहा गया है कि जब पट्टाभिषेक 12 सितंबर 2022 को हो चुका है तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कोई मतलब नहीं है. उनका कहना है कि जब पट्टाभिषेक हो चुका है तो दुबारा क्यों होगा. उनका दावा है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का पट्टाभिषेक वसीयत या इच्छा पत्र के मुताबिक हुआ है. इस वसीयत को कोर्ट ने भी मान्यता दे दी है. सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- शंकराचार्य वो होता है जिसे बाकी 3 पीठ शंकराचार्य कहते हैं। 2 पीठ हमें शंकराचार्य कहते हैं। पिछले माघ मेले में हमको साथ लेकर स्नान कर चुके हैं। अब आपको किस प्रमाण की जरूरत हैं।क्या ये प्रशासन तय करेगा कि हम शंकराचार्य हैं या नहीं। भारत के राष्ट्रपति को भी अधिकार नहीं है कि वो तय करे कि कौन शंकराचार्य होगा।

इधर, अविमुक्तेश्वरानंद अड़े हैं कि जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगेगा, तब तक वे आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था- हर मेले में प्रयागराज आऊंगा, लेकिन शिविर में नहीं, फुटपाथ पर रहूंगा।उधर संत समुदाय में भी अविमुक्तेश्वरानंद के विरोधियों की भी कमी नहीं है। तुलसी पीठाधीश्वर संत रामभद्राचार्य ने कहा है कि शास्त्र के विरुद्ध किए गए किसी भी कार्य का परिणाम सुखद नहीं होता और जो व्यक्ति स्वयं शास्त्र-विरोधी कार्य करेगा, उसे न तो सुख मिलेगा, न शांति और न ही गति. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वह स्वयं पैदल स्नान के लिए जाते हैं, क्योंकि यही शास्त्रसम्मत मार्ग है।इस घटनाक्रम पर पहली बार उज्जैन से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरिगिरि महाराज का बयान आया है। उन्होंने न सिर्फ घटना को चिंताजनक बताया, बल्कि शंकराचार्य के पद और अखाड़ों की परंपरा को लेकर भी सीधे सवाल खड़े कर दिए।उन्होंने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पद को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वे जिस पद पर आसीन हुए हैं, उसमें अभी अखाड़ा परिषद की ओर से उन्हें चादर ओढ़ाना बाकी है।हमारी परंपरा है कि समस्त 13 अखाड़े मिलकर एक साथ चादर ओढ़ाते हैं। जब समाज और अखाड़े आपको चादर ओढ़ाएंगे, तभी आप पूरे समाज के शंकराचार्य होंगे और समाज आपको पूरी तरह स्वीकार करेगा।

बहरहाल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विवादों से पुराना नाता है लेकिन इस बार उनकी शंकराचार्य पदवी पर ही सवाल मुखर हो गया है।

मनोज कुमार अग्रवाल

सनातन वैदिक संस्कृति और साहित्य सत्य की तरह सदैव प्रासंगिक एवं परमार्थ उपयोगी

साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना हैद्य शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती हैद्य राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान हैद्य यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को 'जीवन की आलोचना' भी कहा है। साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समाजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि 'जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए ', वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है ।और संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।

संजीव ठाकुर

आतंकवाद पर साझा रुख और भविष्य के सहयोग की रूपरेखा

भारत-स्पेन संबंधों में नई ऊर्जा

नई दिल्ली में स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस के साथ हुई बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के वक्तव्य ने भारत-स्पेन संबंधों की मौजूदा गहराई और भविष्य की दिशा को स्पष्ट रूप से सामने रखा। इस मुलाकात में कूटनीति, सुरक्षा, व्यापार, रक्षा, संस्कृति और तकनीक जैसे अनेक आयामों पर व्यापक चर्चा हुई। जयशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत और स्पेन दोनों ही आतंकवाद के शिकार रहे हैं, इसलिए आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जीरो टॉलरेंस'यानी शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाना समय की मांग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में साझा चुनौतियों का सामना केवल आपसी सहयोग और समान सोच के जरिए ही किया जा सकता है। बैठक के दौरान जयशंकर ने स्पेन के कोंडीबा में 18 जनवरी को हुए भीषण ट्रेन हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दर्दनाक दुर्घटना में 40 लोगों की जान चली गई थी और अनेक लोग घायल हुए थे। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। यह हादसा उस समय हुआ था जब एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। जयशंकर की यह संवेदनशील प्रतिक्रिया दोनों देशों के बीच मानवीय स्तर पर मौजूद आपसी समझ और सहानुभूति को भी दर्शाती है। भारत और स्पेन के रिश्तों के लिहाज से वर्ष 2026 विशेष महत्व रखता है। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए संस्कृति, पर्यटन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का संयुक्त वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया है। जयशंकर ने इस मौके पर एक विशेष लोगो का भी अनावरण किया, जिसे एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना गया। यह पहल न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि लोगों को इन रिश्तों से जोड़ने का एक रचनात्मक प्रयास भी है।

आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर का रुख बेहद स्पष्ट और सख्त रहा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए खतरा है। भारत और स्पेन, दोनों ही देशों ने आतंकवादी हमलों का दर्द झेला है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस विषय को मजबूती से उठाएं। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि कुछ देश अब भी राजनीतिक या रणनीतिक कारणों से आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड अपनाते हैं, जो वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच तेजी से प्रगति हो रही है। जयशंकर ने बताया कि मेड इन इंडिया सी-295 परिवहन विमान इस वर्ष सितंबर से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। वडोदरा में इस विमान की फैक्ट्री का उद्घाटन अक्टूबर 2024 में हुआ था, जो भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना भारत और स्पेन के बीच तकनीकी सहयोग और आपसी विश्वास का उदाहरण है। रक्षा क्षेत्र में यह साझेदारी न केवल दोनों देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में भारत की भूमिका को भी सशक्त बनाएगी। तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर भी दोनों देशों की सोच में काफी समानता दिखाई देती है। जयशंकर ने बताया कि भारत अगले महीने एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा। भारत एआई के नैतिक, जिम्मेदार और मानव-केंद्रित उपयोग के पक्ष में है, जो यूरोप की सोच से भी मेल खाता है। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए, न कि उसे जोखिम में डालना। इस दिशा में भारत और स्पेन मिलकर वैश्विक मानकों और नियमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

व्यापार और आर्थिक सहयोग भारत-स्पेन संबंधों का एक मजबूत स्तंभ है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 8 अरब डॉलर से अधिक का हो चुका है और इसमें निरंतर वृद्धि की संभावनाएं हैं। स्पेन की कंपनियां भारत में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और परिवहन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं, जबकि भारतीय कंपनियां स्पेन में सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं और आपसी निवेश से रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। लोगों से लोगों के बीच संपर्क को लेकर भी जयशंकर ने सकारात्मक तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि स्पेन में योग, आयुर्वेद और भारतीय संस्कृति की बढ़ती लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि भारतीय परंपराएं वैश्विक स्तर पर स्वीकार की जा रही हैं। वहीं भारत में स्पेनिश भाषा, संगीत और कला के प्रति बढ़ती रुचि दोनों समाजों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाती है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपसी समझ और सम्मान को भी मजबूत करता है। बैठक में बदलती वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा कि आज की दुनिया कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए देशों को संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। भारत और स्पेन जैसे लोकतांत्रिक देश इस दिशा में उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

जयशंकर का यह भी मानना है कि 70 वर्षों के राजनयिक संबंध केवल अतीत की उपलब्धियों का उत्सव नहीं हैं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का भी संकेत हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और स्पेन के बीच सहयोग को और अधिक व्यापक और गहरा बनाने की जरूरत है। शिक्षा, अनुसंधान, हरित ऊर्जा और डिजिटल तकनीक जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। कुल मिलाकर, स्पेन के विदेश मंत्री के साथ हुई यह बैठक भारत की सक्रिय और दूरदर्शी विदेश नीति को दर्शाती है। आतंकवाद पर सख्त रुख, मानवीय संवेदना, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक जुड़ाव ये सभी पहलू भारत-स्पेन संबंधों को एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। डॉ. एस. जयशंकर के शब्दों में झलकता आत्मविश्वास और स्पष्टता यह संकेत देती है कि भारत न केवल अपने हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि वैश्विक शांति, सुरक्षा और विकास में भी एक जिम्मेदार भूमिका निभाने के लिए तैयार है। आने वाला समय निश्चित रूप से भारत और स्पेन के रिश्तों को नई दिशा और नई ऊंचाई जरूर देगा।

कांतिलाल मांडोत

संपादकीय

डोडा की खाई और देश का घाववीर जवानों का बलिदान, परिवारों की अटूट सहनशीलता

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने की खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं थी, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात उन वीर जवानों का असमय अंत था, जो हर दिन अपने जीवन को जोखिम में डालकर हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। 200 से 400 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन, उसमें सवार जवानों की चीखें, और पल भर में उजड़ गए घर,यह दृश्य केवल एक हादसे का नहीं, बल्कि पूरे देश के दिल पर लगे गहरे घाव का प्रतीक है। दस जवानों की शहादत और कई के गंभीर रूप से घायल होने की खबर ने एक बार फिर हमें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमारी सुरक्षा की कीमत कितनी भारी होती है।

यह पहली बार नहीं है जब पहाड़ी इलाकों में तैनाती के दौरान ऐसा दिल दहला देने वाला हादसा हुआ हो। इससे पहले भी कई बार जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और अन्य दुर्गम क्षेत्रों में सेना के वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। कभी खराब मौसम, कभी संकरी और खतरनाक सड़कें, तो कभी तकनीकी या मानवीय चूक,हर बार कारण अलग होते हैं, लेकिन परिणाम एक ही रहता हैः देश अपने सपूत खो देता है। हर ऐसी घटना के बाद शोक संदेश आते हैं, जांच के आदेश दिए जाते हैं, और कुछ समय बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों ने अपने बेटे, पति या पिता को खोया है, उनके लिए जीवन कभी सामान्य नहीं हो पाता।

डोडा की इस घटना ने उन परिवारों पर आफत के बादल मंडरा दिए हैं, जिन्होंने गर्व के साथ अपने लाल को वर्दी पहनाई थी। किसी मां ने अपने बेटे को देश की रक्षा के लिए विदा किया था, यह सोचकर कि वह वीरता के साथ लौटेगा। किसी पत्नी ने पति को यह कहकर विदा किया था कि जल्दी आना। किसी छोटे बच्चे ने पिता की उंगली पकड़कर स्कूल जाने का सपना देखा था। एक पल में ये सारे सपने खाई में गिर गए वाहन के साथ चकनाचूर हो गए। यह क्षति केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की है, क्योंकि हर शहीद जवान के साथ अनुभव, साहस और समर्पण की एक पूरी दुनिया खो जाती है।

देश को होने वाला नुकसान केवल आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता। दस जवानों की शहादत का मतलब है दस घरों का उजड़ जाना, दस परिवारों का हमेशा के लिए बदल जाना। इन जवानों ने न केवल अपने वर्तमान, बल्कि अपने भविष्य के सपनों का भी बलिदान दिया। वे रिटायरमेंट के बाद खेतों में काम करने, बच्चों की पढ़ाई देखने, या शांत जीवन जीने के सपने देखते होंगे। लेकिन राष्ट्र की सेवा में ये सारे सपने अधूरे रह गए। यह नुकसान उस समय और गहरा हो जाता है जब हम सोचते हैं कि ये जवान किसी युद्ध में नहीं, बल्कि एक सड़क हादसे में शहीद हुए।

वाहन चलाते समय लापरवाही का सवाल भी यहां उठता है, हालांकि पहाड़ी इलाकों में हर दुर्घटना को केवल लापरवाही कह देना उचित नहीं होगा। संकरी सड़कों पर एक छोटी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। फिर भी, यह जरूरी है कि सैन्य वाहनों की तकनीकी जांच, ड्राइवरों का प्रशिक्षण और सड़क सुरक्षा के उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। हर शहीद के बाद अगर हम सिर्फ श्रद्धांजलि देकर आगे बढ़ जाते हैं, तो यह उन बलिदानों के साथ न्याय नहीं होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, ताकि हमारे जवान सुरक्षित रहें और उनका जीवन यूं ही न छिन जाए।

इन तमाम दुखद तथ्यों के बीच, सबसे अधिक प्रेरणादायक है वीर जवानों के परिवारों की सहनशीलता। गहरे शोक के बावजूद, ये परिवार अपने दुख को भीतर समेटकर देश के सामने सिर ऊंचा रखते हैं। शहीद की मां आंसुओं के बीच यह कहती है कि उसे अपने बेटे पर गर्व है। पत्नी अपने बच्चों को यह सिखाती है कि उनके पिता देश के लिए शहीद हुए हैं, और यही सबसे बड़ा सम्मान है। पिता टूटे हुए दिल के साथ भी यह कहते हैं कि अगर दूसरा बेटा होता, तो वह भी देश की सेवा के लिए भेजते। यह सहनशीलता साधारण नहीं, बल्कि असाधारण है।

इन परिवारों की ताकत हमें यह सिखाती है कि देशभक्ति केवल सीमा पर लड़ने तक सीमित नहीं है। यह उस साहस में भी झलकती है, जिससे एक परिवार अपने अपूरणीय नुकसान को स्वीकार करता है। वे जानते हैं कि उनका दर्द व्यक्तिगत है, लेकिन उनका बलिदान राष्ट्रीय है। इसी भावना के कारण वे अपने आंसुओं को छुपाकर राष्ट्र को मजबूत बनाने में योगदान देते हैं। जब पूरा देश शोक में डूबा होता है, तब ये परिवार अपने दुख के बावजूद दूसरों को ढांढस बंधाते हैं। यह सहनशीलता ही है जो भारत को बार-बार कठिन परिस्थितियों से उबरने की शक्ति देती है।

राष्ट्र का दायित्व है कि वह इन परिवारों के साथ केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्मों में भी खड़ा हो। मुआवजा, सरकारी सहायता और सम्मान जरूरी हैं, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है दीर्घकालिक समर्थन। शहीद के बच्चों की शिक्षा, परिवार के रोजगार और मानसिक सहयोग की जिम्मेदारी समाज और सरकार दोनों की है। जब तक इन परिवारों को यह भरोसा नहीं मिलेगा कि देश उनके साथ है, तब तक हमारी श्रद्धांजलि अधूरी रहेगी।

डोडा की यह घटना हमें यह भी याद दिलाती है कि हमारी रोजमर्रा की शांति और सुरक्षा के पीछे कितनी बड़ी कीमत छिपी है। जब हम अपने घरों में सुरक्षित सोते हैं, तब कोई जवान बर्फीली रातों में पहरा दे रहा होता है। जब हम अपने परिवार के साथ त्योहार मनाते हैं, तब कोई जवान खतरनाक सड़कों पर सफर कर रहा होता है। उनकी शहादत हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हमें अपने सैनिकों के प्रति केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी कृतज्ञ होना चाहिए।

अंत में डोडा की खाई में गिरा वह वाहन केवल एक दुर्घटना का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह उस संघर्ष का प्रतीक है, जो हमारे जवान हर दिन झेलते हैं। यह उन परिवारों की कहानी है, जिनके आंगन सूने हो गए, लेकिन जिनका गर्व आज भी जीवित है। यह देश के लिए एक चेतावनी भी है कि सुरक्षा केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि हर उस रास्ते पर जरूरी है, जहां से हमारे जवान गुजरते हैं। जब तक हम उनके जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं देंगे, तब तक हर ऐसी घटना हमारे दिलों को यूं ही छलनी करती रहेगी।

वीर जवानों का बलिदान अमर है। उनके परिवारों की सहनशीलता हमें झुककर सलाम करने को मजबूर करती है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके सपनों को अपने कर्मों से जीवित रखें, ताकि भविष्य में कोई और परिवार इस दर्द से न गुजरे और राष्ट्र अपने सपूतों को सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़े।

प्रयागराज की गरिमा

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के स्नान पर ज्योतिष मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान करने से रोकने पर जो बवाल मचा वह प्रयागराज की गरिमा के पूरी तरह से विपरीत है। प्रयागराज को लेकर सभी साधु-संतों और समाज में चिंतन भी है और गहरी चिंता भी, क्योंकि प्रयागराज की गरिमा को इस तरह की घटनाओं से ठेस पहुंची। आरोप लगाया जा रहा है कि पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थकों को पीटा। शंकराचार्य के रथ को रोका गया। शंकराचार्य ने इसे संतों का अपमान बताते हुए धरने पर बैठने का फैसला किया और इसे धर्म से जुड़ी लड़ाई यानि धर्मयुद्ध घोषित कर दिया। इसी बीच माघ मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर उनके शंकराचार्य होने पर सवाल उठा दिए। माघ मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजे नोटिस में पूछा है कि उन्होंने अपने नाम के आगे 'शंकराचार्य' क्यों लगाया है? मेला प्राधिकरण के नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन एक मामले का उल्लेख है। मेला प्रशासन का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं हुआ है, ऐसे में कोई भी धर्माचार्य ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हो सकता। बावजूद इसके स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला क्षेत्र में लगे शिविर के बोर्ड पर अपने नाम के आगे 'शंकराचार्य' अंकित किया है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद शंकराचार्य बनाया गया था। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का 99 साल की आयु में लंबी बीमारी के बाद 11 सितंबर 2022 को निधन हो गया था। उन्होंने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर के झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में अंतिम सांस ली थी। उनको समाधि देने से पहले ही उनके उत्तराधिकारियों के नाम का ऐलान कर दिया गया था। स्वामी स्वरूपानंद की वसीयत के आधार पर उनके निजी सचिव और शिष्य सुबोद्धानंद महाराज ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को ज्योतिष पीठ बद्रीनाथ और स्वामी सदानंद को द्वारका शारदा पीठ की गद्दी सौंपी थी। यह घोषणा शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के पार्थिव शरीर के सामने की गई थी। सनातन परंपरा में इन मठों के प्रमुखों को ही शंकराचार्य कहा जाता है।

**बाद में उन्हें शंकराचार्य बनाए जाने को लेकर विवाद हो गया, क्योंकि संन्यासी अखाड़े ने उन्हें शंकराचार्य मानने से इंकार कर दिया था, तब से मामला सुप्रीम कोर्ट में लम्बित है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला प्रशासन को नोटिस का जवाब देते हुए कहा है कि उनके शंकराचार्य होने को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने अपने जवाब में पूरी कानूनी प्रक्रिया का ब्यौरा दिया है। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा है कि अगर प्रशासन ने नोटिस को 24 घंटे के भीतर वापिस नहीं लिया तो वह कानूनी कार्यवाही करेंगे। इस पूरे विवाद को लेकर संत समाज बंट गया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके समर्थकों का कहना है कि सरकार, प्रशासन या भारत के राष्ट्रपति को भी यह अधिकार नहीं है कि वह तय करे कि कौन शंकराचार्य है। शंकराचार्य का निर्णय संत समाज और शंकराचार्य ही करेंगे। दूसरी तरफ उनको शंकराचार्य स्वाकीर नहीं करने वाले संत अपनी अलग भाषा बोल रहे हैं। सवाल यह भी है कि 2025 के महाकुम्भ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य के रूप में मान्यता दी गई थी तब द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती और श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती और ज्योतिष मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने एक साथ महाकुम्भ में स्नान किया था। माघ मेले के दौरान ऐसा क्या हुआ कि उनको नोटिस भेजकर विवाद को हवा दी गई है। विपक्ष कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भी इस पर सवाल खड़े किए हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि गुरु-शिष्य की एक अखंड परम्परा होती है, जिसके तहत शंकराचार्य चुने जाते हैं लेकिन अब तो शंकराचार्य को कागज देकर यह पूछा जा रहा है कि आप हैं कौन? स्वामी अ

संक्षिप्त खबरें

रोजगार सेवक अनोखी लाल के निधन पर विकास खंड कार्यालय में शोक सभा का आयोजन दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की

विकास खंड कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गोण्डा । विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत नौसहरा में तैनात ग्राम रोजगार सेवक की लम्बी विमारी के कारण निधन हो गया । रोजगार सेवक अनोखी लाल के दुःखद निधन पर विकास खंड कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विकास खंड कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में विकास खंड अधिकारी अभय कुमार, एपीओ केपी सिंह, एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल, रमेश मिश्रा, राजेश चौधरी, योगेश दुबे अजीत कुमार, प्रदीप कुमार, अनिल वर्मा, जयदीप वर्मा, दिवाकर पाण्डेय, गुलशन कुमार सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक उपस्थित रहे। सभी ने कार्यालय परिसर के समक्ष शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वर्गीय अनोखी लाल के निधन को विभाग के लिए अपूरणीय क्षति बताया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

अभियान चलाकर पांच वाहनों का हुआ ई-चालान

रतनपुर/महराजगंज। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध परसामलिक पुलिस की ओर से गुरुवार की सायं सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक रामजीत ने क्षेत्र के सेखुआनी स्थित बघेला पुल के पास चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों को गहनता से जांच-पड़ताल किया। वाहन चेकिंग में पुलिस के द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनों की डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजातों की जांच की गई। वहीं वाहन के कागजातों में त्रुटि पाए जाने पर कुल पांच वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान यातायात उलंघन में कुल पांच वाहनों का ई-चालान किया गया है।

बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

देवरिया। जनपद के सलेमपुर थाने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ 6 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद बाइकों की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 56 हजार रुपये बताई जा रही है। एसपी देवरिया संजीव सुमन के निर्देश पर चल रहे अभियान के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद सेंट पॉल स्कूल मैदान से तीन चोरी की बाइक समेत छह युवक पकड़े गए। कड़ाई से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी रेकी कर बाइक चोरी करते, नंबर प्लेट बदलते और उन्हें बिहार में बेच देते थे। इसके बाद पुलिस ने बंद पड़े ईंट भट्ठे से 9 और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। फिलहाल छह आरोपी पुलिस हिरासत में हैं, जबकि एक वांछित अभियुक्त की तलाश जारी है।

सीआरपीएफ में चयनित होकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली टोला मदरा निवासी वीरेंद्र प्रसाद सीआईएसफ में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के बाद परिजनों व रिश्तेदारों समेत स्थानीय लोगों द्वारा बधाइयों का दौर जारी है। स्थानीय निवासी बृजेश कुमार यादव, हनुमान साहनी, लालचंद जायसवाल, त्रिलोकी चौधरी, हरिराम, विनायक, धनपाल, संजय समेत अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए वीरेंद्र प्रसाद को मिठाई खिलाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विरेंद्र प्रसाद ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजन व मित्रों को दिया है।

राज्यस्तरीय बैडमिंटन में रोमांच चरम पर, दूसरे दिन खेले गए 14 मुकाबले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रूद्रपुर,देवरिया। उपनगर स्थित रामजी सहाय पीजी कॉलेज के इनडोर स्टेडियम में स्वर्गीय विंध्याचल प्रसाद गुप्त (मुनीम) की पुण्य स्मृति में आयोजित राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को कुल 14 रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। पहले मुकाबले में रूद्रपुर के शिवानन्द जायसवाल एंड पार्टनर ने नंदलाल जायसवाल एंड पार्टनर को 21-16 व 21-12 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में खैराबाद के दानिश एंड पार्टनर ने रूद्रपुर के अभिषेक एंड पार्टनर को 30-12 से शिकस्त दी। तीसरे मुकाबले में खैराबाद के यासिर एंड पार्टनर ने रूद्रपुर के सचिन एंड पार्टनर को 30-13 से हराया। चौथे मुकाबले में रूद्रपुर के आयुष एंड पार्टनर ने सूरज एंड पार्टनर को 30-12 से पराजित किया। पांचवें मुकाबले में खुखुन्दू के साजिद एंड पार्टनर ने रूद्रपुर के राहुल एंड पार्टनर को 30-20 से हराया। छठे मुकाबले में सरदार नगर के अभिषेक एंड पार्टनर ने रूद्रपुर के विजय एंड पार्टनर को 30-18 से मात दी।

सातवें मुकाबले में रूद्रपुर के आशीष एंड पार्टनर ने देवरिया के सोहन एंड पार्टनर को 21-14 व 21-11 से हराया। आठवें मुकाबले में गोरखपुर के सलीम एंड पार्टनर ने रूद्रपुर के देव एंड पार्टनर को 30-14 से पराजित किया। नौवें मुकाबले में मुबारकपुर के अजित एंड पार्टनर ने सरदार नगर के आजिष्णु एंड पार्टनर को 30-14 से हराया। दसवें मुकाबले में मुबारकपुर के तारिक एंड पार्टनर ने मगहरा के विक्रम एंड पार्टनर को 30-26 से हराया। ग्यारहवें मुकाबले में मुबारकपुर के अजित एंड पार्टनर ने खुखुन्दू के साजिद एंड पार्टनर को 21-9 व 21-11 से पराजित किया। बारहवें मुकाबले में खैराबाद के दानिश एंड पार्टनर ने गोरखपुर के सलीम एंड पार्टनर को 21-17 व 21-17 से हराया। तेरहवें मुकाबले में खैराबाद के यासिर एंड पार्टनर ने रूद्रपुर के आयुष एंड पार्टनर को 21-8 व 21-10 से पराजित किया। चौदहवें मुकाबले में मुबारकपुर के तारिक एंड पार्टनर ने सरदार नगर के अभिषेक एंड पार्टनर को 21-14 व 21-14 से हराया। कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर विश्वकर्मा ने किया, जबकि रेफरी की भूमिका अभिषेक पटेल एव चंदन ने निभाई । इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

एसएसबी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

रतनपुर/महराजगंज। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत श्यामकाट में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद वसीम द्वारा ग्रामीणों की चिकित्सकीय जांच की गई। जांच के दौरान मरीजों में निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर से कुल 82 ग्रामीण लाभान्वित हुए जिनमें 36 महिलाएं व 28 पुरुष एवं 18 बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर एसएसबी चिकित्सक उप निरीक्षक सतीश सिंह, मुख्य आरक्षी चिकित्सा राकेश कुमार, राजेश कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

बच्चों में मोबाइल का बढ़ता चलन, आंखों पर पड़ रहा गहरा असर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा । डिजिटल युग में बच्चों का रुझान तेजी से मोबाइल फोन की ओर बढ़ता जा रहा है। पढ़ाई, खेल और मनोरंजन के नाम पर मोबाइल का बढ़ता उपयोग अब बच्चों की सेहत, विशेषकर आंखों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कम उम्र में ही बच्चों में नेत्र संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। नेत्र विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन देखने से बच्चों में आंखों में जलन, सूखापन, सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना और कम उम्र में चश्मा लगने की समस्या सामने आ रही है। लगातार स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से आंखों की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे दृष्टि कमजोर होने की आशंका बढ़ जाती है।

इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीहा के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. श्याम लाल गौतम ने बताया कि मोबाइल गेम और वीडियो देखने की आदत के कारण बच्चे घंटों स्क्रीन से जुड़े रहते हैं। इसका दुष्प्रभाव केवल आंखों तक सीमित नहीं है, बल्कि नींद में कमी, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में गिरावट और शारीरिक गतिविधियों से दूरी जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। डा. गौतम ने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों के मोबाइल प्रयोग पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर 20 मिनट बाद आंखों को आराम देने, आउटडोर खेलों के लिए प्रेरित करने, योग व आंखों के व्यायाम कराने तथा सोने से पहले मोबाइल का उपयोग न करने की आदत डालनी चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि समय रहते जागरूकता नहीं बरती गई तो भविष्य में बच्चों को आंखों की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वस्थ दिनचर्या और मोबाइल से संतुलित दूरी बेहद जरूरी है।

कैंट थाना क्षेत्र में सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे का आरोप, 50 से अधिक परिवारों का जनजीवन प्रभावित

●प्रेस क्लब में फूटा मोहल्लेवासियों का दर्द, प्रशासन से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र के सिंधडिया मोहल्ले में वर्षों पुराने सार्वजनिक रास्ते पर जबरन कब्जे का आरोप लगाते हुए मोहल्लेवासियों ने गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर अपनी पीड़ा सामने रखी। प्रेस वार्ता में सिंधडिया निवासी प्रदीप चौधरी ने बताया कि उनके मोहल्ले का मुख्य रास्ता, जिससे होकर लगभग 50 से अधिक परिवारों का आवागमन होता है, उसे संकुचित कर बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदीप चौधरी ने आरोप लगाया कि कुंवर गौरव सिंह उर्फ प्रिंस सिंह यह कहते हुए रास्ता रोक रहे हैं कि उक्त भूमि की रजिस्ट्री उनके नाम हो चुकी है और अब वे जितना रास्ता देंगे, उतने में ही मोहल्लेवासियों को संतोष करना होगा। उन्होंने बताया कि महादेव झारखंडी, टुकड़ा नंबर-1 स्थित गाटा संख्या 364 व 366 में उनका पुस्तैनी मकान और सहन है और इसी रास्ते का उपयोग वर्षों से स्थानीय लोग करते आ रहे हैं। मोहल्लेवासियों के अनुसार, पहले इस रास्ते की चौड़ाई लगभग 15 फीट थी, जिससे चार पहिया वाहनों सहित सामान्य आवागमन सुचारू रूप से होता था। लेकिन हाल के दिनों में जेसीबी मशीन लगाकर पहले छोड़ी गई बाउंड्री तोड़ दी गई और रास्ता धीरे-धीरे संकुचित कर दिया गया। विरोध करने पर पहले 8 फीट और फिर केवल 5 फीट रास्ता देने की बात कही गई, जो किसी भी दृष्टि से पर्याप्त नहीं है। प्रदीप चौधरी ने कहा कि 5 या 8 फीट चौड़े रास्ते से न तो चार पहिया वाहन निकल सकते हैं और न ही आपात स्थिति में एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी सेवाएं पहुंच पाएंगी। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना या जनहानि हो सकती है। उन्होंने इसे सुनियोजित तरीके से सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा करने की कोशिश बताया।

प्रेस वार्ता में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह रास्ता पूरे मोहल्ले और आगे बसे दर्जनों परिवारों की जीवनरेखा है। रास्ता बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ितों ने शासन और जिला प्रशासन से मांग की कि कथित भू-माफिया द्वारा किए गए अवैध कब्जे की निष्पक्ष जांच कराई जाए, वर्षों पुराने 15 फीट चौड़े रास्ते को मुक्त कर यथावत बहाल किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

हेल्मेट तथा सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों पर की गई प्रवर्तनात्मक कार्यवाही, प्रचार वाहन रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 22.01.2026 को जनपद कानपुर नगर में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा दो पहिया वाहन चलाते समय तथा पीछे बैठे व्यक्ति को अनिवार्य रूप से हेल्मेट लगाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को छोड़कर अन्य समस्त वाहन चालकों को एवं उसमें बैठे यात्रियों / व्यक्तियों को सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत 'वाहन न चलाने, रांग साईड तथा तेज गति से वाहन न चलाने हेतु जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु कहा गया । उक्त प्रवर्तन कार्यवाही में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हेल्मेट नही लगाने के अभियोग में, सीटबेल्ट नहीं लगाने के अभियोग में एवं मोबाईल फोन का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई एवं सभी को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया । सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड के अभियोग में 13 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में बन्द किया गया । इसके अतिरिक्त अनफिट स्कूली वाहनों की जांच हेतु संबंधित स्कूलों में जाकर वाहन के समस्त प्रपत्र सही करने के साथ वाहन को भी सभी मानक के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए । आज दिनांक 22.01.2026 को प्रचार वाहनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के संबंध में प्रचार-प्रसार करने हेतु रवाना किया गया ।

सोशल मीडिया पर कर रहे हैं जागरूक, लोगों के दिलों-दिमाग पर छाप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा । विकास खंड रूपईडीह के कई ग्राम पंचायतों का जिम्मा संभाल रहे ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमन प्रजापति अपने सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण के कारण स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे सोशल मीडिया नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म्स का भी सक्रिय उपयोग कर रहे हैं और अपने विचारों के माध्यम से लोगों के दिलों-दिमाग पर सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर राधेरमन प्रजापति विभिन्न सामाजिक, प्रशासनिक और विकास संबंधी मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। उनके विचार स्थानीय लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं, जिससे समुदाय में सक्रिय संवाद और सोच-विचार को बढ़ावा मिल रहा है। उनके दृष्टिकोण से लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और युवा वर्ग भी उनके संदेशों से प्रेरित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि राधेरमन प्रजापति की सोच और उनके विचारों का प्रभाव सीधे समाज में दिखाई दे रहा है। वह केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपने पद का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायतों के विकास और सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासनिक पद पर रहते हुए सोशल मीडिया पर सक्रिय होना और लोगों तक अपने सकारात्मक विचारों को पहुँचाना आज के डिजिटल युग में एक नई दिशा का उदाहरण है। इस तरह की सक्रियता स्थानीय शासन और समाज के बीच संवाद को मजबूत करती है और लोगों को उनके अधिकारों तथा जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाती है। इस प्रकार राधेरमन प्रजापति का व्यक्तित्व और उनकी सोच विकास खंड रूपईडीह में एक मिसाल बन रही है, जहाँ उनके विचारों और कार्यों का असर दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है।

मारपीट व जानलेवा हमला में पांच नामजद समेत तीन अज्ञात पर हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोलाबाजार गोरखपुर- गोला उपनगर के वार्ड नंबर 10 में स्थित खेल कूद मैदान के पास गोला कौड़ीराम सड़क मार्ग पर बुधवार की शाम बाइक ओवर टेक की बात को लेकर हुए विवाद में मनबढ़ो ने बाइक सवार महिला और पुरुष को सरेआम सड़क पर दौड़ा कर पिटते हुए जान लेवा हमला बोल दिया।। बाईक पर सवार महिला और बीच बचाव करने वाले बुरी तरह घायल हो गए ।सड़क पर घंटों अफरातफरी मची रही।। घटना की सूचना पर पहुंची गोला पुलिस पीटने वाले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया शेष लोग भाग निकले।घायलों को सी एच सी गोला पर इलाज के लिए लोगो ने पहुंचाया।जिसमें एक घायल की स्थिति नाजुक देख डॉक्टर ने तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़िता की लिखित तहरीर पर नवागत थानाध्यक्ष गोला ने पांच नामजद एवं तीन अज्ञात पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दिया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, ग्राम रानीपुर निवासनी नेहा पुत्री संजय भारती ने पुलिस को तहरीर देकर सूचित किया कि बुधवार की शाम तकरीबन 4 बजे वह अपने भाई कृष्णा के साथ गोला बाजार से खरीदारी कर घर लौट रही थीं। गोला-कौड़ीराम मार्ग पर वीएसएवी इंटर कॉलेज के सामने उनकी बाइक को दूसरी बाइक सवार मनबढ़ो द्वारा ओवर टेक करना शुरू कर दिया गया ।। मना करने पर विवाद बढ़ गया। दुसरे बाईक सवार के साथी जितानी सोनकर, निखिल सोनकर, दीपक सोनकर, रस्तू सोनकर और मनोज सोनकर पुत्र चंद सोनकर, अपने साथ मौजूद करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब पीड़िता और अन्य लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो हमलावरों ने महिलाओं को भी लात-घूंसों से पीटा और जान से मारने की धमकी दिया।

मारपीट में मनोज सोनकर को गंभीर चोटें आई,।मनोज घटना स्थल पर ही बेहोश हो गया। घायलो को इलाज के लिए सी एच सी गोला पर ले जाया गया,। जहां डॉक्टर ने स्थिति नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए एंबुलेंस से तत्काल रेफर कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर युवक एक चर्चित गैंग से जुड़े सदस्य बताए जा रहे हैं और उन्होंने बीच-बचाव करने वालों को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।। स्थानीय लोगों द्वारा फोन करने पर तत्काल पुलिस पहुंची लेकिन दो हमलावर पुलिस के हाथ लगे शेष फरार हो गए । नवागत थाना प्रभारी राकेश रौशन सिंह ने बताया कि देर शाम तहरीर मिलने के बाद बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 126(2) और 110 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में गोआश्रय के पशुओं को लगा एफएमडी का टीका

देवरिया। जनपद के विकास खंड बैतालपुर में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीग्विजय यादव द्वारा की गई। पशु चिकित्सालय बैतालपुर की टीम बलटिकरा स्थित निराश्रित गोआश्रय स्थल पहुंची, जहां पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने गोआश्रय में मौजूद सभी पशुओं को एफएमडी से बचाव के लिए टीका लगाया। उन्होंने बताया कि विकास खंड बैतालपुर में पशु गणना के अनुसार कुल 13,500 पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान 22 जनवरी से 10 मार्च तक कुल 45 दिनों तक चलेगा, जिसमें टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। टीकाकरण कार्य में सुभाष चन्द्र के साथ पैरावेट्स राजकुमार यादव एवं दुष्यंत तिवारी ने सहयोग किया। पशुपालन विभाग ने पशुपालकों से पशु पंजीकरण में सहयोग करने की अपील की है, ताकि सभी पशुओं को समय पर टीका लगाया जा सके।

सड़क किनारे हरे पेड़ों की हो रही अवैध कटान, निगरानी बढ़ाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर-महराजगंज। नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के किनारे लगे कीमती अर्जुन और भीलोर के पेड़ों की अवैध कटान लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि जिम्मेदार इस पर पूरी तरह मौन नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि सड़क किनारे वर्षों पुराने बहुमूल्य पेड़ या तो काट लिए जा रहे हैं, या फिर गिरने के बाद लंबे समय तक वहीं पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि उत्तरी चौक रेंज के अंतर्गत महदेईया स्थित पुलिया संख्या 81/2 के पास खड़ा एक मोटा भीलोर का पेड़ अज्ञात लोगों द्वारा काटकर उठा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अवैध कटान की घटनाएं अब आम हो गई हैं, लेकिन विभाग की ओर से न तो निगरानी बढ़ाई जा रही है और न ही दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। इसके अलावा नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के किनारे कई कीमती पेड़ वन विभाग की लापरवाही के चलते वर्षों से गिरे पड़े हैं। समय पर संग्रहण न होने के कारण उनकी लकड़ी सड़ रही है। वहीं मौके का फायदा उठाकर कुछ लोग कुल्हाड़ी से लकड़ी फाड़कर चुपचाप उठा ले जा रहे हैं। इस पूरे मामले में वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि वन विभाग तत्काल सक्रिय होकर अवैध कटान पर रोक लगाए तथा गिरे हुए पेड़ों की लकड़ी को सुरक्षित स्थान पर रखवाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ताकि बहुमूल्य वन संपदा को बचाया जा सके।

पुलिस की मुठभेड़ में 02 नफर गौ तस्कर गिरफ्तार, एक पुलिस कर्मी घायल

●कब्जे से 01 पिकअप वाहन से 09 राशि गोवंश, 02 अदद अवैध तमंचा, कारतूस बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद में गौ-तस्करी, अन्तर्राज्यीय गौ-तस्करों तथा वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना घोरावल, करमा व शाहगंज पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ पशु तस्कर 01 पिकअप(बिना नम्बर प्लेट के) से कुछ गौवंश को मध्य प्रदेश वार्डर(थाना घोरावल क्षेत्र) से बिहार वध करने हेतु ले जा रहे है। उक्त सूचना पर थाना घोरावल, करमा व शाहगंज पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग टीमे बनाकर तत्काल मौके पर पहुँचकर खाखे मोड़ नहर पुलिया चौराहा के पास घेराबन्दी की गई। जिसमें खुद को घिरता देखकर अपराधियों द्वारा भागने के प्रयास में पिकअप से एक मुख्य आरक्षी को टक्कर मारकर घायल कर दिया गया । भागने के दौरान पुलिस बल के उपर फायरिंग शुरु कर दी गई, जिसमें पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तगण 01. चालक सिद्धनाथ खरवार पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम अमहरा, थाना अधौरा जिला कैमूर, बिहार उम्र करीब 29 वर्ष एवं 02. वाहन मालिक ओमप्रकाश यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी चैनपुर, भभुआ बिहार उम्र करीब 30 वर्ष के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। कब्जे से 01 पिकअप वाहन में 09 राशि गौवंश(एक मृतक अवस्था में), 02 अदद अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । घायल अभियुक्तों एवं घायल मुख्य आरक्षी राजीव कुमार को इलाज हेतु सीएचसी घोरावल पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना घोरावल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम कैमूर बिहार के रहने वाले है। हम लोगों का एक गिरोह है जो काफी दिनों से गौ तस्करी का काम करते है। हम लोग आज भी इन 09 राशि गौवंशों को मध्य प्रदेश के बॉर्डर(थाना घोरावल क्षेत्र) के पास से लादे थे तथा नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाते थे। इसके पूर्व में भी कई बार हम लोग इसी योजना के तहत ले चुके है । वध के लिए बिहार से पश्चिम बंगाल भेजा जाता है ।पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण क्रमशःचालक सिद्धनाथ खरवार पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम अमहरा, थाना अधौरा जिला कैमूर, बिहार उम्र करीब 29 वर्ष, वाहन मालिक ओमप्रकाश यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी चैनपुर, भभुआ बिहार उम्र करीब 30 वर्ष,

दो अन्य वांछित

पुलिस मुठभेड़ में सम्मिलित पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक विनोद यादव, थाना घोरावल, प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, थाना करमा , थानाध्यक्ष राम सिंहासन शर्मा थाना शाहगंज , हे0का0 शिवमंगल, का0 संदीप कुमार, हे0का0 राजीव कुमार (घायल) थाना घोरावल , हे0का0 संजय गुप्ता, हे0का0 संदीप सिंह, हे0का0 विवेक गिरी थाना करमा , उ0नि0 सकिल अहमद, का0 विनय कुमार थाना शाहगंज शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

प्रभु श्रीराम राज्याभिषेक एवं विशेष दुर्गा शक्ति पूजन का हुआ आयोजन

बरेली/रिठौरा। आशीष रायल पार्क कालोनी के फेस चार में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान गणेश पूजन,मां दुर्गा का अभिषेक एवं पूजन किया गया।अयोध्या में भगवान राम का तृतीय प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया। इस पावन दिवस पर भगवान राम का अभिषेक एवं पूजन किया गया. तथा सुन्दर कांड का पाठ किया गया. दोपहर तीन बजे से चतुर्थ दिवस की कथा में व्यास पीठ से आचार्य प्रभु जी महाराज ने भगवान राम के चरित्र एवं लीलाओं का हदय स्पर्शी वर्णन किया। एवं भगवान वेद व्यास तथा शुकदेव जी के प्राकट्य का विस्तृत वर्णन किया. जिसको सभी भक्त गणों ने मंत्र मुग्ध होकर सुना। कथा के मध्य आचार्य जी द्वारा गाए गए मनभावन भजनों का सभी भक्तों द्वारा आनंद लिया गया। कथा में कालोनी - वासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया ? जिसमें आयोजक डा सुबोध दीक्षित, सुषमा दीक्षित ,डॉ एस एम सिंह, के अतिरिक्त एस एस राठौर, एन एस अग्रवाल, के के अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आर पी यादव, सुमित दीक्षित, रमेश मिश्रा, के के लाल, प्रियंका दीक्षित,संध्या शुक्ला, सीता सिंह, शशी अग्रवाल, सविता अग्रवाल,चंचल अग्रवाल, मीना गंगवार आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए जनवरी को बसंत पंचमी है. इस उपलक्ष में शुक्रवार सुबह नौ बजे से सरस्वती पूजन एवं अभिषेक होगा. तथा खिचड़ी प्रसाद वितरित होगी। तथा दोपहर 3 बजे से श्री देवी भागवत कथा होगी।यह जानकारी डॉ सुबोध दीक्षित ने दी है।

.ग्रीन यूथ आइकॉन अवॉर्ड से नवाजे जाएंगे बरेली के मोहित शर्मा

बरेली/ आशुतोष सिटी निवासी युवा मोहित शर्मा को दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रीन यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार हेतु मोहित शर्मा का चयन विश्व पर्यावरण परिषद के द्वारा उनके पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय योगदान के लिए किया गया हैं। मोहित पिछले कई वर्षों अनेक सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहें हैं, जिसमें पर्यावरण के क्षेत्र में वह अभी तक 60 से अधिक पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने में मुख्य भूमिका निभाई हैं और साथ ही साथ विगत 8 वर्षों में उन्होंने लगभग 7 हजार से अधिक वृक्षों को वृक्षारोपण भी किया हैं। वह प्लास्टिक मुक्त अभियान के जरिए स्वयं इको ब्रिक के बनाकर प्लास्टिक का निस्तारण, कपड़े के थैले वितरण करना, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। वह नगर निगम बरेली के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी विगत 3 वर्षों से जनपद में कार्यरत हैं और कई वर्षों से इसके लिए प्रयासरत हैं, जिससे लोगों के स्वभाव में स्वच्छता का भावना आ सकें,जिसमें कूड़ा निस्तारण,प्रथक्करण,खाद निर्माण आदि को लेकर अभियान के जरिय समाज को जागरूक कर रहे हैं,जो पर्यावरण के लिए लाभकारी होता हैं। उनके इन्हीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दिए गए योगदानों के लिए उन्हें विश्व पर्यावरण परिषद ने ग्रीन यूथ आइकॉन अवॉर्ड के लिए चयनित किया हैं। मोहित शर्मा अपने सामाजिक योगदानों के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार एवं जनपद, राज्य राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों बार सम्मानित किए जा चुके हैं। मोहित के चयन पर उनके परिवार एवं मित्रों ने उन्हें बधाई दी हैं।

रोजगार मेला का आयोजन 24 जनवरी को



ब्यूरो प्रयागराज। पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, प्रयागराज कुमार ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, प्रयागराज में दिनांक 24.01.2026 को प्रातः 09:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअली वीडियोंकान्फ्रेंस के माध्यम से नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे।

मनरेगा घोटाला: काग़ज़ों पर बही विकास की गंगा, पी एम से शिकायत, कार्रवाई शून्य

● पंचायत सचिव, रोजगार सेवक की मिलीभगत और खंड विकास अधिकारी बीजूआ के संरक्षण खेल होने आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मामला विकास खंड बीजूआ की ग्राम पंचायत ,बेलहा शिकतिहा का है।जहां भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में काग़ज़ों पर काम दिखाकर लाखों की धनराशि का दुरूपयोग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से लगभग आधा दर्जन कार्य धरातल पर कराए ही नहीं गए।महज काग़ज़ों पर काम दिखाकर दस लाख रुपये का भुगतान निकाल कर आपस में बंदर बाट कर लिए जाने की शिकायत कर शिकायत कर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि मनरेगा में फर्जी हाजिरी और पुराने फोटो अपलोड कर जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है। वहीं सूत्र बताते हैं कि काग़ज़ों पर काम दिखाकर सरकारी खजाने को जमकर चुना लगाया गया है। काग़ज़ों पर दिखाए गए कामों पर एक नजर डालें तो 1.कुटी के बाग से अर्जुन के खेत तक चकबंद कार्य।2.राधे के खेत से खुशी राम के खेत तक चकबंद कार्य।3.गजाधर के खेत से शुकई के खेत तक चकबंद कार्य 4.धने के खेत से नाली तक चाक बंद कार्य 5.अशोक कुमार की बाग में मेंबंदी कार्य आदि अन्य कार्य कराए वगैर ही काग़ज़ों पर काम दिखाकर लगभग दस लाख रुपया का गोलमाल कर लिया गया। उपरोक्त आरोप लगाते हुए शिकायत कर्ता ने मुख्यमंत्री और प्रधान मंत्री भारत सरकार से मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई और सरकारी धनराशि की रिकवरी कराए जाने की मांग की है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक भारी कमिशन के फ़ेर में कुछ फाइलों पर वगैर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर के ही भुगतान निकाले जाने के आरोप लगाए गए हैं। यदि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर करा ली जाए जांच तो बड़ा घोटाला सामने आयेगा। क्या कहते है पंचायत सचिव गोल्डी वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन ठ्ठ लग पाने के कारण उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकीं।

झोलाछाप डॉक्टर ने निगली मासूम की जान

मैगलगंज कस्बा क्षेत्र से एक बेहद दुखद और चिंताजनक मामला सामने आया है। आरोप है कि कस्बे में सक्रिय एक अनट्रेंड (अप्रशिक्षित) डॉक्टर की लापरवाही के चलते एक मासूम की जान चली गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा सही इलाज न किए जाने के कारण युवक की हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अनट्रेंड डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है।सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद से संबंधित डॉक्टर और उसके साथ जुड़े कुछ लोग मामले को मैनेज करने में जुटे हुए हैं, सबसे बड़ा सवाल यह है किआखिर ऐसे अनट्रेंड डॉक्टर कब तक मासूमों की जान से खेलते रहेंगे? यदि स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते ऐसे अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की होती, तो संभवतः आज एक मासूम की जान बचाई जा सकती थी।स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि ऐसे अनट्रेंड डॉक्टरों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसा दर्द न झेलना पड़े।

माँ पीतांबरा महायज्ञ के उपलक्ष्य में टूंडला नगर में निकली वेद भगवान जी की भव्य पालकी यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला- विश्व कल्याणार्थ आयोजित 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ, स्थान राजा का ताल के निमित्त आज टूण्डला नगर में श्री वेद भगवान जी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर नगर भ्रमण पर निकली, जिसमें क्षेत्र के नगरवासी एवं श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।पालकी यात्रा के दौरान पूरा नगर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर, जयघोष के साथ श्री वेद भगवान जी का स्वागत किया। धार्मिक भजनों, मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच निकली इस यात्रा ने नगरवासियों को अध्यात्म और आस्था से जोड़ दिया।इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों, धर्मप्रेमी नागरिकों एवं मातृशक्ति की विशेष सहभागिता देखने को मिली। पालकी यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं ने महायज्ञ की सफलता एवं विश्व कल्याण की कामना की।आयोजकों ने बताया कि राजा का ताल में आयोजित होने वाला 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ समाज में आध्यात्मिक चेतना, शांति और सद्भाव का संदेश देगा।कार्यक्रम मुख्य रूप से धर्मेश शर्मा, भाजपा नगर दिनेश गुप्ता, योगेंद्र उपाध्याय, शिव शंकर शर्मा, पवन जादौन, वृंदावन लाल गुप्ता, दीपक चौधरी, लोकेश जादौन, विष्णु तिवारी, रामतीर्थ चक, लोकेंद्र पूनिया, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद बाबू कन्हैया पूनिया तथा क्षेत्रवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा निकाली गई अलग-अलग क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा व बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप की अध्यक्षता में ग्राम अहमदनगर के क्लेश हरण मंदिर से श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर श्री राम दरबार श्री हनुमान दरबार की झांकी प्रस्तुत कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा अहमदनगर से धौरहरा मनिकापुर व ग्रामों से होते हुए पुनः ग्राम अहमदनगर में संपन्न हुई। वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक बांकेगंज के ब्लॉक उपाध्यक्ष निखिल कुमार की अध्यक्षता में ग्राम बुझिया से कुंवरपुर व कई ग्राम होते हुए संसारपुर से भरिगवा चौराहे तक विशाल बाइक रैली निकाली है। जो भरिगवा श्री हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। दोनों कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में किये गये जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विभाग संगठन मंत्री श्री रमाकांत अवस्थी जी रहे। जिन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें हिंदू धर्म के प्रति जागरूक रहना है और ज्यादा से ज्यादा हर गांव में श्री हनुमान चालीसा चलाये। वही राकेश कनौजिया ने कहा कि हमें गांव गांव जाकर हिंदू एकता का संदेश देना है क्योंकि हिंदुओं पर अत्याचार लगातार बढ़ रहा है। जिसको रोकने के लिए हर हिंदू भाई को एकजुट करने का हमारा लक्ष्य है। शोभा यात्रा में जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा,जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल,मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा, नगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता,नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार,नगर महामंत्री विकास कनौजिया,विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप,ब्लॉक अध्यक्ष कुंभी संजय सिंह चौहान,ब्लॉक मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह चौहान,जिला संयुक्त मंत्री पुष्पेंद्र सिंह चौहान,जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला,ग्राम प्रधान मुकेश गुप्ता,जिला संयुक्त HP अशोक जायसवाल,अंशु वर्मा,मनोज वर्मा,सुरेश वर्मा,अनूप वर्मा,एडवोकेट प्रशांत श्रीवास्तव, करन,अरविंद कश्यप,अरविंद मौर्य,विवेक मिश्रा,ठाकुर पंकज सिंह,विपिन भास्कर,आकाश भारती,विशाल वर्मा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झमपुरवा चौराहे पर मेडिकल की आंड़ में झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जीवन से कर रहे खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों का गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। खीरी जनपद का स्वास्थ्य विभाग भी इन झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। खीरी जनपद के झमपुरवा में भी झोलाछाप डॉक्टरों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। झमपुरवा चौराहे पर अवैध अस्पताल चलाने वाले तीन तथाकथित झोलाछाप डॉक्टर आजकल खासा चर्चा में है। आरोप है कि तथाकथित झोलाछाप डॉक्टर बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से मेडिकल सेंटर आंड़ में अवैध क्लीनिक चला रहा है। जहां नीम हकीम खतरा ए जान की तर्ज पर तथाकथित झोलाछाप तीनों डॉक्टर भोले-भाले ग्रामीणों का इलाज कर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तथाकथित झोलाछाप डॉक्टर बीते काफी समय से झमपुरवा चौराहे पर अपना क्लीनिक चला रहे है। जहां तथाकथित झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के कई मरीजों की जान भी जा चुकी है। जिसको लेकर तीमारदारों ने सीएमओ से भी शिकायत की है, लेकिन धन बल के चलते तथाकथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव के ही एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तथाकथित झोलाछाप डॉक्टर लोग जीवन रक्षक दवाइयों की आंड में नशीली गोलियों व कैप्सूलों की भी सरेआम बिक्री भी करता है। झमपुरवा गांव के लोगों ने मांग की है कि झोलाछाप डॉक्टरों के इस अवैध क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से बन्द करवाया जाये, जिससे भोले-भाले मरीजों की जान जाने से बच सके। फिलहाल अब देखना यह है कि सीएमओ इन तथाकथित झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित मेडिकल की आंड़ में अवैध क्लीनिकों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आजमगढ़ में विधायक श्री राम सोनकर से की मुलाकात

आजमगढ़ में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मोहम्मदाबाद गोहना के विधायक श्रीराम सोनकर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आजमगढ़ की जनता से आगामी चुनावों में 'कमल खिलाने' की अपील की। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इन योजनाओं की व्यापक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से गरीब कल्याण, शिक्षा, विश्वविद्यालयों की स्थापना तथा 'एक जनपद–एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश और देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, राष्ट्रीय गौरव की भावना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर भी अपने विचार रखे। उपमुख्यमंत्री ने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक श्रीराम सोनकर अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में युवा एवं समर्थक मौजूद रहे।

किस आधार पर दी गई चभाल फार्म पर विद्यालय की मान्यता

क्या शिक्षा विभाग भी सहयोगी है भूमाफियाओं का

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम बसैगापुर में भूमाफिया ने पहले चभाल कृषि सहकारी समिति की 258 एकड़ जमीन का खुर्द बुर्द करके बैनामा करवा कर जमीन पर कब्जा कर लिया फिर इस विवादित भूमि पर शायद सदा के लिए कब्जा बनाए रखने के लिए स्कूल खोलकर बच्चों को पढ़ाने लगे और उसकी सरकारी तौर पर बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता भी ले ली। बताया जाता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता नहीं मिल सकती है। मिली जानकारी के अनुसार भू माफियाओं ने 2017 में तेज रसीला पब्लिक स्कूल नाम से स्कूल खोलकर कक्षा 8 तक मान्यता करा ली। एक तरफ शिक्षा विभाग कहता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता ना देने का सरकार का प्रावधान है परंतु 2017 में खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह ने शासनादेश को ताक पर रख कर धता बताते हुए भू माफियाओं के स्कूल को मान्यता दे दी जिसको वह माफिया चला रहे हैं। इस विवादित भूमि की जांचवा कार्रवाई तेज होने के बाद एक भूमाफिया चंद्र प्रकाश अरोड़ा अब उस जमीन पर गुरु कृपा आश्रम खोलकर जमीन को अपने कब्जे में बनाए रखने का प्रयास कर रहा है क्योंकि सन 2024 अप्रैल में सहायक निबंधक सहकारिता ने उक्त जमीन पर गेहूं की फसल काटे जाने व भूमाफियाओन के प्रवेश पर रोक लगाई थी।

सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा धारकों को जिम्मेदारो का संरक्षण होने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। तहसील गोला में तहसील प्रशासन और अवैध कब्जा धारकों के बीच चल रही मिली भगत के चलते जमकर सरकारी जमीनों खेल मैदान ,तालाब, खलिहान ,चक मार्ग, के नाम पर आरक्षित जमीनों पर आलीशान मकान खड़े कर लिए गएहै ।सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस खेल में ग्राम प्रधान से लेकर लेखपाल तहसीलदार तक के शामिल होने की बात प्रकाश में लाई जा रही है। केस नंबर 1 मामला गोला तहसील के गांव जटपुरा का है जहां पर प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज कागजात भूमिगत संख्या 1105/ 0.2500, गाटा संख्या 474/ 0.1000,159/ 0.0600हे 0 आदि जमीन प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित दर्ज कागजात हैं और यहीं पर गाटा संख्या 1192/ 0.1500हे 0जो खेल मैदान के नाम राजस्व अभिलेखों में आरक्षित दर्ज कागजात जमीन है उक्त खेल मैदान की जमीन पर दबंगों में ठाकुर प्रसाद शिवकुमार सुरेंद्र यादव किताबुद्दीन सहित अन्य लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा करके पक्का निर्माण करा लिया गया है। उक्त अवैध कब्जे की दर्जनों शिकायतें हुई लेकिन अवैध कब्जा हटवाया जाना तो दूर शिकायतों में लेखपाल भूपेंद्र द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जाता रहा। मामले की पुनः सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर खेल मैदान की आरक्षित जमीन को खाली कराए जाने की मांग गई तो तहसील प्रशासन ने मौके की पैमाइश तो कराई लेकिन अवैध निर्माण को नहीं रुकवाया गया। शिकायतकर्ता सहित ग्रामीणों का आरोप है कि इस खेल में प्रधान कुलदीप कुमार लेखपाल कानून गो ,सहित तहसीलदार तक शामिल हैं यही कारण है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद ,भी आज तक तहसील दार ने कोई कार्रवाई नहीं की।और ना ही खेल मैदान की सरकारी जमीन को खाली ही कराया जा रहा है । सूत्रों के अनुसार विपक्षी गणों को नोटिस देकर मामले को जानबूझकर लंबा किया जा रहा है।

केश 02.. गोला तहसील के ग्राम हरदुआ का है जहां तालाब को पाटकर उस पर मकान बना लिया गया है। यहा पर भी तहसील दार द्वारा नोटिस देकर मामले को लंबा किया जा रहा है। 67(1) की कार्रवाई के नाम पर भारी भरकम सुविधा शुल्क वसूल कर तालाब पर अवैध कब्जा धारक राम मास्टर को अभय दान दिया जा रहा है।शिकायत कर्ता ने उक्त आरोप लगाते हुए तहसील दार गोला की लिखित शिकायत राजस्व परिषद अध्यक्ष से कर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत कर्ता संजय कुमार का आरोप है कि जब लेखपाल कानूनगो की जांच में अवैध निर्माण की पुष्टि हो चुकी हैं और एक नोटिस भी चस्पा की जा चुकी हैं। आखिर फिर क्यों मामले को लंबा किया जा रहा है।यहां पर सैकड़ो शिकायतें दर्जनों आईजीआरएस शिकायतें की गई सभी में मनमानी फर्जी रिपोर्ट लगाकर तहसील प्रशासन द्वारा शासन प्रशासन को गुमराह किया जाता रहा है ।और इसके एवज में अवैध कब्जे धारकों से मोटी कमाई किए जाने के आरोप तहसीलदार व उनके मतहतो पर लगाये जा रहे हैं ।तहसील प्रशासन की इस खाऊं कमाऊं नीति से आहत शिकायतकर्ता संजय कुमार ने उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में याचिका योजित कर अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। साथ ही साथ अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले तहसील प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की भी मांग अध्यक्ष राजस्व परिषद से की है।

युवा पीढ़ी को तबाह करने में जुटे अवैध सट्टा कारोबारी

● मामला जेल गेट चौकी क्षेत्र का बताया जाता है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी जनपद में अवैध सट्टेबाजी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। सट्टेबाजी के इस अवैध कारोबार में कोतवाली सदर की जेल गेट पुलिस चौकी का क्षेत्र सबसे अधिक बदनाम है। आरोप है कि जेल गेट पुलिस की सांठगांठ से ही सट्टेबाजी का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। जिसके चलते शातिर सट्टेबाज धड़ल्ले से सट्टेबाजी का अवैध कारोबार चला युवा पीढ़ी को तबाह करने में जुटे हुए हैं।जानकारी के मुताबिक कोतवाली सदर की जेल गेट पुलिस चौकी क्षेत्र के हिदायतनगर, नौरंगाबाद व प्यारेपुर मोहल्लों समेत कई जगह अवैध सट्टेबाजी का काला कारोबार धडल्ले से हो रहा है। सूत्रों की मानें तो शहर के इन मोहल्लो की हर गली, नुक्कड़, खोखे समेत विभिन्न स्थानों पर शातिर सट्टेबाज व उनके एजेंट सट्टा लगवाते दिख जायेंगे। वहीं कई शातिर सट्टेबाज तो मोबाइल ऐप पर ही सट्टे का अवैध कारोबार करते नजर आ जायेंगे। सबसे खास बात यह है कि सट्टेबाजी के कारोबारियों ने बहुत कम उम्र के मासूम युवकों को अपना निशाना बना रखा है। बताते है कि शातिर सट्टेबाज दिन भर में करीव पांच बार सट्टा खिलवाते है। किसी का नंबर लगे या न लगे, पर इन सट्टेबाजों को मोटा कमीशन जरुर मिल जाता है। सट्टेबाजी के इस काले धंधे में शहर के हिदायतनगर मोहल्ले के सट्टेबाज शाबान का नाम काफी चर्चित है। जो बेखौफ होकर शहर में सट्टेबाजी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो सट्टेबाजी का यह अवैध कारोबार बाकायदा पुलिस की सांठगांठ से चल रहा है। सट्टेबाजी के कारोबार में मोटी कमाई होने के चलते सट्टेबाज जेल गेट पुलिस चौकी पर लगातार चढ़ावा चढ़ाते हैं। जिसकी बदौलत जेल गेट पुलिस इन सट्टेबाजों के विरुद्ध कार्रवाई करना तो दूर की बात है, इनकी तरफ नजर उठाकर देखती तक नहीं है। जेल गेट पुलिस की इसी खाऊ कमाऊ नीति के चलते एक तरफ जहां लोग अपनी गाढ़ी कमाई सट्टेबाजी में गवां रहे हैं, वहीं सट्टेबाजी में शामिल युवा पीढ़ी धीरे धीरे अपराध जगत की दल दल में और अधिक फंसतीं जा रही है। लेकिन जेल गेट पुलिस अपनी जेबों को भरने के लिए सट्टेबाजी के काले कारोबार पर अंकुश लगाने की जगह उसे बढ़ावा दे रही है। फिलहाल खीरी जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा को स्वत संज्ञान लेकर सट्टेबाजी के इस काले कारोबार पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश देने होंगे। जिससे जिले की युवा पीढ़ी इन अवैध सट्टा कारोबारियों के चंगुल से आजाद हो सके ।

जगह-जगह उखड़ने लगी दो माह पूर्व बनी सड़क

● लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया मानक विपरित गुणवत्ता विहीन मरम्मत कार्य

मैगलगंज बाईपास से लिधियाई, मुबारकपूर होते हुए चौगनपूर तक हुआ सड़क मरम्मत कार्य पर खड़े हो रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मैगलगंज खीरी। कस्बा मैगलगंज बाईपास से चौगनपूर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए सड़क मरम्मत कार्य पर भ्रस्टाचार ,और मानक विपरीत घटिया किस्म का निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि कई गांवों को जोड़ने वाली यह सड़क लोक निर्माण के चहेते ठेकेदार के भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ कर रह गई है। कई गांवों के ग्रामीणों का आरोप है कि लोकनिर्माण विभाग के जे. ई. और ठेकेदार की मिलीभगत से मानकों को ताक पर रखकर घटिया किस्म की साम्रगी से गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराया गया है। जिससे यह सड़क आज बनने के दो माह पूर्व ही उखड़ने लगी है। जगह-जगह सड़क में गड्ढा हो गए हैं सड़क पर हादसों का खतरा बढता जा रहा है। ग्रामीणों ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों पर मामला की अनदेखी किए जाने के गंभीर आरोप लगाये हैं द्य ग्रामीणों का कहना है कि दो माह पहले बनी इस सड़क पर निकलना दूभर हो गया है।वही सड़क निर्माण में की गयी धांधली खुलकर सामने आ रही है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के चलते ही सड़क जगह जगह टूट गई और गड्ढा में तबदील हो गई हैं। ग्रामीणों ने इसे विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और भ्रस्टाचार का मामला बताते हुए मामले की जांच करवाकर सड़क का पुनः गुणवत्ता युक्त निर्माण कराए जाने की मांग की है।

ढकिया बर्कली साहब गांव में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई गई

बरेली / रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन गांव के शिव मंदिर में हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खीर के रूप में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शिव ओम राठौर ने कहा कि सैकड़ों वर्षों की तपस्या के बाद अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्मित हुआ है। इसी रामभक्ति के तहत राम भक्तों द्वारा भगवान राम का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में शाम को भी लोगों ने दीप जलाकर उत्सव मनाया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, जो भगवान राम के प्रति उनकी आस्था और मंदिर निर्माण की खुशी को दर्शाता है। इस विशेष आयोजन में सुरेश कुमार राठौर, रमेश कुमार राठौर, शिव ओम राठौर, सोहन लाल राठौर, वीरपाल राठौर, लेखराज राठौर, ओम प्रकाश कश्यप और छेदालाल सागर सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

मनाया गया कृष्ण रुक्मणी विवाहोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मैलानी-खीरी। मैलानी स्थित सिद्धिविनायक पब्लिक स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने छठे दिन की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान ने कामदेव के ऊपर विजय प्राप्त करने के लिए रासलीला की।लीला करके कामदेव को परास्त किया।श्री कृष्ण का जन्म आतंक का अंत करने के लिए हुआ।इसको समाप्त करने के लिए वृंदावन से मथुरा गये।वहां कृष्ण बलराम और सखाओं का स्वागत हुआ।मथुरा धनुष भंग,हाथी का बध,कंस का बध किया।उसके बाद गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने गए। सान्दीपनि मुनी से शिक्षा प्राप्त की।वहां सुदामा जैसे मित्र की प्राप्ति हुई।64 दिन में 64 प्रकार की कलाओं को सीखा।मथुरा पहुंचकर अपने सखाओं याद कर रोए,तब उद्धव जी को उनके पास समझने के लिए भेजा,लेकिन उद्धव जब पहुंचे,तो उलझ गए कि उनके प्रेम का जवाब नहीं दे पाए।खुद वहां से भगवान को लेने आए।भगवान ने बताया कि उद्धव तुम ज्ञानी तो थे,लेकिन प्रेम की कमी थी,इसलिए प्रेम आवश्यक है।भगवान के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भीष्मक राजा जिनकी सबसे छोटी पुत्री रुक्मणी,जिसका विवाह रुक्मी ने शिशुपाल से तय कर दिया था।जब यह बात रुक्मणी को पता चली,तो उन्होंने अपनी भाभी से कहा कि हमारी सगाई शिशुपाल से तय कर दी।मैं तो द्वारकाधीश से प्रेम करती हूं। भाभी ने कहा तुमने द्वारकाधीश से प्रेम किया है,तो तुम उनके लिए एक पत्र लिखो। द्वारकाधीश ने जब विवाह का पत्र देखा,स्वयं रथ ले कुंणनपुर गए,वहां 10000 सैनिक रुक्मी ने लगा रखे थे।लेकिन द्वारकाधीश से सब हार गये।भगवान रुक्मणी को ले आए।भगवान की धूमधाम से बारात ला

संक्षिप्त खबरें

मतदाता दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

चुनार, मीरजापुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा छात्र संगोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व' निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रतीक सिंह,एम ए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर शबनम ,बी.ए.पंचम सेमेस्टर, तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से कृति एवं जुबेर बी ए पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के संयोजक राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रोफेसर माधवी शुक्ला एवं सह विभाग प्रभारी डॉ रमेश चन्द्र रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या माधवी शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि 'भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मत का महत्व समझना चाहिए ।इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित प्राध्यापकगण डॉ चन्दन साहू,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ संकटा सोनकर , डॉ शेफालिका राय,डॉ अवधेश कुमार, डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ नलिनी सिंह,डॉ शिखा तिवारी,डॉ अमित कुमार,डॉ चन्दन द्विवेदी,डॉ गुरू प्रसाद डॉ रीता मिश्रा,डॉ मंजुला शुक्ला,डा विद्या सिंह,डॉ अदिती सिंह सहित समस्त प्राध्यापक , शिक्षणेतर कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

महिमा होंडा का भव्य उद्घाटन

नारायनपुर , मीरजापुर। चुनार तहसील के नारायनपुर में गुरुवार भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष के कर कमलों से महिमा होंडा प्रतिष्ठान का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्रोपराइटर संजय केसरी,शशांक त्रिपाठी शिव मोटर,होंडा एरिया इंचार्ज बृजेश झा ,राज कुंवर ,ओम शिवम ,तिलकधारी मोदनवाल ,अंकित पटेल,अश्विनी सिंह,शुभम केसरी, सौरभ पुजारी,रुचि केसरी, प्रियांशु केसरी ,यश केसरी, नंदलाल केसरी ,राजेश चंद्र,मोहन ,विजय इत्यादि उपस्थित रहे।

महिमा होंडा का भव्य उद्घाटन

नारायनपुर , मीरजापुर। चुनार तहसील के नारायनपुर में गुरुवार भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष के कर कमलों से महिमा होंडा प्रतिष्ठान का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शशांक त्रिपाठी शिव मोटर,होंडा एरिया इंचार्ज बृजेश झा ,राज कुंवर ,ओम शिवम ,तिलकधारी मोदनवाल ,अंकित पटेल,अश्विनी सिंह,शुभम केसरी, सौरभ पुजारी,रुचि केसरी, प्रियांशु केसरी ,यश केसरी, नंदलाल केसरी ,राजेश चंद्र,मोहन ,विजय इत्यादि उपस्थित रहे।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगे गए 1,00,646 रुपये को पुलिस ने कराया वापस

भदोही। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम थाना भदोही द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी गई 1,00,646 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में सुरक्षित वापस कराई गई। धनराशि वापस पाकर पीड़ित ने भदोही पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद में बढ़ रहे साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर सेल, साइबर क्राइम थाना एवं हेल्प डेस्क को निर्देशित किया है कि धोखाधड़ी अथवा सोशल मीडिया के दुरुपयोग से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बताया गया कि वर्ष 2024 में वादी मुकदमा धर्मेंद्र यादव को आरोपियों ने विश्वास में लेकर शेयर मार्केट में पैसा लगाने के बहाने लगभग तीन लाख रुपये की ठगी की थी। इस संबंध में साइबर क्राइम थाना पर मु0अ0सं0-06/25, धारा 318(4), 319(2) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई। साइबर क्राइम थाना की टीम ने वादी द्वारा ट्रांसफर की गई धनराशि को एनसीईआरपी पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर संबंधित बैंक खातों को होल्ड कराया तथा बैंकों से पत्राचार कराते हुए ठगी गई 1,00,646 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई। अपनी धनराशि पुनः प्राप्त होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक भदोही, अपर पुलिस अधीक्षक एवं साइबर क्राइम थाना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

अनाधिकृत रूप से भू-विन्यास (लेआउट) विकसित करने के विरूद्ध की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

● बीडा प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये कोई भी निर्माण न करें- मुख्य कार्यपालक अधिकारी किसी भू-विन्यास(लेआउट) में कोई भी भूखण्ड क्रय करने से पूर्व मानचित्र की स्वीकृति के सम्बन्ध में बीडा से प्राप्त कर लें जानकारी

●जिन व्यक्तियों ने बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कर लिया है,उक्त अवैध निर्माण को भी शीघ्र ही प्राधिकरण से कराएं विनियमित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही- जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीड़ा शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में उप कार्यपालक अधिकारी अनीता देवी द्वारा अवगत कराया गया कि बीडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र मौजा हरियांव तहसील व जिला भदोही के गाटा सं0 62, 63मि0, 68 पर लगभग 7800 वर्गमी0 में देवी प्रसाद पुत्र विश्वनाथ, निवासी-हरियांव, भदोही, श्रीमती शालू देवी पत्नी स्व0 बच्चा लाल, निवासी चकइनायत, भदोही व कार्तिक जायसवाल पुत्र देवी प्रसाद निवासी चकइनायत, भदोही हालमुकाम काजीसराय, पो0 बड़गांव, हरहुआ, तह0-सदर, जिला वाराणसी द्वारा अनाधिकृत रूप से भू-विन्यास (लेआउट) विकसित किया गया था। बीडा द्वारा उ0प्र0 औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा 9 व 10 के अन्तर्गत अनधिकृत निर्माणकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस व विकास कार्य रोकने का आदेश निर्गत करते हुए सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया गया, परन्तु अनधिकृत निर्माणकर्ताओं ने उक्त लेआउट को प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं कराया गया। अतः 22 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी, भदोही/मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीडा के आदेश के क्रम में नामित मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी (न्यायिक), भदोही बरखा सिंह के नेतृत्व में उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्राधिकरण के अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा प्रशासन के सहयोग से सम्पन्न करायी गयी। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीडा द्वारा इस सम्बन्ध में जनसामान्य से यह अपेक्षा की गयी है कि बीडा प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये कोई भी निर्माण न करें तथा किसी भू-विन्यास (लेआउट) में कोई भी भूखण्ड क्रय करने से पूर्व लेआउट मानचित्र की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्राधिकरण से जानकारी प्राप्त कर लें। जिन व्यक्तियों ने बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कर लिया है, उक्त अवैध निर्माण को भी शीघ्र ही प्राधिकरण से विनियमित करायें। अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया अनवरत् जारी रहेगी।

मुरादाबाद ने गाजीपुर को 55 रन से जौनपुर ने मिर्जापुर को आठ विकेट से हराया

●महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन हुए रोमांचक मुकाबले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पाँचवे दिन गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए, जिनमें दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। दिन का पहला मुकाबला मुरादाबाद व गाजीपुर के बीच खेला गया व दूसरा मैच मिर्जापुर व जौनपुर के बीच खेला गया। पहले मुकाबले में मुरादाबाद की टीम ने गाजीपुर को 55 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। मुकाबले में मुरादाबाद की टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संतुलित प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुरादाबाद की टीम ने निर्धारित 18 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 161 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से पार्व चौहान ने 29 गेंदों पर 52 रनों की आक्रामक पारी खेली, जबकि आशु दक्ष ने 30 रन बनाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। अन्य बल्लेबाजों ने भी जरूरत के अनुसार रन जोड़े। गाजीपुर की ओर से गेंदबाजी में आयुष चिंगारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके। इसके अलावा सोनू शर्मा, पवन कुमार, रोहित और शिवा ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर मुरादाबाद के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गाजीपुर की टीम की शुरुआत लड़खड़ाई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। पूरी टीम 14.1 ओवर में 106 रन पर ऑलआउट हो गई। गाजीपुर की ओर से अमित यादव ने 31 रन तथा मो. आरिफ ने 28 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। मुरादाबाद की ओर से गेंदबाजी में अमित यादव ने 3 विकेट, जबकि अजय मौर्या और मो. आरिफ ने 2-2 विकेट लेकर गाजीपुर की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इस जीत के साथ मुरादाबाद की टीम ने प्रतियोगिता में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। दूसरे मैच में मिर्जापुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवरों में चार विकेट पर 154 रन बनाए।जबाब में जौनपुर के बल्लेबाज रौनक सिंह,मिथिलेश कुमार व गौरव सिंह के शानदार अर्धशतक की बदौलत 13 वे ओवर में दो विकेट की कीमत पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मैच के दौरान मैदान पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।आयोजन समिति के मुताबिक प्रतियोगिता का अगला मैच मुरादाबाद बनाम सेवाश्रम इंटर कालेज सुरियावां व दूसरा मैच शशांक इलेवन बनाम जौनपुर के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, सन्तोष पांडेय शास्त्री, श्याम बहादुर यादव,, परमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

एफएमडीसीपी टीकाकरण के सातवें चरण का डीएम ने सचल दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया शुभारंभ

● खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण, रोग के प्रसार को रोकने और पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा करने का एक प्रभावी तरीका है-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत एफएमडीसीपी (खुरपका-मुंहपका रोग) टीकाकरण के सातवें चरण का गुरुवार को शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सचल दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि एफएमडीसीपी का टीका, जिसे खुरपका-मुंहपका रोग का टीका भी कहा जाता है, यह एक ऐसा टीका है जो पशुओं को एफएमडीसीपी नामक बीमारी से बचाने के लिए लगाया जाता है। एफएमडीसीपी एक गंभीर, अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है जो पशुधन को प्रभावित करता है। यह रोग बुखार, मुंह और पैरों में छाले, और लंगड़ापन जैसे लक्षण पैदा करता है। एफएमडीसीपी टीकाकरण, रोग के प्रसार को रोकने और पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा करने का एक प्रभावी तरीका है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एफ0एम0डी0सी0पी0 टीकाकरण के सातवें चरण का कार्यक्रम 22 जनवरी से प्रारम्भ होकर 10 मार्च तक कुल 45 दिन चलेगा। एफएमडीसीपी टीकाकरण सातवें चरण के कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु 06 विकास खण्डों में 75 न्याय पंचायतों में 539 ग्राम पंचायतों में एवं 1237 राजस्व गॉवों में कुल 15 टीमों व 05 सचल वाहन एवं 04 मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा 218900 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने ब्लाक स्तर पर नोडल टीम गठित में पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अरूण कुमार सिंह सूरियावॉ, डॉ0 राजेश कुमार दुगागंज, डॉ0 आनन्द मिश्रा भदोही, डॉ0 शिवकुमार शुक्ला औराई, डॉ0 कमलेश चन्द्र प्रकाश डीघ प्रभारी, डॉ0 विनोद कुमार ज्ञानपुर में पर्यवेक्षणीय कार्य हेतु तैनाती की गयी है। जनपद स्तर पर डिप्टी सीबीओ डॉ0 गीता को नोडल अधिकारी अधिकारी बनाया गया है। प्रचार-प्रसार, वैक्सीन का रख-रखाव वितरण, सीरम सैम्पल जीरो डे पशुओं का प्री-वैक्सीनेशन रक्त सैम्पल एकत्र कर अधिकतम एक सप्ताह के भीतर टेस्टिंग हेतु वेटेनरी कालेज मथुरा भेजना, अभिलेखीकरण व सूचना का प्रेषण आदि का अनुपालन करते हुए एफएमडीसीपी टीकाकरण के सातवें चरण को समयान्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कर टीकाकरण कार्यक्रम को समयान्तर्गत शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही सेन्ट्रल स्टोर ज्ञानपुर से अपने-अपने विकास खण्ड को आवंटित एफएमडीसीपी वैक्सीन तीन कार्य दिवसों में प्राप्त करने के साथ कोल्ड चेन मेनटेन करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। एफएमडीसीपी टीका दो खुराक में दिया जाता है। टीकाकरण के बाद, पशुओं को 14 दिनों के भीतर चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ रहना चाहिए। एफएमडीसीपी टीकाकरण के साथ-साथ, जैव सुरक्षा उपाय भी महत्वपूर्ण हैं, जैसे कि पशुओं को साफ-सुथरे वातावरण में रखना और बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना। एफएमडीसीपी टीकाकरण दुनिया में पशुधन में सबसे बड़ा अभियान है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, डिप्टी सीबीओ डॉ0 गीता, एवं पशु विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को जोड़कर कराया त्वरित निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को जोड़कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबंधित अधिकारियों को मौके से ही जोड़ते हुए शिकायतों का तत्काल, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित कराया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, जिससे आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का स्थलीय सत्यापन कर समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान कर प्रशासन के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पीडीए का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : रमेश बिंद

● जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में गोष्ठी, एसआईआर व मतदाता बढ़ाने पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। समाजवादी पार्टी जनपद भदोही के जिला कार्यालय कंसापुर ज्ञानपुर में समाजवादी विचारधारा के प्रखर स्तंभ एवं 'छोटे लोहिया' के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि श्रद्धा व विचार के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठनात्मक मजबूती, एस.आई.आर. तथा मतदाता संख्या बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं एस.आई.आर. प्रभारी, पूर्व सांसद रमेश बिंद ने जनेश्वर मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाजवाद की ऐसी आलौकिक विभूति थे, जो अत्यंत सरल शब्दों में गूढ़ सिद्धांतों को समझा देते थे। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र का स्पष्ट संदेश था कि यदि लोकतंत्र की यह लड़ाई छूट गई, तो लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा। रमेश बिंद ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ स्तर पर एक भी वोट कटने न पाए, इसके लिए सभी को पीडीए प्रहरी बनकर खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब वोट डालने का अधिकार होने के बावजूद उत्पीड़न किया जा रहा है, तो यदि यह अधिकार कमजोर पड़ा तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। वर्चस्ववादी व पूंजीवादी ताकतों से अपने वोट की रक्षा करना ही संविधान, आरक्षण और रोजगार के अधिकारों की सुरक्षा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पीडीए का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अन्याय व जोर-जुल्म के खिलाफ संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनेश्वर मिश्र के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और पीडीए समाज को संगठित करने के लिए पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर हृदय नारायण प्रजापति, आरिफ सिद्दीकी, विकास यादव, सोभनाथ यादव, जईम बेग, शैलेश सिंह मंटू, सरिता बिंद, रामयज्ञ पाल, लालचंद बिंद, राजेंद्र दुबे, पन्नालाल यादव, जमील अंसारी, दिलीप भीम कनौजिया, रवि यादव, महेश पाल, सुरेश साहू, कामिल अंसारी, कमला महतो, सलाउद्दीन अंसारी, अलीशेर खां, रीता वर्मा, बाबा बिंद, जावेद खान, इमरान, महेंद्र गोड, गुलाब यादव, श्यामधर यादव, प्रमोद पाल, राजन यादव, शिवम मिश्र, रामसिरोमणि बिंद, अजय बिंद, गोपाल यादव, बैजनाथ यादव, विवेक कुमार बिंद, रईस अहमद, धनंजय यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र (पप्पू) ने किया।

जानलेवा हमले में घायल युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार, मीरजापुर । चुनार थाना क्षेत्र के रैपुरिया गांव सभा अंतर्गत चेरा पूरा में रवि मौर्य की उपचार के दौरान लखनऊ के वेदांता अस्पताल में मौत हो गई विगत तीन दिन पूर्व दर्जनों हमलावरों ने उनके घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया गया जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें पहले चुनार पुलिस द्वारा वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया वहां हालात में सुधार न हो पाने से लखनऊ के वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई स्थानीय लोगों का आरोप है की घटना के शुरुआती घंटे में पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और लीपा पोती करने की कोशिश की लोगों करना है कि जब तक रवि मौर्य जीवित थे तब तक पुलिस की कार्रवाई बेहद सुस्त रही लेकिन उनकी मौत के बाद ही पुलिस कुछ हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। गांव में रवि मौर्य का रात के ग्यारह बजे शव को आना देख पूरे गांव में तहलका मच गया वहीं स्थित को देखते हुए चार थाने के पुलिस पीएसी चप्पे-चप्पे पर तैनात कर दिया गया था कि कोई बड़ी घटनाएं न हो। इस जघन्य हत्या के मामले मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा है लोगों ने बताया मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश है स्थानीय नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले को निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी किया जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

चारकोल लादकर जा रहा ट्रक गाय को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटा,चालक खलासी घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित देवहट गांव में बुधवार की देर रात गाय को बचाने के चक्कर में चारकोल लादकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक व खलासी घायल हो गए और ट्रक पर लदा चारकोल नेशनल हाइवे पर बिखर गया। झारखंड से चारकोल लादकर मध्यप्रदेश के मैहर जा रहा ट्रक जैसे ही देर रात देवहट गांव में पहुंचा तो सामने आई गाय को बचाने के चक्कर ट्रक अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे पर पलट गया। दुर्घटना में 25 वर्षीय ट्रक चालक नीरज मौर्य निवासी बसाहीपुर थाना लालगंज व 26 वर्षीय खलासी वीरू यादव निवासी बिरोही थाना विंध्याचल घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पीआरवी 6868 के एसआई हरेंद्र कुमार यादव व कांस्टेबल रामखेलावन ने घायल चालक व खलासी को नजदीक स्थित न्यू आयुष्मान हास्पिटल में भर्ती कराया। ट्रक चालक के सिर व खलासी के हाथ में चोट लगी है। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि देवहट गांव में गाय को बचाने में चारकोल लादकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घायल ट्रक चालक व खलासी का उपचार करवाया गया है दोनों की हालत सामान्य है। क्षतिग्रस्त ट्रक व बिखरे कोयले को हटवाया जा रहा है।

शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु बाल मैपिंग को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही- शैक्षिक सत्र 2026-27 के सुचारु एवं प्रभावी संचालन के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला विकास अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में 01 अप्रैल 2026 को 06 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त बच्चों की बाल मैपिंग (Child Mapping) को समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर विस्तृत चर्चा की गई। अवगत कराया गया कि जनपद स्तर पर बाल मैपिंग का कुल लक्ष्य 32,170 बच्चों का निर्धारित किया गया है, जिसे विकास खंडों एवं शहरी क्षेत्रों के अनुसार विभाजित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाल मैपिंग का कार्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समन्वय में विद्यालयों, शिक्षकों एवं संबंधित कार्मिकों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र बच्चा विद्यालय में नामांकन से वंचित न रहे। सर्वेक्षण के दौरान बच्चों की आयु, अभिभावक विवरण एवं निवास संबंधी सूचनाओं का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बाल मैपिंग कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। सभी विभागों को आपसी समन्वय से लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे सर्वेक्षण टीमों को आवश्यक सहयोग एवं सही जानकारी प्रदान करें, ताकि प्रत्येक बच्चे का समय से विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित हो सके और 'हर बच्चा स्कूल में' के उद्देश्य को सफल बनाया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

चाका के प्रांगण में आयोजित शिक्षक संकुल बैठक का शुभारंभ

नैनी ,प्रयागराज। महानिदेशक परियोजना एवं स्कूल शिक्षा के दिशा निर्देशों एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के आदेश के क्रम में एवं खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड-चाका प्रयागराज के निर्देशन में मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय महेवा विद्यापीठ चाका के प्रांगण में आयोजित शिक्षक संकुल बैठक का शुभारंभ विद्यालय की छात्रा के द्वारा सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया।बैठक में एआरपी आरती केसरी के द्वारा विद्यालय को निपुण बनाने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किए गए । शिक्षक संकुल श्री सुजीत कुमार सिंह द्वारा भाषा व गणित शिक्षण की प्रभावी तकनीकियों के बारे में बताया गया ।बैठक के अंत में प्रधानाध्यापिका निधि जैन व शिक्षक संकुल श्वेता भार्गव द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।बैठक में संतोष कुमार पाल, राजेश कुमार श्रीवास्तव ,प्रदीप चौरसिया ,नीलम ,निकहत ,संगीता रश्मि , बेबी आदि डभांव संकुल के समस्त प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की सहभागिता रही।

शनि विश्वकर्मा और साथियों ने लोक गायन के समूह गान में प्रथम स्थान प्राप्त किया

छात्र सौरभ गोस्वामी ,आकांक्षा भट्ट ,दीक्षा पुष्कर और शिवांगी द्विवेदी ने प्रतिभाग किया

नैनी, प्रयागराज। दिनांक 20 जनवरी 2026 को संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संस्कृति उत्सव की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। यह आयोजन विकास भवन प्रयागराज के सरस सभागार में आयोजित किया गया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के कुशल दिशा निर्देशन में इस कार्यक्रम में शनि विश्वकर्मा और साथियों ने लोक गायन के समूह गान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र सौरभ गोस्वामी ने एकल भजन गायन,आकांक्षा भट्ट ने एकल लोक नृत्य ,दीक्षा पुष्कर और शिवांगी द्विवेदी ने समूह लोक नृत्य में प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामना दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

माघ मेले की भीड़ में जज की संगम स्नान के दौरान गले से काट ली सोने की चेन

ब्यूरो प्रयागराज। माघ मेले में संगम स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देती एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मध्य प्रदेश में तैनात एक सिविल जज के साथ भीड़ का फायदा उठाकर चेन काटने की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने सीधे तौर पर तीन महिलाओं पर शक जताया है, जिनके खिलाफ दारागंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़िता दीक्षा तनेजा वर्तमान में भाण्डेर, जिला दतिया (मध्य प्रदेश) में वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश (सिविल जज) के पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को वह अपने सास- ससुर के साथ माघ मेले में संगम स्नान के लिए प्रयागराज आई थीं। उनके सास- ससुर कल्पवास कर रहे हैं और उसी क्रम में वह भी स्नान के लिए संगम जा रही थीं। दीक्षा तनेजा के अनुसार, संगम की ओर बढ़ते समय दो से तीन महिलाएं बार-बार उन्हें धक्का दे रही थीं। लगातार धक्कामुक्की से उन्हें शक हुआ और उन्होंने अपने गले की चेन टटोलकर देखी, जो उस समय मौजूद थी। इसके बावजूद संदिग्ध महिलाएं आसपास बनी रहीं और धक्का देती रहीं। कुछ ही देर बाद जब उन्होंने दोबारा जांच की तो सोने की चेन और लॉकेट गायब थे। सबसे गंभीर बात यह रही कि उनके गले पर हल्का कट का निशान भी महसूस हुआ, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि चेन सामान्य तरीके से नहीं टूटी बल्कि किसी धारदार वस्तु से काटकर चोरी की गई है। घटना के बाद जज ने तत्काल दारागंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। इस वारदात ने माघ मेले में श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संगम जैसे अति-संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पेशेवर अंदाज में चेन कटने की घटना ने पुलिस की निगरानी और भीड़ प्रबंधन पर नई बहस छेड़ दी है। पुलिस अब संदिग्ध महिलाओं की तलाश और घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ में जुटी है।

माघ मेले में 'शंकराचार्य' बनाम प्रशासन: आस्था, कानून और सत्ता के टकराव

● शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस, संत समाज उग्र–अखिलेश यादव बोले: यह सनातन धर्म का अपमान है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रयागराज। मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दौरान प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच हुआ टकराव अब केवल एक प्रशासनिक विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह आस्था, परंपरा, कानून और राजनीति के बड़े संघर्ष का रूप ले चुका है। शंकराचार्य पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे हैं, जबकि मेला प्रशासन ने उन्हें नोटिस जारी कर 24 घंटे में यह स्पष्ट करने को कहा है कि वे स्वयं को 'शंकराचार्य' कैसे घोषित कर रहे हैं। इस विवाद में अब किन्नर अखाड़े की जगद्गुरु हिमांगी सखी भी खुलकर शंकराचार्य के समर्थन में सामने आ गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की घटना से देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में सनातन धर्म को लेकर गलत संदेश गया है। उन्होंने प्रशासन से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग करते हुए कहा कि शंकराचार्य जैसे पद पर आसीन संत के साथ किया गया व्यवहार करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है। विवाद पर राजनीति भी गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेला प्रशासन और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'शंकराचार्य और साधु-संत हमारी संस्कृति की शोभा हैं। उनसे प्रमाण पत्र मांगना सनातन धर्म का अपमान है। 'अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि जो बीजेपी के हिसाब से नहीं चलता, उसे नोटिस दिया जाता है और असहमति जताने पर ईडी-सीबीआई का डर दिखाया जाता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग भी की।प्रशासन का पक्ष है कि मौनी अमावस्या के दिन भारी भीड़ के कारण कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता। प्रशासन का सवाल है कि यदि कोई बड़ा हादसा हो जाता तो जिम्मेदारी किसकी होती? विवाद की जड़ में शंकराचार्य पद की वैधता भी आ गई है। अक्टूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने ज्योतिषपीठ शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पट्टाभिषेक पर अंतरिम रोक लगाई थी। अदालत ने कहा था कि जब तक पूर्व शंकराचार्यों से जुड़ा लंबित विवाद पूरी तरह सुलझ नहीं जाता, नई नियुक्ति को अंतिम नहीं माना जा सकता। इसी आधार पर मेला प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। हालांकि शंकराचार्य के वकील पीएन मिश्रा का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहीं भी यह नहीं कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद 'शंकराचार्य' पद का प्रयोग नहीं कर सकते। उनका आरोप है कि प्रशासन का नोटिस न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप है, जिस पर अवमानना की कार्रवाई हो सकती है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद संत समाज दो धड़ों में बंटा दिखाई दे रहा है। एक पक्ष इसे संतों के सम्मान और सनातन परंपरा पर हमला बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष शंकराचार्य पद की परंपरागत प्रक्रिया और कानूनी वैधता पर सवाल उठा रहा है। माघ मेले की एक घटना अब राष्ट्रीय बहस बन चुकी है– जहाँ सवाल सिर्फ स्नान या नोटिस का नहीं, बल्कि यह तय करने का है कि धर्म की मर्यादा तय करेगा कौन–परंपरा, कानून या सत्ता। दूसरी ओर प्रशासन के नोटिस का जवाब 8 पेज में दे दिया गया है।जो अंग्रेजी में है।स्वामी अविमुक्तेश्वर नंद जी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की आड़ लेकर प्रशासन बच नहीं सकता है।शंकराचार्य ने कहा है कि शंकराचार्य के पद को क्या मुख्य मंत्री और प्रधान मंत्री तय करेंगे। यहां तक इस धार्मिक मसले का निपटारा राष्ट्र पति भी नहीं कर सकती। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा है कि संत महात्माओं पर इतना बड़ा अत्याचार तो अंग्रेजो और मुगलों के शासन में भी नहीं हुआ कांग्रेस के शासनम तो लेकिन धर्मक सबसे बड़े अलमदार योगी आदित्यनाथन वह भी कर दिखाया जो इतिहास में कभी नहीं हुआ इससे बड़ा पाप कोईसकताहीनहीं सकता। सिद्ध संत श्री कालिदास महाराज ने कहा है कि शंकराचार्य जी को इज्जत और सम्मान के साथ स्नाकरने की इजाजत मिलनी चाहिए थी जिसको ना देकर प्रशासन ने धार्मिक मर्यादाका अपमान किया है ।उन्होंने कहा कि वेद पाठी बह्मणकी छोटी पकड़ कर घसीटना मारना पीटना बहुत बड़ा पाप हुआ है इस पर प्रशासन को प्रायश्चित करना चाहिए और मुख्यमंत्री को कार्रवाई करना चाहिए।

कड़ाके की सर्दी के बाद अचानक हो गई गर्मी, यह किन लोगों के लिए खतरनाक?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। उत्तर भारत में इस समय मौसम ने करवट बदली है. राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में कड़ाके की ठंड के बाद अब दिन में धूप निकलने के साथ मौसम में गर्माहट का अनुभव होने लगा है. दोपहर में गर्मी और शाम होते ही ठंडक बढ़ने से तापमान में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है. दिल्ली में 6 साल बाद 21 जनवरी को जनवरी महीने का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम का यह उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत पर असर डाल सकता है। मौसम में बदलाव के साथ शरीर को खुद को एडजस्ट करना पड़ता है. इस दौरान कई लोगों का शरीर इस तरह के बदलाव को पूरी तरह झेल नहीं पाता है. इसके चलते उन्हें तरह-तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. अगर पहले से ही सावधानी बरती जाए, तो इस दौरान होने वाली परेशानियों जैसे वायरल इंफेक्शन, बैक्टीरियल इंफेक्शन, एलर्जी और डिहाइड्रेशन समेत कई अन्य समस्याओं से बचा जा सकता है। संजीवनी हॉस्पिटल, दरभंगा के निदेशक डॉक्टर संतोष कुमार बताते हैं कि 'मौसम में बदलाव के साथ ही कई तरह की दिक्कतें सामने आने लगती हैं, जैसे वायरल फीवर और फ्लू के मामलों में अचानक बढ़ोतरी. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मौसम बदलने के दौरान हमारी इम्युनिटी प्रभावित होती है और कमजोर हो जाती है. इससे वायरस का हमला तेज हो जाता है. इस दौरान कुछ लोगों को सिरदर्द, थकान, बदन दर्द, बुखार और गले में परेशानी का सामना करना पड़ता है. इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग होते हैं. इस सीजन में बैक्टीरिया का खतरा भी ज्यादा रहता है, जिसके चलते कई तरह के इंफेक्शन के मामले बढ़ जाते हैं। ' तापमान में बढ़ोतरी के साथ एलर्जी और सांस से जुड़ी दिक्कतों का खतरा बढ़ने लगता है. ऐसा इसलिए क्योंकि सिर्फ मौसम में बदलाव ही नहीं होता, बल्कि इसके साथ धूल, धुआं और प्रदूषण बढ़ाने वाले तत्व भी हवा में सक्रिय हो जाते हैं, जो इन समस्याओं को ट्रिगर करते हैं. इस दौरान लोगों में सांस लेने में दिक्कत, नाक बहना, लगातार छींक आना, एलर्जिक राइनाइटिस और अस्थमा जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। डॉक्टर बताते हैं कि लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके इस मौसम में खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है. इसके लिए- पर्याप्त पानी पिएं और गले में परेशानी हो तो गुनगुने तरल लें, ताजा और पौष्टिक भोजन करें, कपड़ों की लेयरिंग करें ताकि तापमान के अनुसार खुद को ढाल सकें,पसीना आने के बाद ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचें,बुखार या खांसी कुछ दिनों में ठीक न हो तो डॉक्टर से सलाह लें। डॉक्टरों का कहना है कि इन छोटी-छोटी सावधानियों से बदलते मौसम में बीमारियों से बचा जा सकता है और इम्युनिटी मजबूत रखी जा सकती है।

ये माननीय, जो मान नहीं रहे; वोट लेने के बाद जनता को भूले, विकास को तरस रही विधानसभाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। चुनाव आते ही नेता अपने-अपने वादों के साथ जनता के सामने पेश होते हैं. जनता को विकास और खुशहाली के लोकलुभावने सपने दिखाते हैं, लेकिन जीतने के बाद स्थितियां बदल जाती हैं. कुछ नेता जीतने के बाद अपने वादों पर खरे उतरते हैं, लेकिन कुछ तो गायब ही हो जाते हैं. ऐसे में उत्तर प्रदेश के वर्तमान विधायक अपने क्षेत्र में विकास के लिए विधायक निधि का कितना सही इस्तेमाल कर रहे हैं, इसको लेकर ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से mlaladsup.in पर अपलोड किए गए डाटा का विशलेषण किया गया तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के विधायकों को हर साल 5 करोड़ रुपये अपने क्षेत्र के विकास के लिए मिलते हैं. वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि 403 में 6 ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने अपनी निधि का कुछ भी उपयोग नहीं किया है. यानी इन विधायकों ने एक साल में अपनी क्षेत्र की जनता के लिए कुछ नहीं किया है. इनमें शामली से विधायक प्रसन्न कुमार (आरएलडी), कैराना विधायक नाहिद हसन (सपा), उन्नाव के पुरवा विधानसभा के विधायक अनिल कुमार सिंह (भाजपा), महोबा सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी (भाजपा), प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा से विधायक दीपक पटेल (भाजपा), आजमगढ़ के फूलपुर-पवई विधायक रमाकांत यादव (सपा) शामिल हैं. फिलहाल रमाकांत यादव जेल में हैं। ग्राम्य विकास विभाग के अनुसार, 10 विधायकों ने 5 करोड़ में से 1 करोड़ भी जनता के लिए खर्च कर पाए हैं. इनमें उन्नाव के सफीपुर विधायक बंबा लाल ने तो 2 लाख रुपये ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में खर्च के लिए स्वीकृत किया है. जबकि सिधौली विधायक मनीष रावत, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, मुंगरा बादशाहपुर विधायक पंकज सिंह, वाराणसी उत्तरी विधायक रवीन्द्र जायसवाल, बलिया विधायक दया शंकर सिंह, मछलीशहर विधायक डॉ. रागिनी, भोगनीपुर विधाक राकेश सचान, जखनियां विधायक बेदी, जौनपुर विधायक गिरीश चन्द्र यादव और अलीगढ़ शहर से विधायक मुक्ता संजीव राजा 1 साल में एक करोड़ निधि का भी काम नहीं करवाए हैं।

सुल्तानपुर के विधायक विनोद पूरे प्रदेश में टॉपः वहीं, विधायक निधि का सबसे अधिक विकास कार्यों के लिए सुल्तानपुर से विधायक विनोद सिंह ने किया है. विनाद सिंह ने 9.35 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. इनमें 2023-24 में जारी निधि भी शामिल है, जो बच गई थी. वहीं, बागपत विधायक योगेश धामा (6.95 करोड़), रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह (6.84 करोड़), हमीरपुर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति (6.45 करोड़), कैम्पियरगंज विधायक फतेह बहादुर (6.28 करोड़), मुरादनगर विधायक अजीत पल त्यागी (6.27 करोड़), प्रतापपुर विधायक मती विजमा यादव (6.13 करोड़), हरैया विधायक अजय सिंह (5.90 करोड़), लखनऊ उत्तर विधायक डॉ. नीरज बोरा (5.88 करोड़) और सिरसागंज विधायक सर्वेश सिंह ने 5.8 करोड़ रुपये अपनी निधि से खर्च किए हैं। ग्राम्य विकास विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के मुताबिक 2024-25 में अपनी भविष्य निधि न खर्च करने वाले एनडीए के विधायक आगे हैं. भाजपा के 4, आरएलडी और सपा के 1-1 विधायक शून्य खर्च वाले हैं. वहीं, निधि का एक हिस्सा का भी इस्तेमाल न करने में भाजपा के माननीय अव्वल हैं. भाजपा के 7, सपा के 2 और सुभासपा के 1 विधायक 70 लाख रुपये तक खर्च किया है। सबसे अधिक निधि का उपोयग करने में भी सत्ता पक्ष के विधायकों ने ही टॉप किया है. भाजपा के 7 विधायकों ने 2024-25 में जारी होने वाली निधि के साथ ही पिछले साल के बची निधि भी जनता के कार्यों में लगा दिया है. इस लिस्ट में समाजवादी पार्टी के भी 2 विधायक शामिल हैं. वहीं, बसपा के एक मात्र विधायक उमाशंकर सिंह ने भी पूरी निधि खर्च कर दी है। गौरतलब है कि विधायक या एमएलसी अपने क्षेत्र की आवश्यकतानुसार मुख्य विकास अधिकारी को निर्माण कार्यों का विवरण देते हैं. इसके बाद स्वीकृत कार्य को शाकीय कार्यदायी विभागों के साथ ही राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यदायी संस्था को कार्य दिया जाता है. यानी सिर्फ विधायक द्वारा योजनाओं की स्वीकृत देते हैं. इसके बाद कार्य की रूपरेखा, टेंडर व अन्य प्रक्रिया शासन द्वारा अपनाई जाती है. कार्य पूरा होने के बाद मुख्य विकास अधिकारी (CDO) जिलाधिकारी (DM) के जरिए विधायक निधि से सीधे कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जाता है. विधायक द्वारा प्रस्ताव देने के बाद 45 दिनों में कार्य स्वीकृत और 3 महीने में कार्य शुरू करने का प्रावधान है।

अरावली मामला: सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी बनाने के निर्देश दिए, अवैध खनन पर राज्य सरकार को सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। अरावली पर्वतमाला के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक यथास्थिति को बनाए रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को अरावली में किसी भी अवैध खनन गतिविधि पर रोक सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। सीजेआई ने कहा कि कोर्ट और कड़ी निगरानी पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम एक कमेटी बनाएंगे, जिसमें अपने-अपने क्षेत्र के एक्सपर्ट होंगे। यह कमेटी अरावली को लेकर रिपोर्ट देगी। कमेटी कोर्ट के निर्देश और गाइडेंस में काम करेगी। ' राजस्थान के किसानों की ओर से पेश वकील राजू रामचंद्रन ने कोर्ट को बताया कि जस्टिस ओका बेंच के 2024 के आदेशों के बावजूद खनन पट्टे दिए जा रहे हैं और पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने इस पर रोक की मांग की। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चिंता जताई और कहा कि अवैध खनन को रोकना होगा। यह एक अपराध है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने अधिकारियों से कहा कि आपको अपनी मशीनरी को काम में लाना होगा, क्योंकि अवैध खनन के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से कहा कि वह सुनिश्चित करें कि कोई गैरकानूनी खनन न हो। कोर्ट ने सभी पक्षकारों से पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों और माइनिंग एक्सपर्ट्स के नामों को लेकर सुझाव मांगे। अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर एक बार महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है. अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम 'अपूर्णीय और दूरगामी' होते हैं, जिन्हें बाद में सुधारना संभव नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी दोहराया कि अरावली की वैज्ञानिक और स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए एक हाई-पावर्ड कमेटी बनाई जाएगी. इस समिति में पर्यावरण, वानिकी, भू-विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे. अदालत ने सभी पक्षों, जिसमें एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं, से समिति के संभावित सदस्यों के नाम और सुझाव चार हफ्ते में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने अपने उस पुराने फैसले पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश थी. पर्यावरण मंत्रालय की समिति की इस सिफारिश को अदालत ने पहले ही पुनर्विचार योग्य बताते हुए स्थगित कर दिया था. अदालत का मानना है कि यह मुद्दा संवेदनशील है और इसे जल्दबाजी में तय नहीं किया जा सकता. इसलिए नई विशेषज्ञ समिति तथ्यात्मक और वैज्ञानिक आधार पर नई परिभाषा की सिफारिश देगी। सुनवाई के दौरान एक वकील ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में लगातार चल रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया. इस पर न्यायालय ने राजस्थान सरकार के वकील को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि अरावली जैसा पर्यावरणीय क्षेत्र किसी भी प्रकार की लापरवाही का भार नहीं उठा सकता. अदालत ने साथ ही कहा कि अवैध खनन भविष्य की पीढ़ियों के पर्यावरण अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है, इसलिए न्यायालय इस पूरे मामले में सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले साल दिसंबर में पारित अंतरिम आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा. साथ ही, हस्तक्षेपकर्ताओं (Intervenors) को निर्देश दिया गया है कि वे एमिकस क्यूरी से संपर्क कर अपनी टिप्पणियां और रिपोर्ट सौंपें. एमिकस क्यूरी को इन सभी सुझावों को अपनी व्यापक रिपोर्ट में शामिल करने का निर्देश दिया गया है. अब इस मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी, जिसमें समिति गठन और आगे की प्रक्रिया पर अदालत फैसला ले सकती है।

राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार को घेरा, कहा- लालच की महामारी फैल चुकी है

● शहरी सड़न' को 'न्यू नॉर्मल' मान लिया गया है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शहरी इलाकों में बुनियादी ढांचे की स्थिति को लेकर बुधवार को दावा किया कि देश में लालच की महामारी फैल चुकी है और समाज मर रहा है क्योंकि ''शहरी सड़न'' को 'न्यू नॉर्मल (अब सामान्य बात)' मान लिया गया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पत्रकार का वीडियो का साझा किया जिसमें दिल्ली के किराड़ी इलाके में में कई घरों के सामने पानी और कचरा जमा होने का उल्लेख किया गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''हर आम भारतीय की जिदगी आज ऐसी ही नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं।'' उन्होंने कहा, ''देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है। हमारा समाज इसलिए मर रहा है क्योंकि हमने इस सड़न को 'न्यू नॉर्मल' मान लिया है, सुन्न, निशब्द, बेपरवाह।'' राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि जवाबदेही की मांग करो, वरना यह सड़न हर दरवाज़े तक पहुंचेगी।

सुंदरकाण्ड एवं भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

नैनी, प्रयागराज। नारायणी फाउण्डेशन द्वारा बुधवार को सुंदरकाण्ड एवं भव्य भंडारे का आयोजन नैनी क्षेत्र के सार्वजनिक श्री हनुमान मंदिर शनि मंदिर के समीप किया गया जिसमें पूजा पाठ के साथ सुंदरकांड प्रारंभ हुआ। इसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया। फाउंडेशन के सचिव मारुति नंदन मिश्रा,अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, सुशील दुबे, बैजनाथ ,सुरेश चंद्र, शिवानंद ,जय वरदान, उमा नीलिमा, क्षमा, अर्चना, नंदिता, प्रशांत ,अनुश्री ,नारायणी, आदि शामिल रहे।

मंत्री नन्दी ने नैनी क्षेत्र में 1.26 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज । उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के नैनी में एक करोड़ 26 लाख 67 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन के पावन पर्व बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर विद्योतमा विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल उत्तरी लोकपुर नैनी के छात्र छात्राओं को नए हॉल और बरामदे का उपहार दिया। इस दौरान प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी भी मौजूद रहीं। मंत्री नन्दी ने गुरुवार को प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ नैनी खरकौनी में सिटीजन स्कूल के पास दलित बस्ती में रोड निर्माण कार्य 17.66 लाख, नैनी खरकौनी में सिटीजन स्कूल के पास आंतरिक गलियों एवं जल निकासी का निर्माण कार्य 7.04 लाख, विद्योतमा विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल उत्तरी लोकपुर नैनी में एक हॉल एवं बरामदा का निर्माण कार्य 15.46 लाख, नैनी नंदन तालाब में मंबोध यादव के घर से कश्यप के घर तक इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण 24.16 लाख, नैनी नंदन तालाब में आर डी तिवारी के घर से संतोष कुमार मिश्रा के घर तक इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण 24.93 लाख, नैनी काजीपुर में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 12.17 लाख, नैनी चक लाल मोहम्मद में महाराजा पैलेस के पीछे वाली गली में इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य 7.94 लाख, नैनी चक रघुनाथ फ्लाईओवर के नीचे नूर वाली गली में इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण 16.95 लाख का लोकार्पण किया।मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते पौने नौ वर्षों में विकास की वह यात्रा तय की है, जो वर्ष 2017 से पहले कल्पना से परे थी। आज हर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आगे है। हर क्षेत्र का विकास डबल इंजन सरकार की प्राथमिकताओं में एक है।कहा कि एक समय निवेशकों के लिए अविश्वसनीय माना जाने वाला प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन चुका है। वर्ष 2018 की पहली इन्वेस्टर्स समिट से लेकर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक योगी सरकार ने निवेश को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ग्राउंड ब्रेकिंग और क्रियान्वयन के मजबूत मॉडल के जरिए उसे धरातल पर उतारा। प्रदेश में अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली 16 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है, जिनमें से हजारों परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से संचालित होकर लाखों युवाओं को रोजगार दे रही हैं।मंत्री नन्दी ने कहा कि लोकार्पित इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों, विशेषकर स्कूली बच्चों को आवागमन की सुविधा के साथ-साथ बारिश के समय जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, पार्षद रणविजय सिंह,सेक्टर संयोजक चन्द्रभान कुशवाहा, सुभाष पांडेय, सरिता प्रदीप महरा, पंकज शर्मा, कुश प्रसाद, पार्षद अनूप पासी,जय कृष्ण तिवारी, पार्षद राजेश जायसवाल, प्रहलाद सिंह तोमर, विजय कुमार राय,नरसिंह, शिव शंकर दीक्षित, दुष्यंत शर्मा, राजेश सिंह,घनश्याम जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

नकबजनी के आरोपी को नैनी पुलिस ने पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी ,प्रयागराज। नैनी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक नकबजनी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लगभग 6 लाख रुपये के चोरी के आभूषण और 220 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।जानकारी के मुताबिक गुरुवार को खरकौनी मोड़ के समीप से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अभिषेक प्रजापति पुत्र बुलाकी प्रसाद प्रजापति, निवासी माधोपुर खरकौनी गंजिया, थाना नैनी, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक जोड़ी कान का झुमका, एक मंगलसूत्र, एक गले का चैन, एक अंगूठी, दो नाक की कील, एक जोड़ी कान की बाली (सभी पीली धातु के), और 19 बिछिया (सभी सफेद धातु के) बरामद किए। इसके अतिरिक्त, 220 रुपये नकद भी मिले।पुलिस ने बताया कि यह मामला कल्लूराम निवासी माधोपुर गंजिया,

संक्षिप्त खबरें

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से किशोर मौत, चालक फरार

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम माली मैनहा में गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। लापरवाही से वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर चालक ने किशोर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर व प्राणघातक चोटें आईं। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम माली मैनहा निवासी शेषराम पुत्र रामनेवास का 16 वर्षीय पुत्र शुभम राव गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए नदी के पास स्थित बगीचे की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने तेज गति व लापरवाही से चलते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव लौट आए, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता शेषराम की तहरीर पर थाना डुमरियागंज पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली को थाने में खड़ा करवा दिया गया है तथा चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिले की तीनों भूमि विकास बैंकों में निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष बबलू भोडेले बने भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष

तालबेहट। भाजपा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में जिले की तीनों भूमि विकास बैंकों में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। तालबेहट स्थित भूमि विकास बैंक में भी चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध रही।यहां अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर भौडेले ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके अलावा किसी अन्य प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। एकमात्र वैध नामांकन होने के कारण चुनाव अधिकारी एवं तहसीलदार पीयूष भार्गव ने उमाशंकर भौडेले को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश सिंह लोधी, विनोद अगरिया, मोनू पस्तोर, दिवाकर चतुर्वेदी, मानसिंह यादव, बृजेंद्र यादव, गौरव भौडेले, विनय भौडेले और बृजेश पस्तोर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

उत्तराखंड में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए ITBP जवान नित्यानंद गोंड, पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही गूंजे 'भारत माता की जय' के नारे

बलिया- जनपद के गड़वार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहादुर निवासी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के जवान नित्यानंद गोंड देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। शहीद जवान का पार्थिव शरीर बुधवार, 21 जनवरी 2026 की देर शाम करीब 8 बजे उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया और माहौल गमगीन हो गया। शहीद नित्यानंद गोंड ITBP की 12वीं वाहिनी में तैनात थे और उत्तराखंड में ड्यूटी के दौरान मंगलवार को शहीद हो गए। जैसे ही उनके शहीद होने की सूचना गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

नित्यानंद गोंड चार भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर थे। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। माता-पिता और परिवार के सदस्यों का दुख देख वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। शव यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षाबल मौजूद रहे। लोगों ने 'भारत माता की जय', 'शहीद नित्यानंद गोंड अमर रहें' के नारों के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद नित्यानंद गोंड की अंतिम विदाई गुरुवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ दी जाएगी। अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और प्रशासन की ओर से अधिकारी मौजूद रहेंगे।

बरही में कांग्रेस की बैठक, मनरेगा के नाम परिवर्तन के खिलाफ 5 फरवरी को धरना, 26 जनवरी को पंचायत स्तर पर चौपाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंड:- बीते गुरुवार को बरही पश्चिमी पंचायत भवन में कांग्रेस कमेटी बरही की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बरही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत रोजगार योजना किए जाने के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 5 फरवरी 2026 को बरही प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाकर केंद्र की मोदी सरकार ने 'विकसित भारत रोजगार योजना' लागू की है, जिसमें राज्य सरकार को 40 प्रतिशत खर्च वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे गरीब राज्य पर यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ है। यदि राज्य सरकार 40 प्रतिशत राशि देने में असमर्थ रहती है तो यह योजना राज्य में लागू ही नहीं हो पाएगी।

उन्होंने बताया कि पूर्व में मनरेगा योजना में 90 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार और मात्र 10 प्रतिशत राज्य सरकार का होता था तथा योजनाओं का चयन ग्रामीण आम सभा के माध्यम से किया जाता था। लेकिन नई योजना में केंद्र सरकार ने योजनाओं के स्थल चयन का अधिकार अपने पास रख लिया है, जो मजदूरों के अधिकारों के खिलाफ और संविधान की मूल भावना के विपरीत है। बैठक में इसे मजदूर विरोधी कानून बताते हुए इसके विरोध का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 2026 को बरही प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को हटाकर लाए गए मजदूर विरोधी कानून के खिलाफ जनता के बीच चौपाल लगाई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक पंचायत में कांग्रेस के पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो पंचायत अध्यक्षों के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। सभी पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे पंचायत प्रभारी से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का आयोजन करें तथा इसकी फोटोग्राफी प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक में एक स्वर से बरही में लगभग ढाई वर्ष की बच्ची के साथ हुए दुराचार की घटना की घोर निंदा की गई। दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा देने की मांग की गई तथा प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने की अपील की गई। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग जिला प्रशासन से की गई।। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन रविदास, बरही प्रखंड पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष, इकबाल रजा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार साहू, जितेंद्र गिरी, रिजवान अली, मनोज रविदास, बबलू साहू, बरही पश्चिम मंडल अध्यक्ष, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद तैयब अंसारी, विधानसभा उपाध्यक्ष फिरदौस खान, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष मोहम्मद तौकीर राजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के प्रखंड, मंडल एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बदियाजवाड़ में मरम्मती व सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंड:- बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के बदियाजवाड़ गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय मरम्मती एवं सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत रूप से किया। शिलान्यास के अवसर पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि सह बरही विधानसभा प्रतिनिधि मणिलाल यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला होती है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में बेहतर एवं आधुनिक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के मरम्मती एवं सौंदर्यकरण कार्य से बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण मिलेगा, जिससे पठन-पाठन की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार होगा। विधायक ने यह भी कहा कि क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शहरी क्षेत्रों के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों एवं संवेदकों को निर्देश दिया कि निर्माण एवं सौंदर्यकरण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय विकास की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गांव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्रामीणों ने विद्यालय में विकास कार्य शुरू होने पर विधायक मनोज कुमार यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विनोद यादव, छत्रु यादव, मूलचंद यादव, किशोर यादव, राजेश यादव, रामस्वरूप यादव, सुजीत यादव, केदार यादव, मनोज यादव, रंजन यादव, भोला यादव, सहदेव पासवान, इंदरदेव यादव, देव नारायण मोदी, अरविन्द राणा, शांति देवी, सन्मतीया देवी, शिला देवी, मंजू देवी सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शोध शिखर विज्ञान पर्व 2026 का सफल आयोजन

● हरित तकनीक और सतत विकास पर आधारित मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंड:- आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के सभागार में शोध शिखर विज्ञान पर्व 2026 का भव्य आयोजन किया गया। परिवर्तन के नवाचार : विकसित भारत हेतु हरित तकनीक और सतत विकास की दिशा में कदम विषय पर आधारित इस विज्ञान उत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से यूजी और पीजी के सैकड़ों विद्यार्थियों ने पंजीकरण कर सक्रिय सहभागिता निभाई।

वर्किंग मॉडल और प्रयोगों ने बटोरी सराहना

विज्ञान पर्व में छात्रों द्वारा प्रस्तुत वर्किंग मॉडल, प्रोटोटाइप और वैज्ञानिक प्रयोग आकर्षण का केंद्र रहे। सोलर एनर्जी सिस्टम, वेस्ट मैनेजमेंट, वाटर रीसाइक्लिंग और बायो-कंजर्वेशन से जुड़े मॉडलों को विशेषज्ञों और दर्शकों ने खूब सराहा। छात्रों की नवाचार क्षमता और रचनात्मक सोच की प्रशंसा की गई।

अतिथियों ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह

मुख्य अतिथि जीडी गोयनका स्कूल के प्राचार्य अभिषेक मित्रा ने कहा कि ऐसे विज्ञान उत्सव भविष्य के वैज्ञानिकों को मंच प्रदान करते हैं। कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें नवाचार, रिसर्च और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ना है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आज के युवा शोधकर्ता कल की हरित तकनीक के मार्गदर्शक बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज का छात्र यदि विज्ञान और तकनीक को समाज की जरूरतों से जोड़कर काम करेगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। वहीं समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि नवाचार और शोध आधारित सोच ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। कार्यक्रम संयोजक डॉ रितेश कुमार ने बताया कि चयनित श्रेष्ठ मॉडल वर्ष 2026 में भोपाल में आयोजित होने वाले शोधन शिखर विज्ञान पर्व में प्रस्तुत किए जाएंगे। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एस आर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, प्रति कुलसचिव विजय कुमार, प्रति कुलसचिव ललित मालवीय ने भी कार्यक्रम को सराहा और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

शोध पत्रों का भी हुआ प्रस्तुतिकरण

इस अवसर पर डॉ सुजीत कुमार पटेल, प्रभात किरण, गौतम कुमार पाण्डेय और फरहीन सिद्दीकी ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों को मिला सम्मान

प्रतियोगिता में बीएससी वनस्पति विज्ञान के पप्पू कुमार, प्रेरणा कुमारी, स्नेहा कुमारी और रामप्रकाश कुमार की टीम को बिना मिट्टी के पौधा उगाने की तकनीक के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। बीएससी जंतु विज्ञान के आकाश दीप, सोनु कुमारी, मोनिका भारती और त्रिशा कुमारी की टीम को द्वितीय पुरस्कार, जबकि बीसीए के नितिन राज, कुशाग्र गौतम और नयन राज की टीम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम समन्वयक डॉ रितेश कुमार, राजेश रंजन, सहायक कुलसचिव अमित कुमार, डॉ अजय वर्णवाल, हिमांशु चौधरी, पंकज प्रज्ञा, नेहा सिन्हा, डॉ दीपा गोस्वामी, डॉ प्रीति व्यास, डॉ अरविंद कुमार, डॉ राजकुमार, डॉ सच्चिदानंद बेहरा, डॉ आलोक कुमार, सृष्टि सिन्हा सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रिक्शा चालक से मारपीट कर बेहोश किया, मामला दर्ज

ललितपुर। रामलीला बंध रावतयाना में रहने वाले राजकुमार पुत्र क्षमाधर ने चौकी सदर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह रिक्सा चलाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बीती 27 दिसंबर 2025 की शाम करीब 5 बजे वह डा.राजकुमार जैन की अस्पताल के बाहर मुख्य रोड पर सवारियों से पैसा लेकर उतर रहा था, तभी वहां पहले से मौजूद नदी के पास सरदारजी की टाल के पीछे रहने वाला संजीव राजा पुत्र मानसिंह मौजूद था, जिसने अपने दो अज्ञात साथियों से मिलकर उसे गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस मारपीट में उसकी हालत काफी खराब हो गयी और वह मौके पर ही बेहोश हो गया था। राहगीरों ने उसे एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजीव राजा व उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

दनुआ में बंदर का आतंक, स्कूल जाने से कतरा रहे बच्चे

●वन विभाग की खामोशी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:- चौपारण प्रखंड के चोरदाहा पंचायत अंतर्गत दनुआ गांव में इन दिनों एक बंदर का आतंक ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। बंदर के लगातार हमलों से गांव में दहशत का माहौल है। इस आतंक का सबसे ज्यादा असर उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं पर देखने को मिल रहा है, जो भय के कारण स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बंदर अब तक कई ग्रामीणों एवं छात्रों पर हमला कर चुका है, जिससे कई लोग घायल भी हुए हैं। स्कूल परिसर और स्कूल आने-जाने वाले रास्तों पर बंदर की सक्रियता बनी रहती है, जिसके चलते बच्चे हर समय भयभीत रहते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने मजबूरी में उन्हें स्कूल भेजना बंद कर दिया है। बंदर के बढ़ते आतंक से जहां ग्रामीणों में भय व्याप्त है, वहीं वन विभाग की उदासीनता को लेकर लोगों में भारी आक्रोश भी देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की जानकारी देने के लिए जब भी वन विभाग के अधिकारियों को फोन किया जाता है, तो वे फोन तक उठाना उचित नहीं समझते। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने प्रशासन और वन विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप कर बंदर को सुरक्षित तरीके से पकड़वाने एवं गांव तथा स्कूल क्षेत्र को भयमुक्त करने की मांग की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और ग्रामीण राहत की साँस लें।

जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा नगर, राम मंदिर वर्षगांठ पर विशाल शोभाया

त्रातालबेहट। राम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर नगर में हिंदू संगठनों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद, श्री राम प्रभात फेरी समिति, बजरंग दल सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर 1 बजे डाक बंगला हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा में विभिन्न देव स्वरूपों की आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़ों की गूंज, महिला मंडल व भजन-कीर्तन मंडल शामिल रहे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बड़ा बाजार, सराफियाना मोहल्ला, सराफा बाजार, अंजनी नगर से गुजरकर पुनः डाक बंगला मंदिर पहुंची।यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में गूंज उठा। समापन अवसर पर श्री राम प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

भारत वर्ष का 76वें गणतंत्र दिवस अति सौम्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने की हो रही है तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:- भारत वर्ष की आन-बान-शान व स्वाभिमान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज देश के 77वें गणतंत्र दिवस की मंगलमयी बेला 26 जनवरी दिन सोमवार को नियत समय पर ध्वजारोहण की तैयारी प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी तथा निजी संस्थानों के अलावा व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तत्परता से की जा रही है ताकि पाकुड़िया के नीले आसमान पर देश का स्वाभिमान तिरंगा लहराते हुए भारत के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर गर्व महसूस किया जा सके। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय, शिक्षा कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना परिसर एवं विभिन्न पंचायतों, सरकारी-गैर सरकारी विद्यालयों तथा सभी राजनीतिक कार्यालयों में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

वहीं पाकुड़िया स्थित भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में भारत माता सहित अमर शहीदों की भव्य झांकी विगत वर्षों की भांति प्रदर्शित किए जाने की सूचना है। झांकी को भव्यता एवं सौम्यता के साथ प्रदर्शित करने हेतु विभिन्न अमर बलिदानी पात्रों की भूमिका में विद्यालय के भैया-बहन रहेंगे। आयोजित भव्य शहीदों की झांकी प्रातः 8 बजे पाकुड़िया नगर भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न होगी। तदुपरांत भारत माता पूजन 9:20 बजे, 9:30 बजे झंडोत्तोलन एवं 10 बजे शारीरिक प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित होगा। झांकी का अभिनंदन पाकुड़िया नगरवासी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ करते रहे हैं। झांकी का प्रदर्शन विद्यालय के आचार्य एवं आचार्याओं के सौम्य सान्निध्य में होता रहा है।

श्रीदस में नन्हे वैज्ञानिकों का कमाल, 500 से ज्यादा मॉडल देख दंग रह गए दर्शक

● बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार विकसित करना ही हमारा लक्ष्य : कैलाश कुमार

भविष्य की शिक्षा आज के इनोवेशन से तय होती है : राकेश सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंड:- देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए नवाचार और मॉड्यूल देखकर आगंतुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। एआई, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, कृषि और लोककला से जुड़े प्रोजेक्ट्स ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रदर्शनी में बच्चों ने 500 से अधिक मॉड्यूल प्रस्तुत किए। इसमें एसटीईएम ज़ोन, आर्ट गैलरी और कृषि केंद्र प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक के साथ सामाजिक जरूरतों को जोड़ते हुए ऐसे प्रोजेक्ट्स बनाए, जो भविष्य में उपयोगी साबित हो सकते हैं। बच्चों ने एआई और रोबोटिक्स से जुड़े कई सेंसर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इनमें दृष्टिबाधित लोगों की मदद के लिए बनाया गया सेंसर स्पेक्टेकल्स विशेष चर्चा में रहा। यह चश्मा सामने किसी वस्तु के आने पर व्यक्ति को अलर्ट करता है। ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों ने सोलर एनर्जी, वाटर कंजर्वेशन और ग्रीन एनर्जी से जुड़े मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉड्यूल्स के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कृषि केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने फसलों और खेती से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। वहीं आर्ट गैलरी में बच्चों ने झारखंड की पहचान सोहराय और कोहबर कला को प्रस्तुत कर दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विशालनाथ पांडेय (ओएसडी, आईसीएआर गोरियाकरमा) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रजनीश (सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर), डॉ. कौशलेंद्र (एचओडी) एवं डॉ. राधा कृष्णा (डायरेक्टर ऑफ लर्निंग) शामिल रहे। इसके अलावा शिक्षा जगत से जुड़े कई अन्य गणमान्य शिक्षाविद् भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार विकसित करना ही विद्यालय का उद्देश्य है। इस तरह की गतिविधियों से छात्रों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ती है।वहीं विद्यालय प्रबंधक राकेश सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है। प्रदर्शनी में प्रस्तुत हर मॉडल बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस दौरान शहर के कई मीडियाकर्मी, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक अमरजीत पांडेय द्वारा किया गया। वहीं, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

बरही में सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासन सतर्क

●एसडीपीओ के नेतृत्व में बरही चौक पर हुआ मॉक ड्रिल, सुरक्षा व्यवस्था परखी गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंड:- सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बरही प्रशासन द्वारा बरही चौक पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का नेतृत्व बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल ने किया। इस मॉक ड्रिल में पुलिस प्रशासन, दंडाधिकारी, अग्निशमन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। अभ्यास के दौरान आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई, अग्निकांड से निपटने की प्रक्रिया तथा घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की तैयारियों को परखा गया। इसके साथ ही पुलिस बल द्वारा रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने बताया कि भीड़ नियंत्रण को लेकर मॉक ड्रिल में यह दिखाया गया कि पहले चेतावनी दी जाती है और आवश्यकता पड़ने पर ही कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे भीड़ का हिस्सा न बनें, कानून को हाथ में न लें, गैरकानूनी मजमा न लगाएं और त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करने की अपील की, ताकि असामाजिक तत्वों और दंगाइयों से बचा जा सके और त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो। मौके पर पुलिस विभाग से सार्जेंट मेजर कुमार देवदत्त, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मो. सागिर, सुनील साहू, गणेश यादव, मो. इमरान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

भुगतान के बाद भी बिजली कनेक्शन नहीं देने पर एक्सईएन को डीएम की कड़ी फटकार, जल निगम व गौशालाओं के कार्यों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया- कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण समिति एवं जल निगम (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भुगतान के बावजूद बिजली कनेक्शन उपलब्ध न कराए जाने पर संबंधित अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई।

गोवंश संरक्षण हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 30 गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें लगभग 27 हजार गोवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गौशाला में न्यूनतम 50 पशुओं का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में पांच गौशालाओं में पशुओं की संख्या कम पाए जाने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को शहर में घूम रहे लगभग 100 आवारा पशुओं को तत्काल पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में चारा, भूसा, ठंड से बचाव और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही हरे चारे के रूप में नेपियर घास की खेती को बढ़ावा देने तथा सभी विकास खंडों में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

सभी गौशालाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की गई। नगरा क्षेत्र में तीन सीसीटीवी कैमरे खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल नए कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जल निगम (ग्रामीण) की 'हर घर नल योजना' के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानों पर अभिग्रहण से जुड़े कार्य शेष हैं, जबकि अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

रसड़ा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की सड़क बाधा बनने से पाइपलाइन कार्य प्रभावित होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को जल निगम के साथ समन्वय कर बैठक कर कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान ब

संक्षिप्त खबरें

अतिक्रमण पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

टाउन हॉल से स्टेशन तक चला सघन अभियान, 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

उरई(जालौन)- जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा टाउन हॉल से रेलवे स्टेशन तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अभियान के दौरान सड़क एवं पटरियों पर अस्थायी रूप से किए गए निर्माण, ठेले, गुमटी एवं अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों से कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। जनहित एवं यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी तथा कहा कि नगर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले 9 अभियुक्त जिला बदर

उरई(जालौन)- जनपद में सार्वजनिक शांति, कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 9 आदतन एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को जिला बदर किए जाने का आदेश पारित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में महेंद्र सिंह पुत्र पन्नालाल राजपूत निवासी बंधौली, संजय मिश्रा पुत्र रामसनेही मिश्रा निवासी उकासा, ज्ञान सिंह राजपूत पुत्र गोपीचरण निवासी इंदिरा नगर, पवन कुमार उर्फ वीरू पुत्र शिव कुमार निवासी निचावड़ी, सोनू पुत्र बैजनाथ निवासी निचावड़ी, रणवेंद्र सिंह उर्फ सोनू उर्फ राजू पुत्र रामप्रकाश निवासी सिरसा दोगड़ी, अजय कुमार उर्फ अजय यादव पुत्र सूरज प्रसाद यादव निवासी रूरा अड्डू, आसिफ उर्फ बबलू पुत्र अल्लाह रखू निवासी इस्लामाबाद तथा रईस अहमद पुत्र शाहिद निवासी इस्लामाबाद को जनपद की सीमाओं से बाहर किया गया है। उक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता, क्षेत्र में भय का वातावरण उत्पन्न करने एवं सार्वजनिक शांति भंग करने की निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। परिस्थितियों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा यह निरोधात्मक कार्यवाही की गई है।

जाखलौन-देवगढ़ मार्ग पर दुर्घटनाओं के कारण बन रहे जानवर

सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बांधा जा रहा जानवरों को ओबीसी महासभा ने डीएम को भेजा ज्ञापन, जांच कर कार्यवाही की मांग

ललितपुर। मुख्यालय से जाखलौन होते हुए देवगढ़ के पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क किनारे पड़ने वाले ग्रामीण अंचलों में सड़क किनारे जानवरों को बांधे जाने और आये दिन हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी तरीके से रोके जाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि देवगढ़ जाने वाले रास्ते पर महेशपुरा, ककरूआ, खिरिया, बम्हौरीकलां, पिपरिया, जीरोंन, आलापुर, ऐरा, जाखलौन के अलावा अन्य ग्रामीण अंचल हैं। यहां लोगों द्वारा अवैध तरीके से सरकारी मुख्य मार्ग पर कब्जा कर जानवरों को बांध रखा है, जिसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं हैं और कई लोग काल कवलित हो चुके हैं। आरोप है कि जानवर बांधने की आड़ में सरकारी जमीन पर वर्षों से अवैध कब्जा जमाये लोगों की शिकायत समय-समय पर आलाधिकारियों से की गयी, लेकिन कार्यवाही न होने से इनके हौंसले बुलंद हैं। ओबीसी महासभा ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर ठोस कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय देवसिंह राजपूत, आनन्द सिंह, रंजना, आजाद सिंह, ऊदल सिंह, अनुराग के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

दहेज की बलि चढ़ी शकीला, जहर देकर हत्या की पुष्टि, अदालत ने पति को सुनाई उम्र कैद की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उरई(जालौन)- दहेज हत्या के एक जघन्य मामले में जिला सत्र न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाते हुए मुख्य अभियुक्त मृतका के पति यूसुफ उर्फ रहीश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही 30 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं अन्य 4 परिवारीजनों को 3-3 साल की सजा के साथ 30-30 हजार का जुर्माना लगाया गया है। अदालत में यह सिद्ध हो गया कि पीड़िता शकीला की हत्या दहेज की मांग पूरी न होने पर कीटनाशक जहर देकर की गई थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी रसूल अहमद ने बताया कि अभियुक्त यूसुफ उर्फ रहीश ने शादी का झांसा देकर उसकी पुत्री शकीला को अपने घर में पत्नी की तरह रखा था। जब निकाह की बात आई तो अभियुक्त और उसके परिजनों ने दो लाख रुपये नकद, टीवी, फ्रिज और मोटरसाइकिल की दहेज में मांग की। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो शकीला के साथ लगातार मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियां दी जाती रहीं। पंचायत के हस्तक्षेप के बावजूद भी आरोपी नहीं माने। 26 जनवरी 2011 की शाम यूसुफ उर्फ रहीश ने अपने पिता इस्माइल महते, चाचा लल्लू, भाई हनीफ और बहनों नाजिरा व फातिमा के साथ मिलकर एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा। उन्होंने शकीला को धोखे से कीटनाशक जहर खिला दिया। जब उसकी हालत गंभीर हो गई, तो उसे मरा हुआ समझकर बगीचे के गेट पर फेंक दिया। पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाए जाने के बाद, 27 जनवरी 2011 को शकीला की मृत्यु हो गई थी। मामले में पोस्टमार्टम के दौरान सुरक्षित विसरा को विधि विज्ञान प्रयोगशाला, आगरा भेजा गया था। रिपोर्ट में विसरा के नमूनों में ऑर्गेनोक्लोरो कीटनाशक विष पाए जाने की पुष्टि हुई। यह रिपोर्ट निर्णायक साबित हुई जिससे यह स्पष्ट हो गया कि शकीला की मृत्यु सामान्य परिस्थितियों में नहीं, बल्कि जहरीला पदार्थ खिलाए जाने से हुई थी। न्यायालय ने इसे स्पष्ट रूप से दहेज हत्या माना और अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों को पूर्णतः विश्वसनीय माना। मामले में अपर शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम द्वारा प्रभावी और सशक्त पैरवी की गई। न्यायालय ने अपने फैसले में मुख्य अभियुक्त यूसुफ उर्फ रहीश को आजीवन कारावास एवं उसके रिश्तेदारों (पिता व बहन) के द्वारा क्रूरता के तहत तीन वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदंड व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दो वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्तों पर लगाए गए कुल अर्थदंड (जुर्माने) की आधी राशि पीड़िता के पिता रसूल अहमद को प्रतिकर (मुआवजे) के रूप में दी जाए।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पति की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उरई(जालौन)- कानपुर जनपद के जूही थाना क्षेत्र के जूहीगडा निवासी एक दंपत्ति के साथ गुरुवार को कानपुर-झांसी हाईवे पर एक भीषण सड़क दुर्घटना की घटना घटित हो गई। इस हादसे में 36 वर्षीय सुनीता वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके 39 वर्षीय पति जितेंद्र वर्मा गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना गुरुवार दोपहर कानपुर-झांसी हाईवे पर स्थित कालपी पुल के पास हुई। जितेंद्र वर्मा अपनी पत्नी सुनीता को बाइक से लेकर उरई जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को कालपी पुल के पास जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार सड़क पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन दोनों घायलों को कानपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने सुनीता वर्मा का इलाज शुरू किया, लेकिन उनके गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। वहीं जितेंद्र वर्मा की हालत भी गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर हैं। मृतका सुनीता वर्मा दो बेटियों की मां थीं। उनकी मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। दोनों बेटियों समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। देवर गोलू वर्मा ने बताया कि उनके भाई और भाभी उरई के मोहल्ला तुलसी नगर में एक रिश्तेदार के यहाँ आयोजित त्रयोदशी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस का मानना है कि टक्कर मारने वाला वाहन तेज रफ्तार में था और दुर्घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया।

मारपीट कर किया घायल, सीओ से लगाई गुहार

कोंच(जालौन)- नदीगांव थाना क्षेत्र के डांग खजुरी गांव में हुए झगड़े के दौरान सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी के यहां शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। थाना नदीगांव के डांग खजुरी मड़इयन निवासी शिवम कुशवाहा पुत्र चंदन सिंह ने सीओ परमेश्वर प्रसाद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 21 जनवरी की शाम 8 बजे वह घर पर था और उसका भाई आकाश नीचे बाहर था। उसी समय गांव के ही अरविंद, गोविंद सिंह, रामजीलाल, मंगल सिंह, अमान सिंह, अनार सिंह आदि अपने हाथों में लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी लेकर भाई की मारपीट रहे थे। जब वह भाई को बचाने पहुंचा तो जान से मारने की नीयत से गोविंद सिंह व अरविंद ने कुल्हाड़ी से सिर में जोर से वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। मौके पर माता पिता को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गए। वह थाना नदीगांव गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिवम ने न्याय की गुहार लगाई है।

शादी के दस वर्ष बाद भी पति मांगता है दहेज

महिला की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम पनारी में रहने वाली रामदेवी ने कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। रामदेवी के अनुसार उसकी शादी 10 वर्ष पहले राहुल पुत्र धनीराम के साथ हुयी थी। आरोप है कि राहुल आये दिन उसे किसी न किसी बात को लेकर परेशान करते हुये दहेज की मांग करता है और विरोध करने पर मारपीट की जाती है। इसके अलावा उसके सास-ससुर बचाव करने आते हैं तो पति उनके साथ भी गालियां देते हुए मारपीट करने लगता है। मायके पक्ष द्वारा भी राहुल को समझाने के बावजूद भी वह विवाद करता है। मारपीट से तंग आकर वह अपने मायके ग्राम रोंडा आती तो वह प्रधान के साथ मिलकर उसे जबरन वापस ले जाता। आरोप है कि 17 जनवरी को अपराह्न 12 बजे से उसका पति फिर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर रहा है। अब उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर राहुल के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

आरपीएफ जवान की बहादुरी से एक यात्री की जान बची

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उरई(जालौन)- रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवान की सतर्कता और बहादुरी से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। महज 8 सेकेंड की त्वरित कार्रवाई ने एक यात्री की जान बचा ली। यह पूरी घटना स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग आरपीएफ जवान की जमकर सराहना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उरई शहर के मोहल्ला इकलासपुरा निवासी भगवानदास अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में रिश्तेदारी में लड़का देखने जा रहे थे। इसी दौरान उरई रेलवे स्टेशन से एक मालगाड़ी के गुजरने का समय हो गया। ग्रीन सिग्नल मिलने के कारण मालगाड़ी तेज रफ्तार में थी। जल्दबाजी में भगवानदास ने रेलवे नियमों को नजरअंदाज करते हुए ट्रैक पार करने का प्रयास किया। इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ थाने के हेड कॉन्स्टेबल भीमसेन त्रिपाठी की नजर ट्रैक पार कर रहे यात्री पर पड़ गई। बगैर एक पल गंवाए उन्होंने दौड़ लगाई और समय रहते यात्री को पकड़कर जोर से प्लेटफॉर्म की ओर खींच लिया। कुछ ही पलों बाद उसी ट्रैक से तेज रफ्तार मालगाड़ी गुजर गई। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि पूरा घटनाक्रम महज 8 सेकेंड का था। जरा सी भी देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामले पर आरपीएफ इंस्पेक्टर अभिषेक यादव ने बताया कि रेलवे द्वारा 'ऑपरेशन जीवन रक्षा' अभियान के तहत यात्रियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। यात्रियों से अपील की जाती है कि वे ट्रैक पार करने के बजाय फुटओवर ब्रिज, लिफ्ट या सबवे का इस्तेमाल करें। स्टेशन पर नियमित अनाउंसमेंट किए जाते हैं और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है।

प्रेमी युगल ने एक ही रस्सी से फांसी लगाकर दी जान, गांव में मचा हड़कंप

● नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के मामले में आरोपी रह चुका युवक, पुलिस कर रही हर एंगल से जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बार। जनपद ललितपुर के थाना बार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरान में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। गांव के बाहर खेत में खड़े एक महुआ के पेड़ पर प्रेमी युगल के शव एक ही रस्सी के सहारे फंदे से लटके मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान जयपाल सिंह उर्फ मुनीम (पुत्र कैलाश लोधी) और उमा (पुत्री रामसिंह लोधी, उम्र लगभग 16 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों ग्राम देवरान के ही निवासी थे और आपस में प्रेम संबंध में थे। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पारिवारिक रिश्ता भी था, जिस कारण उनका प्रेम संबंध परिवार और समाज को स्वीकार नहीं था। गुरुवार सुबह गांव के ही एक व्यक्ति ने खेत में महुआ के पेड़ पर दोनों के शव लटके देखे। उसने तत्काल इसकी सूचना प्रेमी युगल के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी थाना बार पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही थाना बार पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया। इसके बाद पंचनामा भरकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

इस मामले का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। मृतका के पिता ने 20 जनवरी को थाना बार में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को जयपाल सिंह बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस मामले में जयपाल के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। इससे पहले भी दोनों घर से भाग चुके थे, जिन्हें पुलिस ने रेलवे स्टेशन से बरामद किया था। उस समय आरोपी जयपाल को जेल भेज दिया गया था, जो अगस्त माह में जमानत पर रिहा होकर बाहर आया था।

बदनामी के डर से गांव छोड़ चुका था परिवार, लौटने पर प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार सामाजिक बदनामी के डर से मृतका का परिवार कुछ समय पहले इंदौर चला गया था और मकर संक्रांति के अवसर पर हाल ही में गांव वापस लौटा था। इसी दौरान जयपाल भी बाहर से गांव लौट आया। इसके बाद दोनों एक बार फिर घर से गायब हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों पिछले दो से तीन दिनों से गांव के बाहर खेतों में छिपकर रह रहे थे।

मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह, थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदोरिया तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है और यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी छिपा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

इनका कहना है

दोनों एक ही गांव और एक ही समाज के थे एवं दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली है पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर

असम में गूंजी बुंदेलखंड की धमक

● राज्यपाल ने सराही मोहिनी ग्रुप ललितपुर की कला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक राजधानी गुवाहाटी के पंजाबाड़ी स्थित एन.ई.जेड.सी.सी. शिल्पग्राम में आयोजित शिल्पग्राम महोत्सव 2026 में भारत की विविध संस्कृतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करते हुए आयोजित भव्य कार्यक्रम कलर्स ऑफ इंडिया में ललितपुर के मोहिनी ग्रुप ने बुंदेली संस्कृति की ऐसी शानदार प्रस्तुति दी कि दर्शक दीर्घा में मौजूद गणमान्य अतिथि भी झूम उठे। महामहिम राज्यपाल ने बढ़ाया। कलाकारों का उत्साह कार्यक्रम में मणिपुर एवं नागालैंड के अजय कुमार भल्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल ने पूरी प्रस्तुति का आनंद, भारत की एकता को दर्शाते इन सांस्कृतिक रंगों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने ललितपुर के मोहिनी ग्रुप सहित अन्य कलाकारों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि बुंदेलखंड की माटी की यह कला और ऊर्जा राष्ट्रीय एकता की प्रतीक है।

बुंदेली लोक नृत्य और गीतों ने बांधा समां

ललितपुर से आए मोहिनी ग्रुप के कलाकारों ने बुंदेलखंड के पारंपरिक लोक नृत्यों व लोकगीतों की जीवंत प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगी बुंदेली वेशभूषा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जब कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, तो पूरा शिल्पग्राम परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस प्रस्तुति ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक विरासत को पूर्वोत्तर के मंच पर गर्व के साथ स्थापित किया।

कुशल निर्देशन और भव्य आयोजन

इस वृहद कोरियोग्राफिक प्रस्तुति का निर्देशन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता और एन.ई.जेड.सी.सी. दीमापुर निदेशक डा.प्रसन्न गोगोई ने किया। कार्यक्रम में शास्त्रीय, लोक और जनजातीय नृत्यों को एक सूत्र में पिरोया गया था। मोहिनी ग्रुप के जितेंद्र कुमार की अगुवाई में इन कलाकारों ने 18 से 20 जनवरी 2026 तक गुवाहाटी में रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें मोहिनी, रितिका, दीपिका, स्वाति, स्मृति, कशिश, करन, जीवन, बलराम आदि कलाकार शामिल थे।

पावर क्लब, एमसीसी व इंदल 11 टीम को मिला मैन ऑफ द मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। तुवन मंदिर परिसर में आयोजित सदर विधायक कप को जीतने के लिये बुधवार को 12-12 ओवर का तीन पारियों में छह क्रिकेट टीमों द्वारा गेंदबाजी व बल्लेबाजी की गयी। सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चले क्रिकेट मैंच में तीन क्रिकेट टीमों को जीत मिली, तो वही तीन टीमों को हार का सामना करना पड़ा, जीत दर्ज करने वाली टीम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन खिलाडियों को मैनऑफ द मैंच, नगद पुरस्कार व सील्ड देकर सम्मानित किया गया है। गुरूवार को तुवन मंदिर परिसर में हुये क्रिकेट मैंच की शुरूबात के दौरान पहली पारी में पावर क्लब व दुर्गा क्लब पटोरा के बीच खेला गया। शुरूबात में बल्लेवाजी करते हुये पावर क्लब ने 12 ओवर खेलते हुये सात विकेट खोकर 103 रन को लक्ष्य रखा, तो गेंदवाजी करने के बाद बल्लेवाजी करने के लिये उतरी दुर्गा क्लब टीम 12 ओवर में सात विकेट खोकर मात्र 93 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा, पावर क्लब टीम ने 11 रन से जीत दर्ज करायी है। दूसरी पारी की शुरुआत करते हुए मित्रता क्लब मड़ावरा ने बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर खेलते हुए 9 विकेट खोकर मात्र 81 रन का लक्ष्य एमसीसी मिर्चवारा के सामने रखा, गेंदबाजी करने के उपरांत बल्लेबाजी करते हुये एमसीसी मिर्चवारा ने 9 ओवर 5 गेंदों में 84 रन तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कराई है। तीसरी पारी की शुरुआत होते ही इंदल 11 टीला क्रिकेट क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर खेलते हुए दो विकेट खोकर गेंदबाजी कर रही रॉयल 11 झरकौन के सामने 164 रनों का लक्ष्य रखा गया। बल्लेबाजी करने के लिए उतरी रॉयल 11 झरकौन टीम ने 9 ओवर खेलते हुए मात्र 47 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। गुरूवार को सदर विधायक रामरतन कुशवाहा कप की चल रही सीरीज में पावर क्लब ललितपुर,एमसीसी क्लब मिर्चवारा व इंदल 11 टीला टीम के खिलाडी शाहरूख खान, रामजी पटेल व अंकित राजा द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने पर विधायक पुत्र श्रीकांत द्वारा तीनों खिलाडियों को मैनऑफ द मैंच, नगद पुरस्कार व सील्ड देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान दीपक मिश्रा, विनोद पाठक, दीपेश राय, दीपक चौरसिया, अरस्तु उपाध्याय, परषोत्तम कुशवाहा, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, दीपक राठौर, मिलन सोनी, सुरेन्द्र करमरा, पृथ्वी वाल्मीकि सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

नाबालिग किशोरी बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

तालबेहट । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिनांक 21 जनवरी 2026 को शाम करीब 3:30 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री को कस्बा तालबेहट निवासी शिवा बाल्मीकि पुत्र अज्ञात निवासी चौबयाना बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि उक्त युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहकाकर घर से ले गया, जिसके बाद परिजन उसे काफी तलाशते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और किशोरी की बरामदगी के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

अधिग्रहित भूमि पुनर्वास,मकान और परिसंपत्तियों का मुआवजा दिलाये जाने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। भौंरट बांध परियोजना में अधिग्रहित भूमि पुनर्वास,मकान और परिसंपत्तियों का मुआवजा न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के लखनऊ आवास पर गुहार लगाई। तहसील महरौनी के ग्राम छपरट के दर्जनों विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने कृषि भूमि, आवासीय मकानों, ट्यूबवेल, हैंडपंप, फलदार, इमारती पेड़ों और बगीचों का अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। घरों का मुआवजा नहीं मिलने से लोग अपने घर नहीं बना पा रहे हैं।पुराने मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जब विभागीय अधिकारियों से मांग की जाती तो टालमटोल कर प्रभावितों को टरका दिया जाता है।ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें 2022-23 में बड़े हुए सर्कल रेट डूब क्षेत्र में लागू किए जाने की मांग करते हुए कहा कि जिले में कृषि भूमि 15 लाख रुपए प्रति एकड़ चल रहा है जबकि उन्हें 8 लाख रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है ऐसी स्थिति में उनको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है।उन्होंने मंत्री से शीघ्र और उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।मांग करने वालों का नेतृत्व पूर्व जिला मंत्री भाजपा जगदीश सिंह निरंजन ने किया उनके साथ काशीराम, मानकदास, गज्जू, रामकली, बड़ीबहू, प्रीतम, चंद्रभान, अमान, ज्ञासीराम, मानकुंवर, जखौरा बाई, बड़ीबहू, गुड्डी बाई, कामता प्रसाद, राजकुमार,जानकी, घंसू, भगवत आदि थे।

पहले सेमीफाइनल के महा मुकाबले में बीना ने झांसी को 20 रनों से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जाखलौन- सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में बीना ने झांसी को 20 रनों से हराया। जिसमें भूपनगर झांसी, की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया और बीना टीम को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसमे बीना टीम की शुरुआत बेहद खराब रही,और मात्र 3 रन के स्कोर पर अपने 3 विकेट खो दिए इसके बाद धीरे-धीरे रन बने शुरू हुए और 45 रनों के स्कोर पर 5 विकेट गिर गए और बीना की आधी टीम पवेलियन लौट गई, फिर बल्लेबाजी करने आए सचिन और अरविंद जिसमे अरविंद ने 31 गेंदो में 45 रन और सचिन ने 17 गेंदों में 33 रनो की पारी खेली और टीम का स्कोर 115 रनों तक पहुंचा दिया, भूपनगर झांसी की टीम से घातक गेंदबाजी यशपाल द्वारा की गई जिन्होंने अपने स्पेल में 4 विकेट झटके, लक्ष्य का पीछा करने उतरी भूपनगर झांसी, की शुरुआत काफी खराब रही मात्र 6 रनों पर अपने 3 विकेट खो दिए और चौथे विकेट के लिए पोंटिंग और पुष्पेंद्र के बीच 50 रनों की साझेदारी हुई इसके बाद 56 रनों पर चौथा विकेट गिरा और विकेट की झड़ी लग गई और भूपनगर झांसी की टीम मात्र 95 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई,और बीना टीम ने यह मुकाबला 20 रनो से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बीना टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी बिट्टू ने की अपने चार ओवर की स्पेल में 4 विकेट झटके, मैच में मैन ऑफ द मैच रहे। सचिन जिन्होंने अपने चार ओवर में मात्र 6 रन देकर लिया 1 विकेट और 17 गेंद में ताबड़तोड़ 33 रन बनाए, मैच में मुख्य अतिथि रहे विवेक जैन, प्रांतीय अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, राजेश गोस्वामी, संजय जैन, राहुल यादव, सेलू राजा, धीरज शर्मा, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

युवक ने अपने दादा के साथ मिलकर बाइक सवार को पीटा

ललितपुर। मोहल्ला करमाबाई नगर में रहने वाले आशाराम पुत्र रामकिशन ने सदर चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 18 जनवरी की रात करीब 10 बजे उसका पुत्र आकाश नई बस्ती में तेरई करके अपने घर लौट रहा था। तभी तालाबपुरा के पास लकी नाम का युवक अपने दादा जिसका नाम गोलबानी निवासी डोंडाघाट बताया गया है ने उसे रोक लिया और उससे अपनी मोटर साइकिल से स्टेशन के पास कलारी के पास छोडने की बात कहने लगा। जब उसने कलारी के पास छोड़ने को मना किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस घटना को राहगीरों ने देखा और उसके पुत्र को घायलावस्था में घर तक पहुंचाया। परिजनों ने पुत्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने आकाश को सिर में 12 टांके लगाते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। आरोप है कि मारपीट के बाद उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लकी व दादा गोलबानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पति की मृत्यु उपरान्त पुत्र के नाम की संपत्ति दिलाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। पति की मृत्यु उपरान्त महिला अपने पुत्र के हिस्से की संपत्ति प्राप्त करने के लिए मुख्यालय पहुंची। यहां थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदिया निवासी मनीषा ने डीएम को पत्र भेजकर बताया कि चार वर्ष पहले उसकी शादी स्व. शिवेन्द्र कुर्मी पुत्र बद्री प्रसाद के साथ हुयी थी। शादी के बाद उसके पति

संक्षिप्त खबरें

बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी

घाटमपुर। बसंत पंचमी का महापर्व 23 जनवरी 2026, शुक्रवार को श्रद्धां और उल्लास के साथ मनाया जाएगा, हिंदू धर्म में इस तिथि का विशेष महत्व है ,, क्योंकि इसी दिन से मांगलिक कार्यों की शुरुआत मानी जाती है,इस अवसर पर घरो के साथ साथ सरकारी निजी संस्थानों में विद्या की देवी सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की जातीं हैं,,माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को धार्मिक आध्यात्मिक,और सांस्कृतिक द्रष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है, मान्यता है कि इसी दिन मां सरस्वती जी प्रकट हुई थी,सनातन परंपरा में मां शारदा से जुड़ा यह पर्व केवल विद्या साधकों तक सीमित नहीं है बल्कि,यह बसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है, बसंत पंचमी के शुभ दिन मां सरस्वती की पूजा को अत्यंत फलदाई माना जाता है,इस साधना से विद्या, बुद्धि,वाणी,की शुद्धता,स्मरण शक्ति, और विभिन्न कलाओं में सिद्धि प्राप्त होने की मान्यता है, मां दुर्गा देवी मंदिर के पंडित छुन्नू लाल शुक्ला के अनुसार बसंत पंचमी के दिन सुबह स्नान कर शुद्ध मन से पूजा का संकल्प लेना चाहिए, इसके बाद पीले या सफेद वस्त्र धारण कर पूजा स्थल पर पीले या सफेद आसन पर बैठे , मां सरस्वती के चित्र पर पीले फूल अर्पित करें।

सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब कुंडा हो हराकर मेजबान स्टेडियम बॉयज ने जीता इंदिरा कप का खिताब

प्रतापगढ़। बीते 12 फरवरी से लगातार चल रही प्रियंका गांधी के जन्मदिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला स्टेडियम बॉयज और सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।टॉस जीतकर सेंट जोसफ ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए स्टेडियम बॉयज की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।स्टेडियम बॉयज ने निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 159 रनों बनाए। स्टेडियम बॉयज के लिए सक्षम ने 61 और उत्कर्ष पाल ने 37 रनों का योगदान दिया।सेंट जोसफ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुमित यादव ने 4 और रितेश यादव ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब कुंडा की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 156 रन ही बना सकी, जिसमें सचिन पटेल 73 और शिवम पटवा ने 33 रनों का योगदान दिया।स्टेडियम बॉयज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कप्तान मोहम्मद सैफ ने 4 और अभिषेक राय ने 2 विकेट लिए।कप्तान मोहम्मद सैफ को उनके अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दिया। विजेता टीम को 40 हजार रुपए की राशि जिलाध्यक्ष कांग्रेस डॉ नीरज त्रिपाठी ने दिया और उप विजेता टीम को 20 हजार रुपए की राशि कांग्रेस जिला खेलकूद प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना ने दिया।

आधे घंटे के लिए ब्लैक आउट का नप ने कराया प्रचार

सिद्धार्थनगर । सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु क्रेस ब्लैकआउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का आयोजन 23 जनवरी को सायंकाल 6 बजे से 6.30 बजे तक मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पर किया जाना प्रस्तावित है । इस कार्यक्रम के दौरान (आवश्यक सेवाओं के भीतर की व्यवस्थाओं को छोड़कर) प्रकाश प्रतिबन्धित रहेगा । यह अभ्यास नागरिकों को सम्भावित आपातकालीन परिस्थितियों बड़े आपदाओं की स्थिति में सतर्क रहने और त्वरित प्रतिक्रिया देने हेतु तैयार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है नगर पंचायत उसका बाजार के ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने जनता से अपील की है कि वे ब्लैकआउट के समय सावधानी बरतें । ब्लैकआउट के दौरान इनवर्टर का प्रयोग ना करें और बल्ब आदि बंद रखे। कस्बा के विभिन्न वार्डो में गुरुवार को नगर पंचायत प्रशासन ने इस संबंधी प्रचार प्रसार , प्रचार गाड़ी से कराया है।

सरकारी हैंडपंप से पानी भरने पर मारपीट

ललितपुर। थाना बार के ग्राम जरावली निवासी कन्हैयालाल पुत्र राजधर ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी की शाम 5 बजे उसकी भतीजी अपनी भाभी के साथ मोहल्ले में लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। तभी वहां खड़े गोपाल पुत्र हल्लू अहिरवार ने उसकी भतीजी को पानी भरने से मना किया, जिसका विरोध करने पर उसने भतीजी के साथ मारपीट करते हुए गालियां दीं। शोरगुल होने पर बचाने पहुंचे श्यामसिंह व भागचंद्र के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

स्वास्थ्य समीक्षा में ढिलाई पड़ी भारी, डीएम ने काटा वेतन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आज देर सायं जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय (डीएचएस) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी एमओआईसी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, लेकिन समीक्षा के दौरान चार एमओआईसी अपने तैनाती स्थल के बजाय अन्य स्थानों से बैठक में शामिल पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक दशा में एमओआईसी का अपने तैनाती स्थल पर निवास अनिवार्य है। अपरिहार्य परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना तैनाती स्थल छोड़ना गंभीर अनुशासनहीनता है। जिलाधिकारी ने एमओआईसी भीतरगांव, चौबेपुर, कल्याणपुर और बिधनू का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी आभा आईडी, वेक्टर बॉर्न डिजीज और आरबीएसके सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित प्राथमिक जानकारी तक प्रस्तुत नहीं कर सके। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी ने बिना तैयारी के बैठक में आने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण तलब किया। आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा में घाटमपुर क्षेत्र में लापरवाही सामने आने पर संबंधित एमओआईसी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जन आरोग्य समिति के कार्यों की समीक्षा में सामने आया कि कृष्णा नगर, जूही, ग्वालटोली, जागेश्वर, बेनाझाबर, अनवरगंज और रामबाग सहित कुल आठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवंटित धनराशि का उपयोग नहीं किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने एनएचएम के नोडल अधिकारी डॉ कैलाश का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध वेइंग मशीन, इन्फैंटोमीटर और स्टेडियोमीटर बड़ी संख्या में खराब मिलने का मामला भी सामने आया। इनमें से कई उपकरण हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। जिलाधिकारी ने इस पर गहरी आपत्ति जताते हुए सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगने के साथ पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तलब की।आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में अब तक 8 लाख 64 हजार 21 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत 18 राजकीय और 178 निजी चिकित्सालय सूचीबद्ध हैं। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए सभी पंचायत सचिवों की आईडी शीघ्र जेनरेट कराने को कहा। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में 14 हजार 597 टीबी रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई जा रही है। टीबी उन्मूलन रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर जनपद 12वें स्थान पर है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ यूबी सिंह, डॉ रमित रस्तोगी, डॉ सुबोध प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार और जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंहा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने किया दीनदयाल वाटिका का लोकार्पण

कानपुर। आज दिनांक 22 जनवरी 2026 को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी (केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री, भारत सरकार) के प्रथम नगर आगमन पर फूलबाग स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय वाटिका स्थल पर सलिल विश्नोई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया तथा सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि से सुन्दरीकृत पं0 दीनदयाल वाटिका का लोकार्पण प्रदेश अध्यक्ष मा0 पंकज चौधरी जी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर विधायक विश्नोई के साथ हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित थे।

यूपी अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत में कानपुर में उमड़े भाजपाई : जाम से हुई भारी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर । उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद आज गुरुवार को पहली बार कानपुर आए पंकज चौधरी के स्वागत में भाजपायों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कई जगह जाम लगने के फलस्वरूप राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं में आपस में भिड़ंत भी हुई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आगमन पर इस भव्य स्वागत के दौरान जाजमऊ से शहर में प्रवेश करते समय गंगा के रास्ते नावों से केसरिया गुब्बारे भी उड़ाए गए। इस अनोखे स्वागत में मछुआरा समाज की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। इस बीच गंगा घाट से लेकर शहर की सीमा तक उत्साह का माहौल नजर आया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षपंकज चौधरी के स्वागत कार्यक्रम में कानपुर समेत आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन के जरिए प्रदेश अध्यक्ष पर फूल बरसाए। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। यही नहीं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जाजमऊ और आसपास के मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी, जिससे राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा। आज गुरुवार को यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत को भव्य बनाने के लिए जाजमऊ स्थित स्वागत स्थल पर करीब 200 किलो फूलों की व्यवस्था की गई थी। रोड शो के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। उनके स्वागत के दौरान सांसद रमेश अवस्थी ,विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व विधायक अजय कपूर ,महापौर प्रमिला पांडे, कानपुर बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित सभी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश दिवस पर कारीगरों को टूलकिट्स वितरण व ग्राम प्रधान होगें सम्मनित

प्रतापगढ़। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी के अवसर पर उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड प्रतापगढ़ द्वारा परम्परागत कारीगरों को टूल किट्स एवं जनपद के प्रत्येक वि0ख0 के 2-2 चयनित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जा जाएगा। उन्होने बताया है कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कुम्हारीकला की विधा से सम्बन्धित 05 कारीगरों को निःशुल्क चाक वितरण व मिट्टी गुथाई हेतु पगमिल का वितरण किया जायेगा। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड के दो-दो ग्राम प्रधानों को 2 हजार रूपए पुरस्कार एवं अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया जायेगा। विभाग से वित्त पोषित इकाईयों में आंवला एवं माटीकला के स्टाल लगाये जायेंगे।

बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी

● ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को रौंदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

घाटमपुर। नौबस्ता के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, गंभीर रूप से घायल युवक को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया, युवक के पिता की नौ महीने पहले ही मौत हो गई थी, घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली को ज़ब्त कर लिया, केशव नगर निवासी राहुल दुबे 24 वर्ष फ्लैक्स मशीन का काम करते थे, परिवार में मां कंचन और बहन दिव्यांशी हैं पिता अशोक दुबे की 2025 में मौत हो गई थी,ममेरे भाई अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि सुबह राहुल अपने काम से नौबस्ता की ओर बाइक से जा रहा था, वह दासू कुआं के पास पहुंचा ही था, तभी पीछे से आ रहा ट्रैक्टर ट्राली मोरंग से लदीं थी, जिसने बाइक में टक्कर मार दी, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया, हनुमंत विहार थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को ज़ब्त कर लिया गया है, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान का सातवां चरण शुरू, 51 टीमें हुई रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु सातवें चरण का टीकाकरण अभियान गुरुवार से प्रारम्भ हो गया है। इस अभियान का शुभारम्भ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा विकास भवन परिसर से 51 टीकाकरण टीमों को टीकाकरण किये जाने हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण (04 माह से छोटे एवं 08 माह से ऊपर गाभिन पशुओं को छोड़कर) किया जाएगा। टीकाकरण अभियान 22 जनवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक कुल 45 दिनों तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, जनपद के सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।खुरपका-मुंहपका एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण से पशुओं में तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह एवं पैरों में छाले, चारा न खाना तथा दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिलती है। गाभिन पशु बच्चा गिरा देती है तथा समय पर उपचार न मिलने पर पशु की मृत्यु भी संभव है। यह रोग विशेष रूप से विदेशी नस्ल की गायों को अधिक प्रभावित करता है। इस रोग से बचाव के लिए टीकाकरण ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार द्वारा पोषित एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित है, जिसके अंतर्गत पशुपालकों के द्वार पर निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण के साथ-साथ पशुओं का पंजीकरण कर 'भारत पशुधन एप' पर डाटा अपलोड किया जाएगा। रजिस्टर्ड पशुओं को सरकार की विभिन्न योजनाओ जैसे पशुधन बीमा योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक योजना, दैविक आपदा राहत योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। पशुपालन विभाग द्वारा जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की गई है कि वे टीकाकरण अभियान के दौरान टीकाकर्मियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें, अपने सभी पात्र पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं एवं उनका पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

सपाइयों ने जनेश्वर मिश्र की सोलहवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री जे पी आन्दोलन के योद्धा पं0 जनेश्वर मिश्र की सोलहवीं पुण्य तिथि पर सपा हाल में दिन में युवा सेमिनार सपा महानगर अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। कार्यक्रम संयोजक रजत मिश्रा थे। सर्व प्रथम नगर अध्यक्ष फजल महमूद ने पं0 जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण किया और सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी नेता पं0 जनेश्वर मिश्र सदैव संघर्ष रहे। वे जेपी आन्दोलन के महान योद्धा डा0 राममनोहर लोहिया तथा मुलायम सिंह की नीतियों पर चलकर देश में नवजवानों को जोड़ कर संघर्ष करके देश में परिवर्तन का सन्देश दिया।

अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा देश महंगाई के साथ बेरोजगारी बढ़ रही है। आज देश में लाखो नवजवान बेरोजगार है लेकिन भाजपा सरकार नवजवानों को नौकरी देने में अनदेखी कर रही है और दूसरी ओर विदेशी कम्पनीयों को देश में निजीकरण का बढ़ावा देकर देश में लघु उद्योगों को चौपट किया जा रहा है जिसकी वजह से बेरोजगारी की स्थिति भयावह होती जा रही है। अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि सपा साधु सन्तो का सम्मान करती है लेकिन प्रदेश भाजपा सरकार शंकराचार्य का अपमान करके किस संस्कृति को बढ़ावा दे रही है? जिसकी वजह भाजपा सरकार संस्कृति की उपेक्षा कर, सत्ता के मद में साधु सन्तो के साथ दुर्व्यवहार कर रही है जिससे जनता में असन्तोष लहर जन्म ले रही है। सपा इस बात पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करती है कि सत्ता मद में सन्तो का अपमान, भाजपा का घमन्ड ले डूबेगा।

विद्यार्थियों ने रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

सिद्धार्थनगर। शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में गुरुवार को एनएसएस इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। छात्रों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने व अन्य लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। जागरूकता रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गड़ाकुल तिरंगा तिराहा तक भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस दौरान डॉ. ए के सिंह, डॉ. रामकिशोर सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. अजय सिंह, रत्नेश सोनी, राजीव मिश्रा, अश्वनी सिंह, राजीव वर्मा, प्रतीक तथा छात्र-छात्राएं शिवांगी, ज्ञानमती, मोहम्मद फारूक आदि मौजूद रहे।

तीस लाख कीमत के नशीले पदार्थ समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। नौबस्ता पुलिस ने तीस लाख कीमत के नशीले पदार्थ समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से नाजायज गांजा 1420 ग्राम, चरस 115 ग्राम, व भूरा पाउडर 20 ग्राम बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि उ0नि0 सुशील कुमार, उ0नि0 अजीत चौधरी, उ0नि0 अजय कुमार, उ0नि0 सागर यादव व का0 विपुल राठी द्वारा यशोदानगर चौराहा पर चेकिंग कर रहे थे कि एक राहगीर ने गुजरते हुये बताया कि नौबस्ता बाईपास रोड विराटनगर कट के अन्दर रोड पर एक संदिग्ध स्कोर्पियो कार खड़ी है, उक्त सूचना पर मौके पर तलब कर राहगीर द्वारा बताये स्थान पर आये तो नौबस्ता बाईपास रोड विराटनगर कट के पास अंधेरे में सफेद रंग की स्कोर्पियो गाड़ी खडी दिखी, जिसमें कुछ संदिग्ध लोग बैठे हुए दिखाई देने पर दबिश देकर घेरघार कर खड़ी गाड़ी को टार्च की रोशनी दिखाते हुये घेर लिया। गाड़ी में सवार व्यक्तियों को गाड़ी से उतरने हेतु बताया गया तो गाड़ी से 2 पुरुष व 1 महिला बाहर उतरे जिन्हें पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी की तलाशी लेने से पुर्व उक्त व्यक्तियों से पूछा गया कि आपके पास या आपके वाहन में कोई संदिग्ध वस्तु इत्यादि तो नहीं है जिस पर वह शांत पुनः सख्ती से पूछा तो चुप हो गये । उक्त व्यक्तियों से जामातलाशी लेते हुये नाम पता पूछते हुए आवश्यक नियमों का पालन करते हुये संदिग्ध वाहन की तलाशी ली गयी तो स्कार्पियो गाड़ी के बीच वाली सीट पर एक पीले रंग के थैले में 10 अदद पुड़िया गांजा व नाजायज खुला गांजा वजन 1460 ग्राम व एक सफेद पालीथीन में 03 अदद पुड़िया भूरा पाउडर वजन 20 ग्राम व एक काली पालीथीन में 115 ग्राम नाजायज चरस (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 30 लाख रूपये), कुल 1,06,780 रुपये नगद व 02 अदद डिजिटल तराजू बरामद हुए।

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी कार्यालयों में दिलायी जायेगी मतदाता शपथ

स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में निबन्ध, वाद-विवाद, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता का होगा आयोजन

प्रतापगढ़। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या अथवा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओ में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु ''माई इण्डिया, माई वोट'' विथ द टैगलाइन ऑफ सिटिजेन एट द हार्ट ऑफ इण्डियन डेमोक्रेसी के विषय पर विभिन्न गतिविधियों यथा निबन्ध, वाद-विवाद, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी कार्यालयों में आयोग के निर्देशानुसार समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया है।

भौंरट बांध परियोजना में अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग

पुनर्वास, मकान और परिसंपत्तियों का नहीं मिला मुआवजा

ग्रामीणों ने जल संसाधन मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के लखनऊ आवास पर गुहार लगाई

ललितपुर। तहसील महरौनी के ग्राम छपरट के दर्जनों विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने कृषि भूमि, आवासीय मकानों, ट्यूबबेल, हैंडपम्प, फलदार, इमारती पेड़ों और बगीचों का अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। घरों का मुआवजा नहीं मिलने से लोग अपने घर नहीं बना पा रहे हैं। पुराने मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जब विभागीय अधिकारियों से मांग की जाती तो टालमटोल कर प्रभावितों को टरका दिया जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें 2022-23 में बड़े हुए सर्कल मूल्य डूब क्षेत्र में लागू किए जाने की मांग करते हुए कहा कि जिले में कृषि भूमि 15 लाख रुपए प्रति एकड़ चल रहा है। जबकि उन्हें 8 लाख रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने मंत्री से शीघ्र और उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। मांग करने वालों में जगदीश सिंह ने किया, उनके साथ काशीराम, मानकदास, गज्जू, रामकली, बड़ी बहू, प्रीतम, चंद्रभान, अमान, ज्ञासीराम, मानकुंवर, जखौरा बाई, बड़ी बहू, गुडडी बाई, कामता प्रसाद, राजकुमार, जानकी, घंसू, भगवत आदि रहे।

नाबालिक बालिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर- जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी जोगिंदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर नाबालिग को ब्लैकमेल करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। यह गिरफ्तारी गुरुवार को हुई। नाबालिग युवती ने बीते 17 जनवरी की शाम जहर खा लिया था। बताया जाता है कि आरोपी द्वारा लगातार ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना के कारण उसने यह कदम उठाया। गंभीर हालत में उसे डुमरियागंज, बेवा और बस्ती होते हुए गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए । इलाज के दौरान मंगलवार की भोर में युवती की मौत हो गई। मौत से पहले युवती ने एक वीडियो बनाया था, जिसमें उसने आरोपी का नाम लेते हुए उसे अपनी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया था। यह वीडियो मामले में अहम साक्ष्य माना जा रहा है। मृतका की भाभी की तहरीर पर डुमरियागंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, आईटी एक्ट और आत्महत्या के लिए उकसाने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मृतका के वीडियो बयान, कॉल डिटेल, चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को इकट्ठा किया। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश यादव ने बताया कि आरोपी जोगिंदर ग्राम कुड़ी का निवासी है उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कांग्रेस कमेटी कोन की पहल पर लोगों ने चंदा इकट्ठा कर कराया पुलिया मरम्मत, लोगों को मिली राहत

● कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की पहल को लोगों ने किया सराहना, आवागमन चालू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोन / सोनभद्र - नव सृजित विकास खण्ड कोन अंतर्गत रोरवा से गीधिया मार्ग पर ढोढ़ियाही बंधवाखाडी में आर एस विभाग से बना पुलिया वर्षो से ध्वस्त पड़ा था जहाँ आय दिन बाईक सवार आदि चोटहिल हो रहे थे। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा स्थानीय जन प्रतिनिधि, संबंधित विभाग सहित विधायक/ सांसद को अवगत कराया गया था पर उक्त मामले पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। बतातें चलें कि यह मार्ग भालुकूदर अजनिया गीधिया के लोगों के प्रमुख मार्ग है जिसका निर्माण लगभग आठ वर्ष पहले आर एस विभाग से बना था जो अपने आप विभाग का पोल खोल दी है। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर भ्रष्टाचार की मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने वाले सरकार में गुणवत्ता विहीन कार्य कैसे हुआ। कुछ जानकारों का कहना है कि कार्यो की समय समय पर टेक्निकल जाँच क्यों नहीं होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया जिससे पुलिया ध्वस्त हो गई और संबंधित विभाग की पोल खोल दी। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा कांग्रेस कमेटी कोन के पदाधिकारियों के सामने पुलिया मरम्मत की मांग रखी जिस पर ब्लॉक कांग्रेस महासचिव ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए पुलिया मरम्मत कराने का आश्वासन दिया । जिसके क्रम में उनके द्वारा ग्रामीणों साथ बैठक किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर से चंदा एकत्रित कर पुलिया निर्माण कराने की सहमति दे दी । तत्पश्चात ग्रामीणों ने सहयोग के रुपये से मरम्मत कार्य पूरा हो सका । निर्माण कार्य में मुख्य रूप से योगदान देने वालों में सीताराम यादव कामेश्वर, सीताराम, शंकर, आकाश, रंजन सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे, जिसकी लोगों ने सराहना किया।

बहुजन समाज पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अनपरा /सोनभद्र- अनपरा तापीय परियोजना कॉलोनी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर भवन में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वोटर लिस्ट का निरीक्षण तथा छूटे हुए व्यक्तियों का सूची में नाम जुड़वाने हेतु सैक्टर स्तरीय पदाधिकारी गड़ को दिशा निर्देश दिया गया तथा आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने हेतु मार्ग दर्शन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

सीएचसी राठ में आयोजित हुआ मानसिक स्वास्थ्य शिविर

हमीरपुर :- राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार के दिन मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी राठ के अधीक्षक एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार यादव ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 156 मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 39 मरीजों को उपचार प्रदान किया गया तथा आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं। यह शिविर डॉ. नीता, मनोवैज्ञानिक, हमीरपुर द्वारा संचालित किया गया। शिविर में अवसाद (डिप्रेशन), चिंता (एंग्जायटी), तनाव, बाइपोलर डिसऑर्डर, व्यक्तित्व एवं व्यवहार संबंधी विकारों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। डॉ. अरविंद कुमार यादव ने बताया कि सरकार द्वारा आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविरों से समाज में जागरूकता बढ़ रही है तथा मरीजों को समय पर उचित उपचार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), हमीरपुर द्वारा विशेष रुचि लेते हुए जनपद के सभी ब्लॉकों में नियमित एवं समयबद्ध रूप से मानसिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है। इस शिविर को आम जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई तथा यह मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में उपयोगी सिद्ध हुआ।

नदी जीर्णोद्धार की आड़ में हो रहा अवैध खनन, वीडियो वायरल

हमीरपुर :- बुधवार से सोशल मीडिया में एक भृष्टाचार को उजागर करता वीडियो जमकर वायरल हो रहा है ,जिसमे एक व्यक्ति नदी किनारे खडा ट्रैक्टर में बालू भरवाता दिखाई दे रहा है वायरल वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति तहमद और कुर्ता पहने दाढी रखे नजर आ रहा हैं। वहीं वीडियो वायरल करने वालों का कहना है कि वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति मदारपुर ग्राम प्रधान अब्दुल्ला मौलाना है। और वह स्वयं चंद्रावल नदी में जीर्णोद्धार के नाम पर बजरा निकाल कर बिकवा रहा है।हालांकि स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र द्वारा वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जाती है। फिर भी वीडियो सोशल मीडिया में सुर्खिया बटोर रहा है और लोग वीडियो को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। वहीं इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह ने बताया कि, मामला संज्ञान में आया है उन्होंने खनिज विभाग को लिख दिया है खनिज विभाग द्वारा जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

अब मुंबई-वाराणसी नहीं, प्रयागराज में ही टाटा स्तर का कैंसर इलाज

ब्यूरो प्रयागराज। वर्षों से कैंसर पीड़ितों की मजबूरी रही है–इलाज के लिए मुंबई या वाराणसी के चक्कर, भारी खर्च और समय की मार। लेकिन अब यह तस्वीर बदलने वाली है। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय एसआरएन में जल्द ही टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जैसी उन्नत कैंसर जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की ठोस पहल शुरू हो चुकी है। इस बदलाव की नींव 22 से 24 जनवरी के बीच एमएलएन मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में पड़ने जा रही है, जहां एक राष्ट्रीय संगोष्ठी और कार्यशाला आयोजित होगी। यह आयोजन सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रयागराज को कैंसर उपचार के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है।प्रेस क्लब में जानकारी देते हुए पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कचनार वर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला टाटा कैंसर संस्थान, मुंबई के सहयोग से आयोजित की जा रही है।इसमें टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के मुंबई, दिल्ली और वाराणसी केंद्रों से जुड़े करीब 20 वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ सीधे तौर पर शामिल होंगे। इनके साथ एम्स दिल्ली, पटना और देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यशाला का फोकस केवल इलाज नहीं, बल्कि समय रहते कैंसर की सटीक पहचान और नई उपचार तकनीकों पर रहेगा। पहले दिन क्लीनिकल- पैथोलॉजी मीटिंग और ट्यूमर बोर्ड का आयोजन होगा, जहां जटिल मामलों पर गहन चर्चा की जाएगी। इसमें पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन, सर्जन और प्रयोगशालाओं में कार्यरत तकनीकी विशेषज्ञ एक ही मंच पर बैठकर उपचार की दिशा तय करेंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से एसआरएन अस्पताल में कैंसर के मरीजों को न सिर्फ समय पर जांच और सलाह मिलेगी, बल्कि भविष्य में उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन भी नहीं करना पड़ेगा। प्रयागराज के लिए यह संगोष्ठी सिर्फ तीन दिन का आयोजन नहीं, बल्कि कैंसर के खिलाफ एक लंबी और निर्णायक लड़ाई की शुरुआत मानी जा रही है।

बजट सत्र से पहले केंद्र सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, 27 जनवरी को होगी मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

केंद्र सरकार ने बजट सत्र से पहले 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई है. यह बैठक विधायी कार्यों पर चर्चा के लिए होगी. संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा, जिसमें राष्ट्रपति का अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा। 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई है. ये बैठक 27 जनवरी सुबह 11 बजे होगी. इसमें विधायी कार्यों और संसद में आने वाले कुछ अन्य विषयों को लेकर चर्चा होगी. संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा. पहले दिन राष्ट्रपति का दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) का अभिभाषण होगा। आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जाएगा। इसके बाद केंद्रीय बजट एक फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा. सत्र का पहला हिस्सा 28 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा. पहले हिस्से में दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी. पीएम मोदी दोनों सदनों में चर्चा का जवाब देंगे. सत्र का दूसरा हिस्सा नौ मार्च से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा।

बिजली वितरण कंपनियों को मिल सकती है बड़ी राहत

उधर, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बीते दिन कहा था कि बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के घाटे को कम करने के लिए लागत-अनुरूप शुल्क की अवधारणा को विद्युत संशोधन विधेयक में शामिल किया गया है. इसे बजट सत्र में पेश किया जा सकता है. केंद्रीय मंत्री ने ये बातअखिल भारतीय बिजली वितरण कंपनियों के संघ (एआईडीए) के पहले वार्षिक सम्मेलन ईडीआईसीओएन

2026 को संबोधित करते हुए कही थी।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने और क्या कहा?

उन्होंने कहा था, इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई वैल्यू चेन प्रोडक्शन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में बिजली वितरण कंपनियां अहम कड़ी हैं.बिजली वितरण कंपनियां उपभोक्ताओं को बी2सी (व्यवसाय-से-उपभोक्ता) सेवाएं प्रदान करती हैं. सेवा गुणवत्ता और अन्य मुद्दों पर ग्राहकों की शिकायतें सबसे पहले इन्हीं के पास आती हैं।

किशोरी को अगुवा कर ले जाने वाला हिष्ट्रीसीटर पकड़ा गया

हमीरपुर :- बीते मंगलवार के दिन जनपद के बिवांर थाना क्षेत्र के महेरा गांव से किशोरी की अगुवा करके ले जाने वाले हिष्ट्रीसीटर आरोपी रिंकू उर्फ डूंगर सिंह को स्थानीय पुलिस ने किशोरी समेत पकड़ लिया।थाना प्रभारी नन्दराम प्रजापति ने बताया कि घटना के बाद आरोपी की पकड़ना एक बड़ी चुनौती बन गई थी ,जिसके लिए तीन टीमें लगाई गई थीं।बताया कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसिस और मुखबिर की सूचना पर आरोपी को जल्ला से महेरा जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास से बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार किया गया।आरोपी से एक 315 बिर तमंचा एक जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है।वहीं सूत्रों की मानें तो आरोपी और किशोरी दोनों सीमावर्ती जनपद से बरामद किया गए हैं।थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी युवक को जेल भेजा गया और किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए भेज गया है।

सियार के हमले में वृद्धा गंभीर,वन विभाग कर रहा पकडने की जद्दोजहद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुर :- सरीला विकासखण्ड क्षेत्र के खेड़ाशिलजीत गांव में बुधवार को एक पागल सियार ने खेत में काम कर रही बुजुर्ग महिला पर अचानक हमला कर दिया। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। खेड़ाशिलजीत निवासी कुपजा रानी उम्र 65 अपने निजी ट्यूबवेल पर जानवरों के लिए हरियाली काट रही थीं। इसी दौरान जंगल की ओर से आए एक सियार ने उन पर हमला बोल दिया। सियार ने महिला के दोनों हाथों में बुरी तरह काट लिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने शोर मचाकर किसी तरह सियार को भगाया और घायल महिला को बचाया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायल महिला के भतीजे कल्लू श्रीवास ने

बताया कि सियार पागल प्रतीत हो रहा था और बेहद आक्रामक था। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सियार को पकड़ने की मांग की है। घायल कुपजा रानी को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं इस संबंध में जब डिप्टी रेन्जर सरीला सुरजीत से बात की तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, सियार को पकड़ने के लिए मौके पर टीम भेजी गई है, जाल लगाया जा रहा है।

माघ मेले में शंकराचार्य के अपमान की निंदा उमाशंकर तिवारी, दोषी के कारवाई अविलंब हो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली- शंकर राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मौनी अमावस्या के दिन संगम तट पर स्नान से रोके जाने के मामले में भारतीय महासंघ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी ने रोष जताया है। उसने कहा कि यह घटना न केवल धर्म और आस्था के दृष्टिकोण से अस्वीकार्य है, बल्कि प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करती है। उन्होंने योगी प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस घटना की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। आगे उमाशंकर तिवारी ने कहा कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य हिंदू धर्म के सर्वोच्च संतों में से एक है और ऐसे में उनका अपमान अत्यंत दुखद और दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्वयं को हिंदूओ का संरक्षक बतातीं है जबकि उनके सर्वोच्च

संतों का सार्वजनिक अपमान किया जा रहा है। ए अपमान सनातन धर्म का अपमान है, उत्तर प्रदेश जैसे धार्मिक राज्य जहां भगवान राम और कृष्ण जन्म भूमि और गंगा जैसे पवित्र नदी के तट पर ऐसा घोर अत्याचार घोर आन्या है।तीवारी ने कहा कि आज पुरा देश आदरणीय शांकरा चार्य जी के साथ खड़ा है, यह भूल नहीं एक सोची समझी रणनीति के तहत सनातन के खिलाफ साज़िश है। उन्होंने घटना में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उमाशंकर तिवारी कह की अगर अविलंब दोषी संलिप्त अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है तो पुरे उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के खिलाफ अनशन कर विरोध प्रकट किया जायेगा।

रात के अंधेरे में ढहा दी पानी की टंकी

हमीरपुर :- सुमेरपुर विकासखण्ड में इंगोहटा गांव के बस स्टैंड में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई सार्वजनिक प्याऊ पानी की टंकी को अराजक तत्वों ने जेसीबी मशीन से ढहा दी ,जिससे लोगों में आक्रोश है। इंगोहटा के बस स्टैंड पर यात्रियों और व्यापारियों की प्यास बुझाने के लिए पूर्व प्रधान द्वारा निर्मित पानी की टंकी को अज्ञात लोगों ने रातों-रात मलबे में तब्दील कर दिया। एक लाख रुपये से अधिक की लागत से बनी यह टंकी ग्रामीणों के लिए लाभकारी थी। लेकिन अराजकतत्वों ने बिना किसी डर के जेसीबी मशीन चलाकर शासन के धन को मिट्टी में मिला दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरुप्रताप सिंह परिहार ने पुलिस को तहरीर देकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

चादरपोशी में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

● भजनों के कार्यक्रम में दिखेगी हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुर :- क्षेत्र के मशहूर सूफी संत हजरत पीर सुर्खरू बाबा का सालाना उर्स बड़ी धूमधाम अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया जा रहा है, जिसमे बुधवार रात नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया जबकि गुरुवार सुबह कुरान ख्वानी और चादर पोशी के साथ लंगर का आयोजन किया गया जबकि देर रात तक मजार पर कव्वालियों की महफिल चलती रही।हजरत पीर बाबा के दरबार की मान्यता है कि किसी के भी शरीर में कीडे लग जाएं और सारे डाक्टर जहाँ हाथ खडे कर दें वहीं इनके आस्ताने की खाक यानी मिट्टी लगाने मात्र से

कीडे निकल जाते हैं।इनकी तारीफ में कहा जाता है, 'न हो आराम जिस बीमार को सारे जमाने से, उठा ले जाए थोड़ी खाक इनके आस्ताने से '। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत पीर सुर्खरू बाबा का सालाना उर्स बुधवार से शुरू हो गया जिसमें बुधवार को बाद नमाज़ इशा मजार में शानदार नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्रीय और बाहरी शायरों ने शानदार कलाम पेश किये। वहीं गुरुवार को सुबह बाद नमाज़ फजिर मजार पर कुरान ख्वानी, दोपहर बाद नमाज़ जोहर फातिहा व लंगर और बाद नमाज़ असर चादर पोशी हुई, चादरपोशी और लंगर में अकीदत मंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। जबकि बाद नमाज़ इशा शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम हुआ जो देररात तक चलता रहा जिसमे क्षेत्रीय और बाहरी कव्वालों ने अपनी कव्वालियां पेश की। वहीं आज शुक्रवार सुबह कुल की फातिहा और बाद नमाज़ जुमा भजनो के कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा।

विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई बालविवाह के दुष्परिणामों की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुर :- जनपद मुख्यालय के अवतार मेहेर बाबा हाईस्कूल में गुरुवार के दिन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं उनको रोके जाने की व्यवस्था तथा पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। सचिव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने व कराने वाले तथा उत्प्रेरित करने वाले व्यक्ति को 2 वर्ष की तक की सजा व एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। जितना दोषी बाल विवाह करने वाला है उतना ही दोषी बाल विवाह

करने, कराने वाला व्यक्ति या संस्था या पण्डित, मौलवी, पादरी या अन्य कोई भी हो वह भी है। इस अवसर पर सचिव महोदय द्वारा बाल विवाह रोके जाने हेतु नालसा द्वारा चलायी जा रही योजना ''आशा'' के तहत जारी एस0ओ0पी0 पर भी चर्चा की गयी। सचिव महोदय द्वारा कहा गया कि बाल विवाह एक तरह की सामाजिक बुराई है जिसे दूर करने के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा तभी हम एक स्वस्थ भारत एवं विकसित भारत का निर्माण करने में सक्षम हो सकेगे। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक, अध्यापकगण, जिला प्रोबेशन से शशि तिवारी व उनकी टीम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कार्यालय लिपिक मो0 असलम व परा विधिक स्वयं सेवक छाया प्रजापति, नीरज विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुर :- उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भानु प्रताप सिंह ने गुरुवार के दिन कुरारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरिक्षण किया ,जहां उन्होंने मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना और अन्य को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में पहुंचकर ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, फार्मेसी, आयुष्मान भारत डेस्क, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जन औषधि केंद्र का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता,

रख-रखाव तथा पोर्टल के अनुसार कार्य किए जाने की स्थिति की जांच की गई। उन्होंने यह भी देखा कि मरीजों को बाहर की दवाएं तो नहीं लिखी जा रही हैं। डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि निरीक्षण के समय सीएचसी में चार मरीज भर्ती मिले, जिनसे उपचार और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल, फार्मासिस्ट योगेंद्र यादव, सुधीर साहू, ग्यास बेग मिर्जा, जितेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

बसंत पंचमी केवल पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, साधना और पवित्रता का प्रतीक है

ब्यूरो प्रयागराज। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्री अनंत महादेव सेवा शिविर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान आचार्य सुशील महाराजने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, साधना और पवित्रता का प्रतीक है। इस दिन गंगा स्नान करने से मन, तन और आत्मा की शुद्धि होती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सुशील महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी मां सरस्वती को समर्पित पर्व है, जो विद्या, बुद्धि और विवेक की अधिष्ठात्री देवी हैं। इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया स्नान, जप और ध्यान विशेष फलदायी होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे श्रद्धा और संयम के साथ संगम में स्नान करें तथा पर्व की गरिमा बनाए रखें। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार बसंत पंचमी के दिन किया गया पुण्य कर्म कई गुना फल देता है। माघ मास में स्नान का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह समय तप, त्याग और साधना का माना गया है। ऐसे में बसंत पंचमी पर किया गया गंगा स्नान मोक्ष की ओर अग्रसर करने वाला होता है।

सपा कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र की जयंती पर श्रद्धांजलि

नैनी, प्रयागराज। गुरुवार को मेवा लाल बगिया चौराहा स्थित सपा कार्यालय में समाजवादी चिंतक पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।मुख्य रूप से सपा नेता सुभाष चंद केसरवानी, मो अजहर,सत्य गोपल यादव, बच्चा जायसवाल,मुकेश जायसवाल, अनील जायसवाल, राजू पटेल, धीरु यादव,मो तारीख, राम मिलन यादव,सुरेश यादव, राजेश केसरवानी, आदि रहे।

आईसीसी के अल्टीमेटम के बाद बीसीबी का चौंकाने वाला फैसला, टी20 वर्ल्ड कप का बांग्लादेश ने किया बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने गुरुवार को पुष्टि की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश के विश्व कप मैचों को भारत से बाहर स्थानांतरित करने के अनुरोध को अस्वीकार किए जाने के बाद भी बीसीबी भारत में आईसीसी पुरुष विश्व कप मैच न खेलने के अपने निर्णय पर अडिग है। आईसीसी ने बुधवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए बीसीबी के मैचों को भारत से बाहर स्थानांतरित करने के अनुरोध को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अस्वीकार कर दिया। यह कॉन्फ्रेंस आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए आयोजित

की गई थी। टी20 विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा, जिसकी सह-मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने पत्रकारों से कहा हम आईसीसी के साथ बातचीत जारी रखेंगे। हम विश्व कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में नहीं खेलेंगे। हम संघर्ष करते रहेंगे। आईसीसी बोर्ड की बैठक में कुछ चौंकाने वाले फैसले लिए गए। मुस्तफिजुर का मामला कोई अलग-थलग मुद्दा नहीं है। उस मामले में (भारत) एकमात्र निर्णय लेने वाला था।

श्यामनाथ रेलवे क्रॉसिंग आज से 25 जनवरी तक बंद ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते फ़ैसला, सुबह 10 बजे से आवागमन प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर- जनपद सीतापुर में शहर के लोगों को आज सुबह 10 बजे से आगामी चार दिनों तक यातायात संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उत्तर रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार सीतापुर सिटी स्टेशन स्थित श्यामनाथ रेलवे क्रॉसिंग (गेट संख्या 51) को ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार सुबह 10 बजे से बंद कर दिया गया है यह रेलवे फाटक 22 जनवरी से 25 जनवरी की शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का वाहनों का आवागमन क्रॉसिंग से नहीं हो सकेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेल पटरियों की मरम्मत और तकनीकी कार्य को सुरक्षित तरीके से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। कार्य के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फाटक को पूरी तरह बंद रखा जाएगा उत्तर रेलवे ने इस संबंध में पत्र जारी कर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को पहले ही अवगत करा दिया है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से इमलिया और गोला रोड की ओर जाने वाले वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना होगा। प्रशासन द्वारा तय किए गए रूट के अनुसार अब वाहन अमीरनगर और सलेमपुर अलीरजा नगरा रोड से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे इसके लिए संबंधित मार्गों पर संकेतक भी लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। फाटक बंद रहने के कारण सुबह और शाम के समय यातायात का दबाव वैकल्पिक मार्गों पर बढ़ने की संभावना है ऐसे में पुलिस और ट्रैफिक विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्गों पर तैनाती बढ़ाई जाएगी ताकि जाम की स्थिति न बने। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें साथ ही समय से पहले घर से निकलकर यात्रा की योजना बनाएं, जिससे किसी तरह की परेशानी से बचा जा सकें!!

संसार में मित्रता से पवित्र रिश्ता नहीं होता -कथा व्यास योगेश महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हमीरपुर :- सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव के बड़ी देवी मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा में बृहस्पतिवार के दिन सुदामा चरित्र कथा सुनाई गई।कथा व्यास योगेश महाराज ने कथा में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का अत्यंत ही हृदयस्पर्शी चित्रण किया।कथा सुनाते हए कहा कि सुदामा अत्यंत ही दरिद्र ब्राह्मण थे लेकिन दरिद्र होते हुए भी इतने स्वाभिमानी थे कि गरीबी में रहने के बाद भी उन्होंने अपने बचपन के सखा भगवान कृष्ण को कभी भी अपनी दरिद्रता नहीं बताई ।वहीं करुणा के सागर द्वारिकाधीश ने जैसे ही द्वारपाल से अपने मित्र के आने की सूचना सुनी तो वे दौड़े-दौड़े अपने बचपन के सखा को लेने द्वार पर चले आए और उन्हें अपने आसन पर बैठाकर उनके चरण पखारे।इतना अगाध प्रेम कि 'पानी परात को हाँथ छुओ नहीं ,नैनन के जल सो पग धोए '।दोनों मित्रों में इतना प्रेम देखकर देवता भी हतप्रभ हो गए और भेंट स्वरूप सुदामा जी की पत्नी द्वार दिए गए चावल भी इतने प्रेम से खाए जैसे राजसी भोग हो।मित्र के बिना कहे ही उन्हें दोनों लोकों की सम्पदा दे दी।कथा व्यास ने कहा कि मित्रता से पवित्र कोई रिश्ता नहीं होता।दोहा सुनाते हुए कहा ,गुरु संग कपट मित्र संग चोरी होवे दरिद्र कि होवे कोढ़ी ,इसलिए मित्र के साथ कभी भी छल का भाव नहीं रखना चाहिए।श्रोता गण कृष्ण और सुदामा की कथा सुन भावविभोर हो गए। बृहस्पतिवार के दिन हुई इस अंतिम दिन की कथा के बाद सुखदेव पूजन और भागवत पूजन किया गया। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य , रोहित तिवारी, प्रदीप अवस्थी ,

आर्गन वादक मिथलेश , नालवादक राजू मस्ताना , परीक्षत आशुतोष व्यास, रिया व्यास, व्यवस्थाप प्रेम नारायण व्यास , सुनील व्यास वीरपाल सिंह, सुखवीर सिंह, मोनू व्यास, सुलखान सिंह, प्रधान शिवहरे, धीरज चौरसिया आदि का विशेष सहयोग रहा। दूसरी तरफ मौदहा विकासखण्ड के चंद्रावल तट पर बसे ग्राम छिमौली स्थित गोसाई बाबा महोत्सव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बृहस्पतिवार को कथा व्यास ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास गोसाई महाराज ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी,तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता।इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व

माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया।प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगदुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सुशीला निषाद ,लालाराम लालाराम निषाद, उत्तम सिंह, मीलू निषाद, विनोद कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया।